रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 20 जनवरी 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 151 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### पीएम मोदी जारी करेंगे पीएम आवास योजना की राशि

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 जनवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उत्तर प्रदेश के 6.1 लाख लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत लगभग 2691 करोड़ रुपये की सहायता राशि जारी करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी उपस्थित रहेंगे। इस सहायता से 5.30 लाख ऐसे लाभार्थी होंगे जिन्हें आर्थिक सहायता की पहली किस्त प्राप्त होगी जबकि 80 हजार लाभार्थियों को दूसरी किस्त मिलेगी। प्रधानमंत्री ने '2022 तक सभी को घर' दिये जाने का आह्वान किया था, जिसके लिए 20 नवंबर, 2016 को पीएमएवाई-जी योजना का शुभारंभ किया गया था।

### भारत ने ब्रिस्बेन में रचा इतिहास, 2-1 से जीती सीरीज

**ब्रिस्बेन।** युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (91), टीम इंडिया की दीवार चेतेश्वर पुजारा (56) और प्रतिभाशाली विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत (नाबाद 89) की करिश्माई बल्लेबाजी से भारत ने ब्रिस्बेन के गाबा मैदान में ऑस्ट्रेलिया को चौथे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के पांचवें दिन मंगलवार को तीन विकेट से हराकर नया इतिहास रच दिया। भारत ने पहली बार ब्रिस्बेन में टेस्ट जीत हासिल की और चार मैचों की सीरीज को 2-1 से जीत कर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर अपना कब्जा बरकरार रखा। भारत को इस मुकाबले को जीतने के लिए 328 रन का लक्ष्य मिला था।

### तीन दिन में पौने चार लाख से अधिक लोगों का टीकाकरण

**नयी दिल्ली।** देश में कोविड-19 टीकाकरण अभियान शुरू होने के प्रारंभिक तीन दिनों में पौने चार लाख से अधिक लोगों को टीका लगाया जा चुका है। प्राप्त रिपोर्टों के मुताबिक प्राथमिकता वाले समूह में शामिल 3.81 लाख से अधिक लोगों का अब तक टीकाकरण किया जा चुका है। कोरोना का टीका लगने के बाद अब तक 580 लोगों में दुष्प्रभाव की सूचनाएं हैं जबकि दो लोगों को वैक्सीन की डोज दिये जाने के बाद हृदयसंबंधी विकार उत्पन्न होने के कारण मौत हो गयी।

# खाद्य मंत्री अमरजीत के प्रभार वाले जिले में 68 हजार क्विंटल से अधिक धान शार्टेज

## मुख्यमंत्री भूपेश के ठेमाबुजुर्ग आगमन पर उठेगा धान शार्टेज का मामला




पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

बालोद जिले के 4 संग्रहण केंद्रों में 68 हजार क्विंटल से अधिक धान के शार्टेज का मामला 20 जनवरी को सीएम भूपेश बघेल के ठेमाबुजुर्ग आगमन के दौरान उठ सकता हैं। इस दौरान जिले के प्रभारी व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत भी मौजूद रहेंगे। खाद्य मंत्री अमरजीत भगत के प्रभार वाले बालोद जिले में सत्र 2019-20 के स्टॉक में 68 हजार क्विंटल से अधिक धान का शार्टेज सामने आया हैं। जिससे जिले में हड़कम्प की स्तिथि बनी हुई हैं। उल्लेखनीय है कि जिले के 4 संग्रहण केंद्र जगतरा, धोबनपूरी, फुंडा और मालीघोरी में प्रशासन की लापरवाही के चलते बीते सत्र 2019-20 के स्टॉक में 68 हजार क्विंटल धान का शॉर्टेज हुआ हैं। जिससे 13 करोड़ रुपये से अधिक नुकसान शासन को होने की सम्भावना बन गई हैं। आपको बता दे कि जिले में बीते सत्र 2019-20 में चार संग्रहण केंद्र जगतरा, धोबनपूरी, फुंडा और मालीघोरी में 23 लाख 68 हजार क्विंटल धान का संग्रहण किया गया था। लेकिन रिकार्ड में अभी भी उक्त चारो केंद्रों में धान का उठाव होना शेष बताया जा रहा है। लेकिन इन संग्रहण केंद्रों में धान नही है। अर्थात यह कि इन संग्रहण केंद्रों में धान का शॉर्टेज हो चुका है। वही इस मामले पर जिला विपणन अधिकारी के ऊपर भी आरोप लगने लगे है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आगमन के दौरान दोषियों के ऊपर गिर सकती है गाज।

■ **बालोद जिले में शार्टेज के नाम पर हुआ करोड़ों का खेल**

### सबसे पहले पायनियर ने सामने लाया था मामला

पायनियर ने 15 जनवरी को शीर्षक लाखों खर्च करने के बावजूद जिले के 4 संग्रहण केंद्रों में 68 हजार क्विटल धान शार्टेज, मचा हड़कंप समाचार का प्रकाशन प्रमुखता से किया था। जिसके बाद संग्रहण केंद्रों में हड़कम्प की स्तिथि बनी हुई हैं। इतने बड़े पैमाने में धान कैसे शार्टेज हुआ यह बड़ा सवाल उठ रहा हैं। संग्रहण केंद्रों में धान की देखरेख व सुरक्षा के लिए लाखों रुपये खर्च किये गए हैं। बावजूद इतने बड़े पैमाने में धान का शार्टेज होना वो भी खाद्य मंत्री के प्रभार वाले जिले में, बड़ी बात हैं। बालोद जिले में धान शॉर्टेज में करोड़ों रूपए के भ्रष्टाचार की बात भी सामने आ रही है। बहरहाल यह जांच का विषय है जांच उपरांत दोषियों के ऊपर कार्रवाई होने की संभावना है।



लाखों खर्च करने के बावजूद जिले के 4 संग्रहण केंद्रों में 68 हजार क्विंटल धान शॉर्टेज, मचा हड़कंप

रवि भूतड़ा ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के 4 संग्रहण केंद्र जगतरा, धोबनपूरी, फुंडा और मालीघोरी में प्रशासन की लापरवाही के चलते बीते सत्र 2019-20 के स्टॉक में 68 हजार क्विंटल धान का शॉर्टेज हुआ हैं। जिससे 13 करोड़ रुपये से अधिक नुकसान शासन को होने की सम्भावना बन गई हैं। जिले में बीते सत्र 2019-20 में चार संग्रहण केंद्र जगतरा, धोबनपूरी, फुंडा और मालीघोरी में 23 लाख 68 हजार क्विंटल धान का संग्रहण किया गया था। लेकिन रिकार्ड में अभी भी उक्त चारो केंद्रों में धान का उठाव होना शेष बताया जा रहा है। लेकिन इन संग्रहण केंद्रों में धान नही है। अर्थात यह कि इन संग्रहण केंद्रों में धान का शॉर्टेज हो चुका है। मामले में अभी तक संग्रहण केंद्रों के प्रभारियो के ऊपर कार्यवाही नही हुई है। हालांकि कलेक्टर द्वारा केंद्रों के प्रभारियो को शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। वही मामले में जिला विपणन अधिकारी भी जिम्मेदार नजर आ रहे है। क्योंकि बीते 2019-20 सत्र में कछुआ गति से धीमे धान के उठाव के चलते व संग्रहण केंद्रों में अव्यवस्था का आलम पसरे रहने की वजह से ही इतने बड़े पैमाने में धान का शॉर्टेज हुआ है।

अब तलक कोई कार्यवाही नही

आपको बता दे कि संग्रहण केंद्र में धान की सुरक्षा के लिए लाखों रुपये खर्च किये गए है। ऐसे में भारी मात्रा में शॉर्टेज कैसे हुआ, ये जांच के विषय है..? लेकिन अब तलक जिम्मेदारों पर कोई कार्यवाही नही की गई है। वही जब सत्र 2019-20 में धान खरीदी केंद्रों में शॉर्टेज हुआ था, तो प्रशासन ने समितियों को प्रतिपूर्ति करने कहा था। जब समितियां नही मानी तो प्रशासन ने संबंधित समिति के प्रबंधक व अध्यक्ष पर अपराध भी कायम किया था। लेकिन अब जब संग्रहण केंद्रों में 65 हजार से अधिक धान का शॉर्टेज हुआ तो प्रशासन ने अब तलक कोई नही कार्यवाही नही की है।

लंबे समय से भंडारण होने की वजह से धान का हुआ शॉर्टेज- शशांक सिंह

जिला विपणन अधिकारी शशांक सिंह ने बताया कि खरीफ वर्ष 2019-20 में जिले के संग्रहण केंद्रों में 23 लाख 68 हजार क्विंटल का भंडारण किया गया था। जिसमें निराकरण अब तलक शेष है। 32 हजार क्विंटल धान अभी भी संग्रहण केंद्रों में शेष है। जिला विपणन अधिकारी शशांक सिंह ने आगे बताया कि चारो संग्रहण केंद्रों में 65 हजार क्विंटल से अधिक धान शॉर्टेज है। जिसका अनुमानित मूल्य 13 करोड़ रुपये से अधिक है। आपको बता दे की नए सत्र 2020-21 की शुरुआत और धान खरीदी प्रारम्भ हुए डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी आज तलक संग्रहण केंद्रों से बीते वर्ष 2019-20 के धान का उठाव नही हो सका है। सबसे बड़ी बात यह कि जिला विपणन अधिकारी खुद इस बात को स्वीकार कर रहे है कि लंबे समय से भंडारण होने की वजह से धान का शॉर्टेज हुआ।

# मैं साफ सुधरा आदमी हूं, मुझे कोई छू नहीं सकता : राहुल



वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने किसान आंदोलन को किसानों के संकट से उपजा आंदोलन बताते हुए मंगलवार को किसानों की 'दुर्दशा' को उजागर करने वाली एक पुस्तिका जारी की जिसमें बताया गया है कि सरकार एक प्रक्रिया के तहत किसानों को बर्बाद करने का काम कर रही है। श्री गांधी ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में 'खेती का खून तीन काले कानून' नाम से प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन करते हुए कहा कि दिल्ली की सीमाओं पर किसान आंदोलन कर रहे हैं और कांग्रेस इस आंदोलन में शामिल किसानों की मांग का समर्थन करती है और उनके साथ खड़ी है। पार्टी किसानों का सम्मान करती है और उन्हें गुलाम बनाने की जो प्रक्रिया चल रही है उसके खिलाफ किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि देश आज एक त्रासदी से गुजर रहा है। देश के करोडों युवाओं का भविष्य दांव पर लग गया है। वह अकेले किसानों के बारे में नहीं बोल रहे हैं बल्कि उन युवाओं के बारे में भी बोल रहे हैं जो देश का भविष्य है। उनकी लड़ाई सिर्फ किसानों के लिए ही नहीं बल्कि उन करोड़ों युवाओं के लिए भी है जो देश का भविष्य हैं। युवाओं के भविष्य को चौपट किया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि आज देश में डर का माहौल है। अगर आप सरकार के खिलाफ बोलते हैं तो आपका डाराया जाएगा लेकिन मैं डरता नहीं हूं। मैं अकेला खड़ा हो जाऊंगा। मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। कारण मैं साफ सुधरा आदमी हूं। मुझे कोई छू नहीं सकता। हां गोली से मार सकते हैं, मगर छू नहीं सकते1 मैं देशभक्त हूं और अपने देश की रक्षा करता हूं। सत्तर अस्सी साल पहले जिस चीज के लिये देश लड़ा था , अब वहीं हो रहा है।

# सीएम भूपेश कृषि महाविद्यालयों और कृषि विज्ञान केन्द्रों में 109 करोड़ के विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण-शिलान्यास

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री बघेल 20 जनवरी को अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय रायपुर सहित 05 उद्यानिकी महाविद्यालयों साजा, अर्जुन्दा, धमतरी, जशपुर और लोरमी और नवीन कृषि विज्ञान केन्द्र कोण्डागांव के ई- शुभारंभ के साथ ही प्रदेश के कृषि महाविद्यालयों, कृषि विज्ञान केन्द्रों और नवीन कृषि महाविद्यालयों में 109 करोड़ 77 लाख रूपए की लागत के अधोसंरचना विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इनमें 46 करोड़ 67 लाख रूपए की लागत के कार्यों का लोकार्पण और 63 करोड़ 10 लाख रूपए की लागत के कार्यों का भूमिपूजन और शिलान्यास शामिल हैं।

मुख्यमंत्री श्री बघेल रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में जिन कार्यों का ई-लोकार्पण करेंगे उनमें 9.81 करोड़ की लागत से कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र बेमेतरा के महाविद्यालय भवन एवं छात्रावास भवन, 9.81 की लागत से कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र राजनांदगांव में महाविद्यालय भवन एवं छात्रावास के साथ ही 12.75 करोड़ की लागत से निर्मित उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र राजनांदगांव में महाविद्यालय भवन एवं छात्रावास भवन, कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में 1.87 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित कैन्टीन भवन, इसी प्रकार कबीरधाम के कषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान परिसर में 36 लाख की लागत से बायोकन्ट्रोल लैब, बिलासपुर और भटापारा और बेमेतरा जिले के साजा में कृषि महाविद्यालय एवं अनुसांधान केन्द्रों में एक-एक करोड़ की लागत से हाईटेक नर्सरी, दुर्ग जिले के पहंदा के कृषि उद्यान केन्द्र में एक करोड़ 73 लाख रूपए की लागत से प्रशासनिक भवन एवं सीड प्रोसेसिंग भवन, कृषि विज्ञान केन्द्र गरियाबंद और बलरामपुर में 2 करोड़ 82 लाख रूपए से तैयार किए गए प्रशानिक भवन, कृषि विज्ञान केन्द्र दंतेवाड़ा में 50 लाख रूपए की लागत से निर्मित कड़कनाथ हैचरी और मशरूम भवन, कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव में एक करोड़ 73 लाख रूपए की लागत से निर्मित प्रशासनिक भवन एवं सीड प्रोसेसिंग भवन, कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कबीरधाम में 2 करोड़ 29 लाख ➤शेष पेज 8 पर

## कृषि कानूनों पर समाधान तलाशने की वार्ता फिर टली

# एक बैठक टलने से कोई फर्क नहीं पड़ता, हम कानून रद्द होने तक दिल्ली से हिलेंगे ही नहीं : टिकैत

एजेंसी ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



नए कृषि कानूनों पर समाधान तलाशने के लिए केंद्र सरकार द्वारा किसान यूनियनों के साथ निर्धारित 10वें दौर की वार्ता को 20 जनवरी तक के लिए टाले जाने पर सिंघु बॉर्डर, टीकरी बॉर्डर और गाजीपुर बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे किसान नेताओं ने कहा कि कानून रद्द होने तक वे यहीं जमे रहेंगे और एक दिन की देरी से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता है। गाजीपुर बॉर्डर पर डटे भारतीय किसान यूनियन (क्र्य) के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि एक दिन के लिए बैठक स्थगित होने से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है क्योंकि किसान तीन कानूनों को रद्द करने तक दिल्ली सीमाओं को नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि बैठक में देरी हो रही है। हम तब तक यहां हैं जब तक हमारी मांगें नहीं मानी जातीं और कानून को रद्द नहीं कर दिया जाता है। हमें उम्मीद है कि बातचीत के जरिए मामले को सुलझा लिया जाएगा। कृषि कानूनों पर आज होने वाली सुप्रीम कोर्ट की कमेटी की बैठक के बारे में पूछे जाने पर टिकैत ने कहा कि किसान सुप्रीम कोर्ट में नहीं गए हैं और उनका इससे कोई लेना-देना नहीं है। टिकैत ने कहा कि कमेटी की पहली बैठक के बारे में हम कुछ नहीं जानते, हम बैठक में नहीं जा रहे हैं। आंदोलन से कोई भी अदालत में नहीं आया। सरकार अध्यादेश के माध्यम से इन कानूनों को लाई और बाद में उन्हें सदन में पेश किया गया। इन कानूनों को ऐसे ही रद्द किया जाना चाहिए, जिस रास्ते से वे आए थे। वहीं, सिंघु बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे किसानों ने भी टिकैत की बात का समर्थन करते हुए कहा कि जब तक कानून रद्द नहीं किए जाते, तब तक वे दिल्ली की सीमाओं को नहीं छोड़ेंगे। पंजाब के पटियाला जिले के एक किसान गुरदयाल सिंह ने कहा कि वह लगभग दो महीने से सिंघु बॉर्डर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और कानून वापस होने के बाद ही वापस जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने हमारे लिए जो मिठाई (कानून) तैयार की है, हम उसे खाना नहीं चाहते हैं, फिर वे इसे खाने के लिए क्यों मजबूर कर रहे हैं। हम केवल कानूनों को रद्द करवाकर ही वापस जाएंगे। एक अन्य किसान परपुर सिंह ने कहा कि सरकार को बातचीत से आगे बढ़ना चाहिए और किसानों की मांग पर निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं हाथ जोड़कर सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि वे बैठकें और बातचीत करें और हमें जो भी चाहिए उस पर स्पष्ट निर्णय दें। उन्हें मामले में देरी नहीं करनी चाहिए और हमें स्पष्ट निर्णय देना चाहिए।

SHRI BALAJI GROUP OF HOSPITALS & COLLEGES

संकल्प, समर्पित सेवा का

श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस

नया चिकित्सा महाविद्यालय शुभारंभ 2021

राजधानी रायपुर शहर के मध्य स्थित श्री बालाजी हास्पिटल मोवा रायपुर के समीप नया मेडिकल कॉलेज का

अतिशीघ्र शुभारंभ



डिपार्टमेंट

- एनाटॉमी
- फिजियोलॉजी
- बायोकमेस्ट्री
- फार्मेकोलॉजी
- जनरल मेडिसिन
- जनरल सर्जरी
- ऑर्थोपेडिक्स
- ई.एन.टी.
- ऑप्थल्मोलॉजी
- ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी
- एनेस्थिसियोलॉजी
- रेडियोडायग्नोसिस
- डेंटिस्ट्री
- इमरजेंसी मेडिसिन
- पैथोलॉजी
- माइक्रोबायोलॉजी
- फॉरेंसिक मेडिसिन
- कम्युनिटी मेडिसिन
- पीडियाट्रिक्स
- डर्मेटोलॉजी
- सायकाइट्री
- रेस्पिरेटरी मेडिसिन

सपर्क करें

श्री बालाजी हॉस्पिटल, मोवा, रायपुर, छत्तीसगढ़

डॉ. शुभम अवस्थी +91 7000541861, हिमांशु साहू +91 9575021000

E-mail : hr.sbims@gmail.com

# छत्तीसगढ़ में विनिर्माण और निवेश को बढ़ावा देने औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों से सीएम भूपेश ने की मुलाकात

**देश-विदेश में पसंदीदा निवेश स्थल बना रहा है छत्तीसगढ़ : मुख्यमंत्री**

**उत्तर पूर्व क्षेत्र के उद्योग प्रतिनिधियों को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए किया आमंत्रित**

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने असम प्रवास के दौरान गुवाहाटी में छत्तीसगढ़ में विनिर्माण और संबद्ध क्षेत्रों में पूंजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए उत्तर पूर्व क्षेत्र के विभिन्न औद्योगिक संगठनों और उद्योगों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नई उद्योग और व्यापार अनुकूल नीतियों के कारण राज्य की अर्थव्यवस्था कृषि, लोहा, इस्पात, सीमेंट और थर्मल पावर जैसे संपन्न कोर सेक्टर उद्योगों और छोटे और मध्यम श्रेणी के उद्योगों के प्रारंभ होने के कारण काफी बढ़ी है। पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों ने उत्तर पूर्व क्षेत्र के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक,(उत्तर पूर्वी क्षेत्रीय कृषि विपणन कॉर्पोरेशन) मनोज कुमार दास और उप निदेशक, पीएचडी चैम्बर उत्तर पूर्व क्षेत्र एस. के. हजारिका के नेतृत्व में मुख्यमंत्री बघेल से मुलाकात की और छत्तीसगढ़ में पूंजी निवेश की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया। मुलाकात के दौरान आईआईएम कलकत्ता इनोवेशन पार्क इनक्यूबेटर के मुख्य परिचालन अधिकारी प्रांजल कोंवर बताया कि वे पहले से ही 36 आईएनसी (छत्तीसगढ़ राज्य इनक्यूबेटर) के साथ काम कर रहे हैं। ग्रीन वैली राइस टेक प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक आशीष कुमार बजाज ने भी कई क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ में निवेश करने में अपनी रुचि दिखाई। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के प्रतिनिधियों ने उत्तर पूर्व परिषद के सह अध्यक्ष अभिजीत बरूआ और सीआईआई के निदेशक शांता सरमा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री बघेल ने छत्तीसगढ़ में उद्योग और व्यापार को बढ़ावा देने की राज्य सरकार की नीति और पूंजी निवेश आकर्षित करने के लिए भविष्य की योजना पर प्रकाश डाला। फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्री एण्ड कॉमर्स और नॉर्थ ईस्टर्न रीजन के निदेशक बिस्वजीत हजारिका, भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) के प्रतिनिधि और बीएमजी इन्फॉरमेटिक्स के सह-संस्थापक जॉयदीप गुप्ता और मोनोजीत भट्टाचार्जी ने भी गुवाहाटी में मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

बघेल ने सभी प्रतिनिधियों के साथ विस्तार से चर्चा की। उन्होंने छत्तीसगढ़ की क्षमताओं, संसाधनों और संभावनाओं पर प्रकाश डाला। बघेल ने अपने संबोधन के दौरान छत्तीसगढ़ नई औद्योगिक नीति 2019-24 की प्रमुख विशेषताओं के बारे में बताया, जो समावेशी आर्थिक विकास पर केंद्रित है। बघेल ने राज्य में निवेश के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों जैसे कि खाद्य प्रसंस्करण, इथेनॉल, रत्न और आभूषण, लघु वनोपज आदि के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने छत्तीसगढ़ की भूमि दरों और पट्टे के किराए में राज्य सरकार द्वारा दी गई रियायतों के बारे में भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ ने पिछले दो सालों में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कई प्रगतिशील कदम उठाए हैं, जिससे भारत में सबसे पसंदीदा निवेश स्थलों के रूप में छत्तीसगढ़ भी उभरा है। घेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के प्राकृतिक संसाधनों में वेल्यू एडीशन और विभिन्न प्रकार के उद्योगों के प्रारंभ होने से विकास की नई संभावनाएं निर्मित हुई है। उद्योग और व्यापार जगत में नवाचार और प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग से छत्तीसगढ़ ने भारत में पसंदीदा व्यावसायिक स्थल के रूप में विशेष पहचान बनाई है। श्री बघेल ने निवेशकों को यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ में अनुकूल कारोबारी माहौल है। उन्होंने निवेशकों को छत्तीसगढ़ आने और राज्य में व्यापार के अवसरों का पता लगाने के लिए आमंत्रित किया।

# उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर/रायगढ़
www.dailypioneer.com

उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने रायगढ़ जिले के खरसिया विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क किया। उन्होंने अगासमार, छिरीपानी, पंडरामुड़ा, फरकानारा तथा पुछियापाली में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण तथा भूमिपूजन किया। उन्होंने पण्डरामुड़ा में दो सांस्कृतिक मंच तथा एक सीसी रोड का लोकार्पण, फरकानारा में सीएसआर मद से 20 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन, पुछियापाली में 10 लाख 76 हजार रुपये की लागत से पीडीएस भवन सह गोदाम, प्राथमिक शाला विद्यालय में अतिरिक्त भवन तथा सीसी रोड निर्माण का भूमि पूजन किया। उच्च शिक्षामंत्रीपटेल ने ग्रामवासियों से कहा कि गांवों में विकास कार्य तेजी से पूरे किये जायेंगे। लोकार्पित व भूमिपूजन किये जा रहे कार्यों के लिये ग्रामवासियों को शुभकामनाएं दी। ग्राम फरकानारा में नये धान उपार्जन केन्द्र के खुलने पर उन्होंने ग्रामवासियों को बधाई दी और कहा कि अब फरकानारा तथा



आसपास के गांववासियों को धान बेचने में आसानी होगी तथा उन्हें ज्यादा दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। उन्होंने छिरीपानी में सांस्कृतिक मंच निर्माण की घोषणा की और कहा कि अगासमार से छिरीपानी के बीच पक्के सड़क निर्माण को जल्द स्वीकृति मिलने जा रही है।

इस दौरान मंत्री पटेल के समक्ष गांव वासियों ने अपनी मांगें व समस्याएं भी रखीं। मंत्री पटेल ने लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# रायपुर प्रेस क्लब क्रिकेट मड़ई ग्रैंड न्यूज संयुक्त फाइनल में

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



ग्रैंड न्यूज संयुक्त की टीम रायपुर प्रेस क्लब खेल मड़ई के तहत क्रिकेट मड़ई के फाइनल में पहुंच गई। पहले सेमी फाइनल में नवभारत/क्रॉनिकल की टीम को 10 विकेट से हराया। विजेता टीम के तिलक मैन ऑफ द मैच रहे। जाने-माने चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र शुक्ला एवं जिंदल स्टील एंड पावर तथा फिक्की के चेयरमैन प्रदीप टंडन खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करने पहुंचे। नेताजी सुभाष स्टेडियम में नवभारत/क्रॉनिकल की टीम ने टॉस जीता और बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 53 रन ही बना सकी। सबसे अधिक दानिश अनवर ने 17 रन बनाए। हेमन डोंगरे ने चार विकेट लिए। 54 रन के लक्ष्य को ग्रैंड न्यूज संयुक्त की टीम ने पावरप्ले में ही हासिल कर लिया। सलामी जोड़ी के रूप में तिलक ने 39 हेमन डोंगरे ने 12 रन बनाए। अतिथिगण डॉ. सुरेंद्र शुक्ला और प्रदीप टंडन ने खेल आयोजन की तारीफ करते हुए पत्रकार व्यस्त दिनचर्या के बीच खेल के लिए समय निकालते हैं यह अच्छी बात है।

स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन रहता है। पत्रकारों को प्रतिदिन 1 घंटे का समय खेल के लिए देना चाहिए। कल 20 जनवरी को सुबह 7.30 बजे संयुक्त इलेक्ट्रॉनिक मीडिया 11 विरुद्ध हरिभूमि/आईएनएच के बीच मैच खेला जाएगा। मैच 12 ओवर का होगा।

# धारदार हथियार से महिला की हत्या, पहचान छुपाने चेहरे को कुचला



**रायपुर।** राजधानी में देर शाम एक महिला की लाश मिलने से सनसनी मच गयी है। मृतक महिला की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच की बतायी जा रही है। वहीं घटना की सूचना के बाद मौके पर एफएसएल और पुलिस की टीम पहुंची हुई है, जांच जारी है। जानकारी के मुताबिक घटना मंदिर हसौद थाना के छेरीखेड़ी ओवर ब्रिज के पास की है। यहां पर सूनसान पड़े एक खाली प्लाट में महिला की लाश मिली है। महिला का चेहरा बुरी तरह से कुचला हुआ है। साथ ही महिला के गले को किसी धारदार हथियार से रेतने के भी निशान है। शव को देखकर ऐसा लग रहा है कि महिला से आरोपियों ने पहले विवाद किया होगा, उसके बाद किसी धारदार हथियार से वार कर उसकी हत्या कर दी गई। महिला की पहचान छुपाने के लिए आरोपियो ने महिला के चेहरे को भी बुरी तरह से कुचल दिया है। वहीं मौके पर महिला के कपड़े फटे हुए दिख रहे है। इससे महिला के साथ रेप की भी आशंका जताई जा रही है। फिलहाल घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और एफएसएल की टीम पहुंची हुई है और मृतक महिला के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# वर्षा ने किया छत्तीसगढ़ का नाम विश्व स्तर पर रौशन

**मंत्री डॉ.डहरिया ने दी बधाई**

**मंत्री के समक्ष वर्षा को मिला गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड का प्रमाण पत्र**

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



अपनी हुनर से तस्वीर गढ़ने वाली मंदिर हसौद की कुमारी वर्षा वर्मा को नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया के समक्ष गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड का प्रमाण पत्र मिला। वर्षा ने पैरा एवं धान बीज के माध्यम से 10 अप्रैल 2020 को छत्तीसगढ़ महतारी की खूबसूरत तस्वीर बनाई थी।

वर्षा की इस तस्वीर को न सिर्फ प्रशंसा मिली, इस उपलब्धि पर विश्व स्तर पर भी सम्मान मिला और गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में भी नाम दर्ज हो गया। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड के अधिकृत संवाददाता श्रीमती सोनल राजेश शर्मा के द्वारा मंत्री डॉ. डहरिया के समक्ष उनके सरकारी कार्यालय में कु. वर्षा को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर मंत्री डॉ. डहरिया ने वर्षा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वर्षा ने विश्व स्तर पर मंदिर हसौद ही नहीं छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाने का काम किया है।

उन्होंने ने छत्तीसगढ़ महतारी को पैरा आर्ट के माध्यम से जिस तरह से प्रस्तुत किया है वह सचमुच तारीफ के काबिल है।

उन्होंने वर्षा और मौके पर उपस्थित उनकी मातासीमा वर्मा सहित परिजनों को इस उपलब्धि पर बधाई भी दी। वर्षा ने बताया कि वह गर्ल्स डिग्री कालेज में बीएससी कम्पयूटर साइंस की छात्रा है और 2013 से पैरा आर्ट के माध्यम से अलग-अलग महापुरुषों एवं अन्य आकृति बना चुकी है।

# राज्य प्रशासनिक सेवा संघ के पदाधिकारियों ने प्रभारी मुख्य सचिव से की मुलाकात



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा संघ रायपुर के प्रतिनिधि मंडल महासचिव संदीप अग्रवाल के अगुआई में कोषाध्यक्ष हरवंश मिरी , सह सचिव जागेश्वर कौशल और पूनम सोनी , पूनम शर्मा और राजीव पांडे के साथ मुख्य सचिव सुब्रत साहू सर से चिप्स कार्यालय में मुलाक़ात कर नई कार्यकारिणी के गठन की जानकारी देते हुए सप्रेम भेंट कर एडमंड लकरा के प्रकरण के संबंध में आमसभा की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार राजस्व प्रकरण की नक़ल और पुलिस महानिदेशक द्वारा जारी निर्देश की प्रति सहित प्रकरण में पुलिस द्वारा की गई।

कार्यवाही ग़लत है और इस पर संज्ञान लेकर राजस्व न्यायालय द्वारा पारित आदेश के विरुद्ध अपील प्रावधान होने के बावजूद कार्यवाही की गई ,जिससे राजस्व अधिकारियों का मनोबल कम हुआ है इसलिए की गई कार्यवाही पर रोक लगाते हुए सुरक्षा दिए जाने का निवेदन किया गया।

# गृह मंत्री साहू ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने मंगलवार से शुरू होकर एक माह तक चलने वाले राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इसका आयोजन राजधानी रायपुर के बूढ़ा तालाब गार्डन में रायपुर यातायात पुलिस द्वारा किया गया है। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2021 अभियान के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु आम-जन मानस को यातायात नियमों के प्रति अधिक से अधिक जागरूक किया जाना है। यह अभियान 18 जनवरी से 17 फरवरी एक माह तक चलेगा।

गृहमंत्री साहू ने कहा कि यातायात नियमों को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। जीवन के प्रति स्वयं में चेतना लाएं। उन्होंने कहा कि नियमों को पढ़ते जरूर है पर पालन नहीं करते। उन्होंने कहा कि अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। दुर्घटना रोकने के लिए सरकार द्वारा पूरी कोशिश की जाती है। यातायात नियमों के प्रति जागरूक होना जरूरी है। उन्होंने सहजता और सरलता के साथ लोगों को यातायात नियमों का पालन करने



के लिए प्रेरित करने के साथ ही स्कूलों में बच्चों और अभिभावकों को भी जागरूक करने की अपील की। इस अवसर पर गृहमंत्री ने यातायात के नियमों से संबंधित 'सड़क सुरक्षा संगवारी' पुस्तिका का विमोचन भी किया। गृहमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर यातायात नियमों से संबंधित स्टॉलों को अवलोकन भी किया।

कार्यक्रम में रायपुर नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जन जागरूकता और सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि लोगों में ट्रैफिक सेंस होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि गतवर्ष की तुलना में दुर्घटना में कमी आयी है। उन्होंने कोरोनाकाल में रायपुर पुलिस के कार्यों की सराहना की। रायपुर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार यादव ने जिले के यातायात प्रतिवेदन से अवगत कराया। कार्यक्रम में चौक-चौराहों पर स्टॉप लाइन का पालन, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग नहीं करने, दोपहिया चलते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने, वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, यातायात नियमों एवं संकेतों का पालन करने, नशे की हालत में, उतावलेपन में और खतरनाक तरीके से वाहन नहीं चलाने, निर्धारित गति पर ही वाहन चलाने और वाहन को हमेशा दुरुस्त रखने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में यातायात नियमों से सम्बंधित प्रश्नों का सही जवाब देने वाले लोगों को रायपुर यातायात पुलिस द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर रायपुर कलेक्टर डॉ. एस. भारतीदासन, पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज डॉ. आनंद छाबड़ा, रायपुर नगर निगम आयुक्त सौरभ सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात एम.आर. मंडावी, यातायात लीड एजेन्सी के संजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# प्रदेश में 78.50 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में 18 जनवरी 2021 तक 78 लाख 50 हजार 249 मीट्रिक धान की खरीदी की गई है। अब तक राज्य के 18 लाख 62 हजार 507 किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचा। राज्य के मिलरों को 27 लाख 34 हजार 188 मीट्रिक टन धान का डी.ओ. जारी किया गया है। जिसके विरूद्ध मिलरों द्वारा अब तक 23 लाख 81 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है। खरीफवर्ष 2020-21 में 18 जनवरी 2021 तक राज्य के बस्तर जिले में एक लाख 8 हजार 294 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। इसी प्रकार बीजापुर जिले में 52 हजार 546 मीट्रिक टन, दंतेवाड़ा जिले में 12 हजार 127 मीट्रिक टन, कांकेर जिले में 2 लाख 44 हजार 662 मीट्रिक टन, कोण्डागांव जिले में एक लाख 15 हजार 917 मीट्रिक टन, नारायणपुर जिले में 15 हजार 890 मीट्रिक टन, सुकमा जिले में 30 हजार 802 मीट्रिक टन, बिलासपुर जिले में 4 लाख 7 हजार 769 मीट्रिक टन, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 59 हजार 974 मीट्रिक टन, जांजगीर-चांपा जिले में 7 लाख 36 हजार 121 मीट्रिक टन, कोरबा जिले में एक लाख 4 हजार 590 मीट्रिक टन, मुंगेली जिले में 3 लाख 24 हजार 841 मीट्रिक टन खरीदी की गई है। इसी तरह रायगढ़ जिले में 4 लाख 62 हजार 645 मीट्रिक टन, बालोद जिले में 4 लाख 68 हजार 84 मीट्रिक टन, बेमेतरा जिले में 5 लाख 42 हजार 655 मीट्रिक टन, दुर्ग जिले में 3 लाख 57 हजार 693 मीट्रिक टन, कवर्धा जिले में 3 लाख 69 हजार 531 मीट्रिक टन, राजनांदगांव जिले में 6 लाख 52 हजार 965 मीट्रिक टन, बलौदाबाजार जिले में 5 लाख 49 हजार 764 मीट्रिक टन, धमतरी जिले में 3 लाख 80 हजार 736 मीट्रिक टन खरीदी की गई।

**'स्पंदन' में तत्काल हुई मुराद पूरी, किसी की बेटी को थैलेसीमिया तो किसी ने बताया पति को मुठभेड़ में लगी गोली**

# आरक्षक के माता, पिता और भाई की कोरोना से मौत

**'स्पंदन' कार्यक्रम में डीजीपीअवस्थी ने किया पुलिसकर्मियों और परिजनों की समस्याओं का निराकरण**

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

डीजीपी साहब कोरोना से मेरे घर में तीन लोगों की मौत हो गयी है। मेरे पिता, मां और भाई की कोरोना संक्रमण ने जान ले ली है। अब मेरे घर-परिवार की जिम्मेदारी मुझ पर ही है। कवर्धा में पदस्थ रायपुर निवासी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के आरक्षक रामकुमार साहू डीजीपी अवस्थी को अपनी पीड़ा बताते हुये रो पड़े। डीजीपी डीएम अवस्थी स्पंदन कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों




और उनके परिजनों से वीडियो कॉल के जरिये बात कर रहे थे। आरक्षक रामकुमार साहू ने रायपुर संबद्ध करने की मांग की जिस पर डीजीपी ने तत्काल पुलिस मुख्यालय संबद्ध करने के लिये आदेश जारी कर दिया।

डीजीपी डीएम अवस्थी ने स्पंदन कार्यक्रम आयोजित कर पुलिसकर्मियों और उनके परजिनों की समस्यायें सुनीं और उनका तत्काल निराकरण किया।

महासमुंद की दीपांजली नाग ने बताया कि उनकी बेटी को थैलेसीमिया है। हर महीने उसे ब्लड की जरूरत होती है। उनके पति 11 साल से कोण्डागांव में पदस्थ हैं। बेटी की गंभीर स्थिति को देखते हुये पति की ट्रांसफर महासमुंद करने का आग्रह किया। डीजीपी अवस्थी ने तत्काल उनके पति ब्रजेश नाग को कोण्डागांव से महासमुंद स्थानांतरण करने के निर्देश जारी कर दिये।

आरक्षक धनंजय सिंह की पत्नी ने बताया कि उनके पति को पुलिस नक्सली मुठभेड़ में दो गोली लगीं थीं। जिससे उनके शरीर के कई अंग काम नहीं करते हैं। वे पिछले 12 साल से बीजापुर में पदस्थ हैं। उनका स्थानांतरण बीजापुर से बिलासपुर हो जाये तो हम लोग उनकी अच्छे से देखरेख कर सकेंगे। अवस्थी ने आरक्षक धनंजय सिंह को तत्काल बीजापुर से बिलासपुर स्थानांतरित कर दिया।

सब इंस्पेक्टर लालमन साव की पत्नी ने कहा कि उनका कई बार मिस्कैरिज हो चुका है। मैं अभी गर्भवती हूं। अस्पताल ले जाने के लिये कोई नहीं है। पति बस्तर में पदस्थ हैं, यदि कुछ दिन के लिये उन्हें रायपुर ट्रांसफर कर दिया जाये तो शायद हम लोगों को संतान सुख मिल जाये। डीजीपी अवस्थी ने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस हमेशा अपने पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों के प्रति संवेदनशील है। डीजीपी ने लालमन साव को बस्तर से रायपुर स्थानांतरित करने के निर्देश जारी कर दिये।

# बेवफाई से बौखलाए आशिक ने दोस्त संग मिलकर प्रेमिका के प्रेमी को चाकू से गोदा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

खमतराई इलाके में बीती रात हुए युवक की हत्या मामले में पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने युवक को इसलिए मौत के घाट उतारा था, क्योंकि वो उसे अपनी गर्लफ्रेंड के साथ घूमते हुए देख लिया था। इसी विवाद के चलते दोनों आरोपियों ने मिलकर मृतक रेवंत की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। बताया जा रहा है कि मृतक और आरोपी एक ही लड़की से प्रेम करते थे। सन्यासी पारा में रहने वाली एक नाबालिग लड़की का आरोपी ओमप्रकाश से प्रेम संबंध था। रविवार की रात नाबालिग लड़की मृतक रेवंत के साथ डब्ल्यू. आरएस रेलवे स्टेशन के पास घूम रही थी। इस दौरान मोहल्ले के ही नानू नाम के युवक ने दोनों को घूमते देख लिया। वो लड़की के पास आया और यह कहते हुए थप्पड़ जड़ दिया कि वो रेवंत के साथ क्यों घूम रही है। लड़की के बारे में नानु ने लड़की के दोस्त ओम प्रकाश को बताया। वो भी वहां पहुंच गया। अब ओमप्रकाश और नानु मिलकर रेवंत से विवाद करने लगे। विवाद होता देख नाबालिग तीनों को शांत करा कर उन्हें समझाती है, जिसके बाद नानू और ओम प्रकाश रेवंत को जान से मारने की धमकी दे कर वहां से चले गए।



थोड़ी देर ओम प्रकाश चाकू लेकर अपने साथी नानू के साथ रेवंत के पास आया और उसी बात को लेकर फिर से विवाद करने लगा। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि, ओम प्रकाश ने चाकू निकलकर रेवंत पर ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए। जब इस बात की जानकारी नाबालिग लड़की को हुई तो इसकी शिकायत पुलिस को की गई। पूछताछ में लड़की ने बताया कि, उसके दोस्त रेवंत और ओमप्रकाश के बीच पहले भी विवाद हो चुका था। ओम प्रकाश को रेवंत के साथ नाबालिग का घूमना पसंद नहीं था। इसी बात को लेकर दोनों में अक्सर विवाद भी होता रहता था। फिलहाल हत्या के आरोपी ओम प्रकाश और उसके साथी नानू को गिरफ्तार कर लिया है।

## क्विक न्यूज

### चित्रकोट विधायक ने अहिंसा यात्रा का किया भव्य स्वागत



**जगदलपुर।** मंगलवार को जैन संत आचार्य श्री महाश्रमण की अहिंसा यात्रा जो कि बस्तर की पावन धरा पर चल रही है जिसका चित्रकोट विधायक राजमन बेंजाम ने अपने निवास ग्राम बास्तानार में हार्दिक अभिनंदन किया। अभिनंदन पश्चात चित्रकोट विधायक राजमन बेंजाम ने आचार्य को ससम्मान अपने बस्तानार स्थित कार्यालय में स्वागत किया। आचार्य जी की अहिंसा यात्रा के विषय पर चर्चा की साथ ही उनके साथ अमूल्य समय व्यतीत कर शुभकामनाओं के साथ आचार्य श्री महाश्रमण को विदाई दी। इस अहिंसा यात्रा कार्यक्रम में चित्रकोट विधायक राजमन बेंजाम के साथ अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बस्तानार चंद्रशेखर ठाकुर, उपाध्यक्ष जगबंधु ठाकुर देवेंद्र पोडियाम, लक्ष्मण कर्मा, मनकू मुचाकी, लिंगु ठाकुर, सुखराम पोयाम, बबलू ठाकुर, ब्रिजनारायन ठाकुर व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जब से कांग्रेस की सरकार आई, बस्तर विकास से वंचित : साय

- **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साय ने किया कार्यकर्ताओं को संबोधित**
- **22 जनवरी को बड़ी संख्या में सम्मिलित होने की अपील**

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने जिला कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए। कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई है, तब से बस्तर विकास से वंचित हो गया है। बस्तर में विकास को लेकर भाजपा ने जो कार्य किया है। उससे कांग्रेस कोसों दूर हैं। कांग्रेस का प्रदेश के विकास से कोई लेना-देना नहीं है। कांग्रेस वह पार्टी है जहां उनके नेता गरीबी हटाओं का नारा लगाते है और गरीबी यथावत रहती है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी से लेकर बेरोजगारी भत्ता, पेंशन योजना विकास की मूलभूत सुविधा देने में असफल कांग्रेस केवल काल्पनिक बातें कर कर ही उत्सव मनाने में व्यस्त है। वक्त आने पर प्रदेश की जनता कांग्रेस को करारा जवाब देगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने 22 जनवरी को आयोजित जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं से शामिल होने की अपील की है। बस्तर संभाग प्रभारी व वरिष्ठ विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार के पास इन दो सालों में बताने के लिए कुछ भी नहीं है। छलावा इस सरकार का सूत्र वाक्य बन गया है। जनता के अहित में झूठ लबारी के अलावा कुछ भी कार्य नहीं किया है। उन्होंने कहा कि दावा और दमनकारी नीतियों के बीच ही प्रदेश की कांग्रेस सरकार चल रही है।

पूर्व सांसद दिनेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चाहते है समाज के हर वर्ग का समग्र विकास हो लेकिन प्रदेश की सरकार ने विकास को रोकने नाम पर रोका-छेका अभियान लागू किया है। जिसके चलते विकास पूरी तरह से ठप है। बस्तर का विकास नहीं होने से यहां का हर आम जनमानस व्यथित है। पूर्व मंत्री लता उसेंडी ने कहा कि जनता को अब लगने लगा है, कि क्षेत्र में विकास को लेकर कुछ भी नहीं हो रहा है। विकास के नाम पर केवल कागजों में ही काम किये जा रहे हैं। हर तरफ भय और भ्रष्टाचार का आलम है। केन्द्र सरकार द्वारा चलाये जाने वाली योजनाएं पूरी तरह से बंद है और यह सरकार केवल तथाकथित तौर पर विकास का दावा कर रही है। इसे जनता भली-भांति समझती है। जिला प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने कहा कि सभी संकल्पवान कार्यकर्ताओं के एकजुटता से आगामी हर चुनाव में हम कमल खिलाने में सफल होंगे इसी संकल्पभाव के साथ हम सभी जुटे है। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा ने स्वागत भाषण दिया। मंच संचालन गोपाल दीक्षित ने किया। कार्यक्रम में मनोज जैन, चंदन साहू, जितेन्द्र सुराना, संतोष कटारिया, ओमप्रकाश टावरी, रजिया खान, हेमकुंवर पटेल, जसकेतु उसेण्डी, बाल कुंवर प्रधान, जैनेन्द्र सिंह ठाकुर, संजू पोयम, अनिता नेताम, अंजोरी नेताम,प्रतोष त्रिपाठी,तरुण साना,दयाराम पटेल, प्रेम सिंह नाग,संतोष पात्रे, खेमचंद्र नेताम,लखमू मौर्य,गामा जायसवाल,तोएश चन्देल,गीतेश पांडेय,शनील भंसाली,रोशन सेन विक्की रवानी,सतीश सोनी,रेशम दीवान,इना श्रीवास्तव, लक्ष्मी ध्रुव सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

### प्रदेश अध्यक्ष साय का प्रथम बस्तर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय का बस्तर प्रवास के दौरान कांकेर से रवाना होने पर केशकाल, फरसगांव, कोण्डागांव में गर्म जोशी से कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं आप सभी के स्वागत से अभिभूत हूं। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता जिस संकल्प भाव के साथ कार्य कर रहा है इसका परिणाम भविष्य में जरूर देखने को मिलेगा। प्रदेश की असफल सरकार को हम प्रत्येक कार्यकर्ता के सहारे घेरने में सफल होंगे। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकाल कर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा संभाग प्रभारी शिवरतन शर्मा, पूर्व मंत्री लता उसेंडी, जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा, महामंत्री आकाश महेता, तरुण साना, मनोज जैन, सेवक राम नेताम, कानमल जैन, रामेश्वर उसेण्डी, नवदीप सोनी, सुमित कटारिया, धनराज मालू, हरिशंकर नेताम, प्रवीर सिंह बदेशा, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे।

## राजीव भवन निर्माण में निर्विघ्न कार्य पूर्ण होने की कामना से सभी धर्म के प्रमुखों ने नींव रखा

**कोंडागांव।** कोंडागांव जिला कांग्रेस ने सर्वधर्म समभाव की परिकल्पना को लेकर नए कार्यालय राजीव भवन में निर्विघ्न कार्य पूर्ण होने की कामना के साथ सभी धर्म के प्रमुखों के द्वारा उनके रीति रिवाज के अनुसार के नींव कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व पूजा अरदास प्रार्थना व फातिया अदा किया गया। जिसमें हिंदू धर्म की मान्यता के अनुसार पूजा अर्चना कर नींव में कलश स्थापना किया गया, मुस्लिम धर्म के प्रमुख मौलवी साहब ने फातिया पढा तो वही सिख धर्म के प्रमुख ज्ञानी जी ने अरदास किया। ईसाई समुदाय के प्रमुख फादर डेनियल विक्टर ने प्रार्थना की और क्षेत्रीय ग्रामीण मान्यता अनुसार गायता पुजारी द्वारा भी पूजा अर्चना की गई। इस शुभ अवसर पर छग प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम, विधायक प्रतिनिधि शिशिर श्रीवास्तव, जिला महामंत्री गीतेश गांधी, कपिल चोपड़ा, पूर्व पार्षद गीता गुप्ता, उमेश साहू, गुनमति नायक, शकूर खान, शहर अध्यक्ष जितेंद्र दुबे, आसिक खान, सर्वेश सेठिया, श्याम सिंह, हरिकेश सिंह, हीरा दीवान, प्रवीण मिश्रा, रविन्द्र दीवान आदि उपस्थित रहे।



## आयरन किंग मित्तल की सड़क बनी जी का जंजाल

पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com

बैलाडीला की लोहे की पहाड़ियों पर इस्पात किंग लक्ष्मी नारायण मित्तल की निगाहें वर्षो से रही है,एस्सार के दिवालिया होने के बाद मित्तल जापान की कम्पनी से साझेदारी के बाद एस्सार परियोजना को अपना बनाने में तो कामयाब रही लेकिन स्थानीय स्तर पर स्थिति में कोई सुधार नहीं आ पाया है एस्सार स्थानीय लोगों पर कभी भी अपना प्रभाव नहीं छोड़ पाया था और सिर्फ और सिर्फ लौहे के जरिये अपनी संपत्ति बढ़ाने में जूटा रहा और स्थानीय हितों और लोगों को नजरअंदाज करता रहा जिसके परिणाम स्वरुप लोगों के बद दुआओं से दिवालिया घोषित हुआ इन पहाड़ियों में व्याप्त अकूत संपदाओं से अरबों की कमाई करने वालों की निगाहें जमीन पर चलने वालों पर कभी नहीं पड़ती,स्थानीय विकास हो या रोजगार निजी कम्पनियाँ लोगों को हमेशा से छलती ही रही है,इसी का जीता जागता उदहारण पटेल पारा की सड़क है जो मित्तल की मानसिकता को दर्शाता है इस सड़क का निर्माण कम्पनी ने अपने स्वार्थ के लिए तो बनाया है लेकिन अब सडक से निकल रही लोहे की छड़ें राहगीरों के लिए जी का जंजाल बन रहा है डेढ़ से दो फीट से भी ज्यादा निकली लोहे की छड़ें जानलेवा बन रही हैं पटेल पारा निवासी बताते हैं की दिन भर कंपनी की सैकड़ों टन वजनी गाड़ियाँ चलती है,लाखों बार बोलने के बाद भी मरम्मत का कार्य नहीं किया जाता है। और रोजाना इस मार्ग पर दुर्घटनाएं आम बात है,सरकारी कागजों में विकास का ढोल पीटने वाली निजी कंपनी का सच जानना है तो मित्तल प्लांट से सटे इस आदिवासी बहुल पटेल पारा की सड़क का सफर कर आसानी से जाना जा सकता।

# बासमती की खुशबू से महका नरहर का घर-आंगन

- **3 साल बाद बीजापुर के कोडोली गांव में हो रही है रबी फसल की तैयारियाँ**

पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com



बीजापुर के किसान नरहर नेताम का घर-आंगन आज बासमती चावल की खुशबू से महक उठा है। इनकी इस कड़ी मेहनत, इच्छाशक्ति और लगन को आधार मिला है, महात्मा गांधी नरेगा योजना के साथ सरकार की अन्य योजनाओं के समुचित तालमेल से। जी हां! यह बिल्कुल सत्य है। जिला बीजापुर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के साथ जिला खनिज न्यास निधि के तालमेल से वित्तीय वर्ष 2019-20 में जलाशयों की सिंचाई परियोजना पुनर्स्थापित करने का एक महती कार्य शुरु किया गया था। इसके सकारात्मक परिणाम अब जमीनी स्तर पर नजर आने लगे हैं। जहाँ एक ओर यह कार्य किसानों के लिए आर्थिक उन्नति का कारक बन रहा है, वहीं दूसरी ओर यह परियोजना जिले की सिंचाई रकबे में वृद्धि में मील का पत्थर साबित हो रही है।

यहाँ हम बात कर रहे हैं जिले के भैरमगढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत कोडोली में हुए नहर लाइनिंग कार्य की। वहाँ के कोडोली जलाशय से नहर लाइनिंग कार्य (तालाब क्रमांक -1 व 2 से) में कुल 1,800 मीटर लम्बाई की सी.सी. लाइनिंग कर सिंचाई व्यवस्था पुनर्स्थापित की गई है। महज एक साल के भीतर ही इन कार्यों के सुखद परिणाम देखने को मिल रहे हैं। यह परियोजना क्षेत्र में श्री नरहर जैसे किसानों के जीवन में खुशहाली की छटा बिखेर रही है। नरहर नेताम की 7 एक्ड़ कृषि भूमि इस नहर से लगी हुई है। उन्होंने हमें बताया कि यह कार्य उन जैसे किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है। पहले यह कच्ची नहर थी। जब भी किसी किसान को पानी की जरूरत होती थी, तो वह नहर के किनारों को काटकर अपने खेतों की सिंचाई कर लेता था। इसके कारण जलाशय के समीप के ही कुछ खेतों को पानी मिल पाता था। वहीं नहर कच्ची होने के कारण, उसमें गाद भरने के साथ-साथ झाड़ियां भी उग आई थीं। इन सब कारणों से आखिरी गांव तक नहर का पानी नहीं पहुँच पा रहा था। इन सभी समस्याओं के कारण वे और उन जैसे अन्य किसान भाई बहुत परेशान रहते थे। नेताम आगे बताते हैं कि रबी की फसल तो दूर खरीफ फसल में भी नहर से सिंचाई को लेकर किसानों के बीच झगड़े की स्थिति भी निर्मित हो जाती थी; लेकिन यह समस्या अब बीते दिनों की बात हो गई है। नहर लाइनिंग के बाद हो रही सिंचाई सुविधा के मद्देनजर उन्होंने खरीद फसल के रूप में 4 एकड़ में बासमती और 3 एकड़ में महेश्वरी किस्म की धान की बुआई की थी।

### योजना से प्रत्यक्ष लाभ

नरहर नेताम के परिवार को महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत वर्षः 2019-20 में 80 दिनों के रोजगार के लिए 14,080.00 रुपये एवं चालू वितीय वर्षः 2020-21 में 105 दिनों के रोजगार के लिए 19,950.00 रुपये की मजदूरी का भुगतान किया गया है।

## कोडेनार पंचायत में खेला जा रहा है टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता




पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत कोड़ेनार रिंग रोड नंबर 4 रेलवे इमली ग्राउंड में पंचायत समिति के तत्वाधान में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें 32 टीम भाग ले रही है।टूर्नामेंट के तीसरे दिन पटेलपारा बनाम मेलबर्न स्टार के मध्य मैच खेला गया जिसमें पटेलपारा पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 156 रन बनाया वहीं मेलबर्न स्टार 8 विकेट के नुकसान पर मात्र 90 रन ही बना पाई और मैच पटेलपारा के नाम रही।इसमें रंजीत मैन ऑफ द मैच रहे जिसने 40 रन बनाया एवं 01 विकेट भी लिया। इस दौरान सरपंच मीना मण्डावी, भीमा उर्फ ओरा, नितिन दुबे उपस्थित थे।

## भाजपा मण्डल अध्यक्ष रामेश्वर उसेण्डी के नेतृत्व में प्रदेशाध्यक्ष का जोशीला स्वागत

पायनियर संवाददाता ‹ केशकाल
www.dailypioneer.com



बस्तर के प्रवेश द्वार फूलों की घाटी केशकाल में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष बनने उपरांत केशकाल प्रथम आगमन पर प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव साय के आगमन को लेकर 11 बजे भाजपा मण्डल केशकाल ने जोर शोर से स्वागत किया इस बीच केशकाल पंचवटी से बाइक रैली निकाल केशकाल बस स्टैंड से होकर पूर्व जिलाध्यक्ष सन्तोष कटारिया के निवास में सभा लेने पहुचे इस बीच महिला मोर्चा टीम ने भी भव्य स्वागत किया वही भाजपा मण्डल अध्यक्ष रामेश्वर उसेण्डी के नेतृत्व में हुआ इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष के सामने रिटायर्ड शिक्षक मंगलू राम नाग व सखा राम समरथ ने भाजपा प्रवेश किया इस बीच सभा को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव साय ने सभी कार्यकर्ताओं को जोश के साथ कार्य करने की बात कही इस बीच उन्होंने बस्तर में होने वाले आगामी कार्यकम को लेकर भी कार्यकर्ताओ को एकजुट होने की बात कही साथ ही जेल भरो आंदोलन को लेकर भी जिला मुख्यालय 2000 से अधिक कार्यकर्ताओ के पहुचने की बात कही सभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री व प्रदेश उपाध्यक्ष लता उसेण्डी ने भी कार्यकताओ को प्रदेश की झूठी व वादा खिलाफी सरकार द्वारा किसानों के साथ क्षल करने की बात कही इस बीच मुख्य रूप से जिला कोण्डागांव प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा, बस्तर संभाग प्रभारीव विधायक शिवरतन शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज जैन, जिला अध्यक्ष भाजपा दीपेश अरोरा, अजय मिश्रा, भूपेश चन्द्राकर,किश्णु यादव सहित भाजपा के महिला मोर्चा व विभिन्न प्रकोष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## डेढ़ साल से भटक रही एक मां, न्याय न मिलने पर आत्महत्या की दी चेतावनी

पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com




अपने मृत बेटे को न्याय दिलाने के लिए एक माँ डेढ़ साल से दर -दर भटक रही और अब तक न्याय नहीं मिल पाया पुलिस प्रशासन से बस आश्वासन ही मिल रहा,यह मामला जगदलपुर शहर के हाटकचोरा निवासी डी शांता विक्टोरिया का है जिसके 13 साल के मासूम बेटे ज्ञान प्रशांत की लाश 25 जुलाई 2019 को शहर से लगे हल्बा कचोरा आडावाल में स्थित आदेश्वर एकेडमी के एक कमरे फंदे से लटकती हुई मे मिली थी प्रथम दृष्या पुलिस ने इस मामले को आत्महत्या करार दिया था लेकिन इस मामले पर अपने बेटे की संदेहास्पद मृत्यु पर आशंका जताते हुए मृतक की माँ ने जाँच की माँग की है और उसके द्वारा इस मामले मे पतासाजी करने पर स्कूल के वार्डन व टीचर द्वारा मृतक ज्ञान प्रशांत से आएं दिन मारपीट कर प्रताड़ित किये जाने का खुलासा हुआ . इधर पुलिस आत्महत्या का मामला दर्ज कर इसकी जांच कर रही है लेकिन वही अपने मासूम बेटे को खो चुकी माँ ने बेटे की हत्या की आशंका पर हत्यारों को सजा दिलाने की मांग की है और न्याय के लिए पुलिस के आला अधिकारियों के पास गुहार लगाने को मजबूर है। न्याय की तलाश मे दर दर भटक रही पीड़ित माँ शांता विक्टोरिया का कहना है कि इस घटना को डेढ़ साल बीत चुके हैं ज्ञान प्रशांत के साथ अध्ययन करने वाले उसके बेटे के दोस्तों ने पुलिस को पुलिस के समक्ष बयान भी दिया कि स्कूल के टीचर और वार्डन ज्ञान प्रशांत से आएं दिन मारपीट करते थे इस बयान के बाद भी अब तक पुलिस ने ना तो वार्डन ना ही टीचर से कोई पूछताछ की है जाँच का पहला स्टेप भी ठीक तरह पुर नहीं किया गया इस मामले को दबाने का पूरा प्रयास किया जा रहा विक्टोरिया का कहना है कि उन्होंने कई न्याय के लिए कोतवाली के थाना प्रभारी मुलाकात की और गुहार लगाई लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला यहां तक कि विक्टोरिया ने प्रदेश के मुख्यमंत्री,डीजीपी,बस्तर आईजी,एसपी को पत्र लिख कर अपने बेटे ज्ञान प्रशांत को न्याय दिलाने की गुहार लगाई। लेकिन उसके बाद भी किसी ने इस माँ के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ कदम नहीं उठाया जिसके चलते विक्टोरिया अब हताश हो गई है और उसने न्याय न मिलने पर आत्महत्या करने की चेतावनी दी है उसके पुलिस प्रशासन ,शासन को कोई फर्क नहीं पड़ रहा।

## 17 फरवरी तक चलेगा 32वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह

पायनियर संवाददाता ‹ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



कोण्डागांव विधायक मोहन मरकाम के मुख्य आतिथ्य एवं कोंडागांव कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी की उपस्थिति में 32वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2021 का शुभारंभ किया गया।

पुलिस मुख्यालय रायपुर एवं परिवहन विभाग मंत्रालय रायपुर के आदेशानुसार 18 जनवरी के प्रातः 12 बजे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2021 का शुभारंभ पीसीसी चीफ व कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम द्वारा यातायात रक्षक रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना कर किया गया।

जिसके माध्यम से ट्रैफिक पुलिस कोंडागांव द्वारा नियमित रूप से जिला कोण्डागांव के हर गांव बाजार, चौक-चौराहों में जाकर यातायात नियमों के संबंध में जानकारी दी जावेगी। जिससे सड़क दुर्घटना से होने वाली जन धन की हानि से बचा जा सके तथा आमजनों यातायात नियमों की जानकारी हो सके। कार्यक्रम की अगली कड़ी में हेलमेट बाईक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें मरकाम जी की अगुवाई में कलेक्टर कोण्डागांव, पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव, पुलिस के समस्त स्टाफ, जिले के जन प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक सम्मलित हुए। बाईक रैली पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्रारम्भ होकर रायपुर नाका, जामकोट पारा, जयस्तम्भ चौक, रेस्ट हाउस चौक होते हुए एनसीसी ग्राउण्ड पर समाप्त किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में स्कूली बच्चो द्वारा यातायात जागरूकता गीत प्रस्तूत किया गया। बाद पुलिस अधीक्षक कोंडागांव द्वारा पिछले वर्ष की दुर्घटनाएं और उनसे हुये नुकसान का जीक्र करते हुये सड़क सुरक्षा माह के महत्व को बताया गया। एवं 1 माह तक होने वाले जागरूकता कार्यक्रम की जानकारी दी गई।

**जवान ने नोटिस का लिखित में दिया जवाब**

# जवान ने नहीं धोया अंत:वस्त्र तो स्पष्टीकरण के साथ हुआ तबादला

पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com


उक्त संबंध में अपना लिखित स्पष्टीकरण दिनांक 15.01.2021 तक प्रस्तुत करें।



बस्तर जिले के करणपुर में तैनात छ.स.बल 19 बटालियन के धोबी ट्रेड के आरक्षक को सहायक सेनानी द्वारा अंतःवस्त्र नहीं धोने पर स्पष्टीकरण देकर जवाब मांगा है। अब यह स्पष्टीकरण का पत्र सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। दरअसल 14 जनवरी को करणपुर में तैनात सीएएफ 19 बटालियन में पदस्त धोबी ग्रेड के जवान रामचरण निर्मलकर को सहायक सेनानी जेम्स एक्का ने स्पष्टीकरण के रूप में जवाब माँगा, जिसमे सहायक सेनानी ने जवान से पूछा था कि उसने कपड़ों के साथ दिए गए अंडरगार्मेंट को धोने से क्यों मना किया इसका कारण लिखित तौर पर दिया जाये। जवान ने भी लिखित में जवाब देते हुए कहा है कि अंडरगार्मेंट धोने पर उसके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचती है साथ ही जवान ने भर्ती प्रकिया के दौरान भी इस बात का जिक्र नहीं होने की जानकारी का उल्लेख किया है कि नौकरी के दौरान उसे अधिकारीयों के अंडरगार्मेंट्स भी धोने पड़ेंगे। जवान के द्वारा दिए गए जवाब के बाद अब उसे बीजापुर स्थानांतरित कर दिया गया है।

अधिकारी व् जवान के बिच हुए पत्राचार के सारे पत्र अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहे हैं ,जिससे यह मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। मामले की जानकारी लेने के लिए बटालियन के कमांडेंट धर्मेंद्र गर्ग से बात करने पर उन्होंने कहा कि यह बहुत सामान्य मामला है, भर्ती के समय किसी भी जवान को यह जानकारिओं नहीं दी जाती कि ज्वाइनिंग के बाद उसे क्या काम करना होगा। हालाँकि अब यह मामला प्रदेश के डीजी तक पहुँच चूका है और उन्होंने भी मामले की गंभीरता को समझते हुए इस पर जाँच के आदेश दिए हैं। आपको बता दें कि बस्तर में तैनात जवानो के द्वारा कई बार आत्महत्या कर लिया जाता है , समय समय पर इसके अलग अलग कारन बताये जाते हैं।

कई बार अधिकारीयों द्वारा जवानो को प्रताड़ित करने की जानकारी भी आती है पर कोई भी जवान खुल कर सामने नहीं आता जिससे बात दब जाती है। पर इस मामले में सरे पत्र सामने आ जाने से अधिकारीयों के व्यवहार पर कई सवाल उठ रहे हैं।

## आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री से मिलने जिला अध्यक्ष एवं कांग्रेस जिला महामंत्री को दिया पत्र

पायनियर संवाददाता ‹ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



कोण्डागांव जिला मुख्यालय में माननीय मुख्यमंत्री के आगामी प्रवास को तक देखते हुए, आम आदमी पार्टी नेता आशुतोष पांडे व टीम के साथ कांग्रेस पार्टी के महामंत्री गीतेश गांधी एवं अध्यक्ष को लिखित पत्र दे कर मुख्यमंत्री से सार्वजनिक मुलाकात का मौका मांगा है। दिए गए पत्र में स्पस्ट किया है की मुख्यमंत्री की सुयोजनाओ पर धन्यवाद के साथ प्रदेश में और खास कर कोण्डागांव जिले में चल रहे भयंकर भ्रष्टाचार के विषय मे मुख्यमंत्री जी से सार्वजनिक मुलाकात के लिए समय मांगा है।

इस हेतु महामंत्री कांग्रेस और जिला अध्यक्ष को पत्र देने स्वयं आशुतोष पांडे प्रदेश सह संयोजक आम आदमी पार्टी, चन्द्रभान श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष, विजय सोनपीपरे जिला महासचिव, नेहरू नेताम किसान विंग, राम देव नेताम युथ विंग ब्लॉक अध्यक्ष, उदय सिन्हा युथ विंग केशकाल निज निवास पर पत्र दिया।

## क्विक न्यूज

### सुकन्या खाता खोलने डाकघर में विशेष शिविर

**बलौदाबाजार।** 1 सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता खोलने के लिए जिला मुख्यालय स्थित मुख्य डाकघर में 21 जनवरी से 23 जनवरी तक तीन दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत 10 साल तक की बच्ची का खाता खोला जाता है। फिलहाल सबसे ज्यादा ब्याज दर इस योजना के अंतर्गत दिया जा रहा है। उप संभागीय डाक निरीक्षक योगेश गोंधलेकर एवं डाकपाल नवीन डोले ने बताया कि खाता खोलने के लिए बालिका का जन्म प्रमाण पत्र अथवा आधार, पालक का आधार कार्ड एवं तीन फोटो की जरूरत होगी।

## निधन

### श्रीकुमारी अग्रवाल



**बलौदाबाजार।** बलौदाबाजार निवासी श्रीकुमारी अग्रवाल का निधन 18 जनवरी को हो गया है। वे 86 वर्ष की थीं। वे वरिष्ट प्रिंसिपल सुबोध अग्रवाल की पत्नी थी। अंतिम यात्रा निज निवास से निकाला गया पश्चात अंतिम संस्कार रायपुर रोड स्थित मुक्ति धाम में किया गया। वे एडवोकेट गिरिराज अग्रवाल, स्टाम्प वेन्डर देवराज अग्रवाल, सारिका अग्रवाल की माता थी।

# उद्यमिता एवं स्वरोजगार के मामले में धमतरी जिला प्रदेश में अग्रणी

■ **जिले के प्रभारी मंत्री ने उद्यम समागम कार्यशाला में शिरकत कर 40 युवकों को ऋण के चेक वितरित किए**

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com




'छत्तीसगढ़ सरकार की नवीन औद्योगिक नीति से युवातुर्क को रोजगार के बेहतर अवसर मुहैया होंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा जनता और समय की मांग के आधार पर कार्ययोजना तैयार कर नए अवसर तैयार किए जा रहे हैं। धमतरी जिला धान की फसल के लिए उपयुक्त है और उद्यमिता और स्वरोजगार के क्षेत्र में यह पूरे प्रदेश में अग्रणी है।' उक्त बातें प्रदेश के उद्योग एवं वाणिज्य और वाणिज्यिक कर मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा ने जिला स्तर पर आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला 'उद्यम समागम' में भावी युवा उद्यमियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने प्रदेश की औद्योगिक नीति का लाभ उठाते हुए स्वरोजगार अपनाने का आव्हान युवाओं से किया। स्थानीय मराठा मंगल भवन में आयोजित कार्यशाला में सिहावा विधायक एवं मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने अपने उद्बोधन में वनोपज आधारित उद्योगों की स्थापना पर जोर देते हुए कहा कि क्षेत्र के युवा अपना कौशल उन्नयन कर स्वरोजगार अपनाए, इसके लिए उद्योग विभाग के सतत् मार्गदर्शन में सार्थक व सकारात्मक प्रयास करने होंगे। कार्यशाला में मौजूद अपर संचालक उद्योग प्रवीण शुक्ला ने बताया कि विभाग के प्रयासों से नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जा रहे हैं जिसमें रोबोटिक्स, रक्षा उपकरण, ड्रोन निर्माण जैसे अत्याधुनिक उद्योग सम्मिलित हैं। महाप्रबंधक उद्योग सुरेन्द्रपुरी गोस्वामी ने जानकारी दी कि जिले के प्रत्येक विकासखण्ड में फूडपार्क की स्थापना के लिए भूमि का चिन्हांकन कर धमतरी विकासखण्ड के देवरी, नगरी के गट्टासिल्ली और मगरलोड के तेंदूभाठा में भूमि अधिग्रहित किया गया है, जबकि कुरूद में मेगा फूड पार्क पूर्व से ही स्थापित है। उन्होंने यह भी बताया कि गत दिसम्बर 2020 में 32 उद्यमियों को प्रशिक्षण उपरांत उद्यमिता से जो?ा गया, जो प्रदेश में सर्वाधिक है। साथ ही महाप्रबंधक ने ग्राम श्यामतराई में राजीव गांधी वनोपज प्रसंस्करण पार्क की स्थापना के लिए बजट स्वीकृत होने की जानकारी दी। इसके अलावा मंचस्थ वरिष्ठ अतिथियों ने भी अपने विचार इस दौरान प्रकट किए। कार्यशाला में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने इस दौरान मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत 40 हितग्राहियों को ऋ्रण वितरित किया तथा उन्हें बेहतर उद्यमी बनने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महापौर विजय देवांगन, कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष कांति सोनवानी, उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर, पूर्व विधायक धमतरी गुरूमुख सिंह होरा, कुरूद श्री लेखराम साहू सहित वरिष्ठ नागरिक शरद लोहाणा, मोहन लालवानी एवं काफी संख्या में उद्योग जगत से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में सदस्य जोड़ों महाभियान का आगाज



पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

समाज सेवी संस्था संजीवनी रक्तदाता संघ के नेतृत्व में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सदस्य जोड़ों महा अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों के युवा वर्ग युवको एवं युवतिया रक्तदान जैसे मुहिम कार्य में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है । और सामाज सेवा कार्यो के लिए आगे आ रहे हैं ,जो कि हमारे समाज एवं गाँव के लिए बहुत ही अच्छा संकेत है । इसी क्रम में आज हमारे बीच पुनः ग्राम भरुवाडीह कला के सक्रिय सदस्य इंद्राज निषाद एवं उपाध्यक्ष एवं सरपंच प्रतिनिधि कपिल निषाद तथा अपने गांव के युवा साथियों से प्रेरणा लेकर एक नए सदस्य अरुण निषाद ने सदस्यता ग्रहण किया और संस्था प्रमुख को आश्वस्त करते हुए कहा कि मैं भी लोगों को जितना हो सके इस जनकल्यान जैसे पुनीत कार्य में जुड़ने के लिए प्रेरित करके सदस्यता दिलाएंगे और इस नेक कार्य को निरंतर चलाते रहेंगे जिससे जरूरमंद की जरूरत को पूरा कर सकेंगे । सामाजिक जागरूकता के अन्य कार्यो के रूप में संस्था द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की दीवारों पर संस्था के विचारों का लेखन का कार्य भी किया जा रहा है जिससे कि ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान के प्रति जागरूकता का प्रसार हो सके और अधिक संख्या में लोग रक्तदान करने हेतु आगे आएं।

# सरकार के वादा खिलाफी को लेकर 22 को धरना-प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने बताया कि छ. ग. राज्य सरकार के वादा खिलाफी धान खरीदी की अव्यवस्था, बारदाना कमी, रकबा कटौती को लेकर जिला स्तरीय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन 22 जनवरी दिन शुक्रवार को 12 बजे बड़ा तालाब में कार्यक्रम जिला अध्यक्ष अभिनेष कश्यप के नेतृत्व रखा गया है जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश प्रभारी पुरंदेश्वरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉक्टर रमण सिंह ,प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव साय व प्रदेश के सभी वरिष्ठ नेता शामिल होंगे वही तिल्दा शहर अध्यक्ष विष्णुशर्मा ने शहर के सभी किसान भाइयों व जिला पदाधिकारी, मंडल कार्यसमिति, सभी मोर्चा/प्रकोष्ठ, सभी कार्यकर्ताओं अपील की करते हुए कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार से हर वर्ग प्रभावित है। खासकर किसान सर्वाधिक परेशान है गिरदावरी के नाम पर योजनाबद्ध तरीके से किसानों के धान का रकबा कम कर दिया गया पहली बार ऐसी परिस्थिति बनी कि रकबा शून्य कर दिया गया। किसान भी परेशान हुए कि आखिरकार उनका खेत कैसे चोरी हो गया। 15 दिन बाद धान खरीदी आरंभ की गई। टोकन के लिए किसानों को परेशान होना पड़ा। राज्य सरकार के कुप्रबंधन के कारण बारदानों की कमी से भी किसानों को जूझना पड़ रहा है।

# तालमेल से काम करें अधिकारी : गुरु रूद्रकुमार

■ **गिरौदपुरी मेला का आयोजन 20 मार्च तक गुरु गद्दीनशीन विजय गुरू की अध्यक्षता में मेला समिति की बैठक**

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




गिरौदपुरी धाम में इस साल तीन दिवसीय गुरूदर्शन मेले का आयोजन 18 से 20 मार्च 2021 तक किया जायेगा। जगतगुरू गुरू गद्दीनशीन विजय कुमार गुरू की अध्यक्षता में गिरौदपुरी मेला आयोजन समिति की जिला पंचायत के सभागार में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में मेले की तिथि का निर्धारण किया गया। राज्य शासन के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्रकुमार, राज राजेश्वरी कौशल माता, राजमहंत गण सहित कलेक्टर सुनील जैन, एसपी आई.के.एलेसेला सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। बैठक में लाखों दर्शनार्थियों के मेले में समागम को देखते हुए तैयारियों के संबंध में व्यापक विचार-विमर्श करते हुए मेले के सफल आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। विजय कुमार गुरू ने कोरोना काल को ध्यान में रखते हुए दर्शनार्थियों को इसके बचाव के उपाय करते हुए मेले में आने का आग्रह किया है।

मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने बैठक में कहा कि मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं। उनके लिए बुनियादी सुविधाओं का इंतजाम करना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है। सभी विभाग आपसी ताल-मेल के साथ काम करके इस ब? आयोजन को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को भी कोरोना से बचाव का संपूर्ण उपाय सुनिश्चित करने की अपील भी की है। कलेक्टर श्री सुनील कुमार जैन ने बैठक की कार्यवाही का संचालन करते हुए मेले के लिए इस साल प्रस्तावित की गई व्यवस्था की जानकारी दी। मेले की तमाम व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कसडोल एसडीएम श्री मिथिलेश डोण्डे को मेला अधिकारी नियुक्त किया गया है। कानून व्यवस्था में उन्हें सहयोग प्रदान करने के लिए राज्य स्तर से करीब 15 डिप्टी कलेक्टरों की तैनाती की जाएगी। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग को पत्र लिखा गया है। दर्शनार्थियों के लिए पेयजल एवं निस्तारी जल की पर्याप्त इंतजाम रहेगी। मेला स्थल पर मौजूद 30 लाख, 8 लाख एवं 75 हजार लीटर क्षमता के टैंक को साफ कराकर पानी से भरा जाएगा। मंदिर परिसर, महराजी, छातापहाड़ एवं पंच कुण्डीय में अलग से पानी टंकी का इंतजाम रहेगा।

# जनसेवा और जनता के प्रति समर्पण का नजारा दिखा सड़क पर

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन (गफ्फु) के जनसेवा और जनता के प्रति समर्पण का नजारा सोमवार को नगर के बीच सड़क में देखने को मिला। जहां नगर पालिका अध्यक्ष सड़क किनारे खड़े होकर जरूरतमंदर लोगो की समस्या सुनते और उनका निराकरण करते हुए दिखे। दरअसल सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन अपने किसी कार्य से गौरवपथ मार्ग से जा रहे थे इसी दौरान एक जरूरतमंद व्यक्ति ने उन्हें आवाज देकर बीच रास्ते में ही रोक दिया और अपनी समस्या उन्हे बताने लगे। उक्त व्यक्ति ने अपने साथ कुछ दस्तावेज भी साथ रखे थे जिस पर नगर अध्यक्ष की अनुशंसा की जरूरत थी। उस व्यक्ति आवाज सुनकर तत्काल नपा अध्यक्ष सड़क किनारे रूके और सहजता के साथ उस व्यक्ति की समस्या सुनी। सड़क पर ही खड़े होकर उन्होने उस व्यक्ति के समस्या का निराकरण किया और जिन दस्वावेजो में अनुशंसा की जरूरत थी उसमें हस्ताक्षर भी किये। इधर इस पूरे घटनाक्रम को समीप खड़े एक युवक ने अपने मोबाइल में कैंद कर लिया। जिसके बाद यह घटना सोशल मीडिया में नजर आने लगी।

# कुर्मी क्षत्रिय समाज के सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बलौदाबाजार जिले के ग्राम वटगन में आयोजित पलारी राज कुर्मी क्षत्रिय समाज के 75 वें राजअधिवेशन में शामिल हुए। उन्होंने समाज के पूर्वजों को श्रद्धासुमन अर्पित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। बघेल ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए ग्राम वटगन में संचालित शासकीय महाविद्यालय के भवन निर्माण और कुर्मी समाज के सामुदायिक भवन बनाने के लिए 35 लाख रूपये की स्वीकृति की घोषणा की है। उन्होंने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को समाज की ओर से सम्मानित भी किया। सम्मेलन की अध्यक्षता कुर्मी समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष डॉ. रामकुमार सिरमौर ने की। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद छाया वर्मा,संसदीय सचिव शकुन्तला साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा और छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरिश देवांगन, पूर्व विधायक जनकराम वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री बघेल ने मुख्य अतिथि की आसंदी से सम्मेलन में कहा कि छत्तीसगढ़ में नई सरकार के गठन के बाद धान खरीदी की मात्रा और किसानों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। तीन साल पहले जहां केवल 15 लाख किसानों से धान खरीदी होती थी,वहीं आज साढ़े 21 लाख किसान समितियों में धान बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को न्याय दिलाने के लिए ही हमारे पूर्वजों ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया है। धान, मक्का,गन्ना के बाद राज्य की सरकार ने अब कोदो-कुटकी को भी समर्थन मूल्य पर खरीदने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि कोरोना संकट से उपजे बारदानें की प्रारंभिक समस्या के बाद भी सफलता पूर्वक धान खरीदी चल रही है। अब तक हमने किसानों से 76 लाख मीटरिक टन धान की खरीदी कर चुके हैं।

# सरसीवा में प्रारंभ हुआ निःशुल्क नवोदय कोचिंग

■ **शिक्षक महेत्तर देवांगन की अभिनव पहल**

पायनियर संवाददाता ◄ सरसींवा
www.dailypioneer.com



विकासखंड मुख्यालय बिलाईगढ़ के अंतिम छोर मे स्थित ग्राम सरसीवा में निशुल्क नवोदय कोचिंग प्रारंभ किया गया । शिक्षक कला एवं साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ जिला बलौदा बाजार द्वारा एवं पीएलसी नवाचारी बिलाईगढ़ द्वारा ग्राम सरसीवा में निशुल्क नवोदय कोचिंग बच्चों के लिए प्रारंभ किया गया है । यह नवोदय कोचिंग पीएलसी हेड एवं जिला अध्यक्ष शिक्षक कला साहित्य अकादमी बलौदा बाजार महेत्तर लाल देवांगन एवं सरसीवा संकुल समन्वयक आर सी सोनवानी द्वारा माँ सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ प्रारंभ किया गया है । शिक्षक महेत्तर लाल देवांगन ने बताया की विभाग एवं शासन द्वारा कक्षा पांचवी में अध्ययनरत शत प्रतिशत बच्चों का नवोदय फार्म भरने हेतु आदेशित किया जाता है किंतु फार्म भरने के उपरांत विभाग द्वारा किसी भी प्रकार का बच्चों के लिए कोचिंग की व्यवस्था नहीं की जाती है । निजी शालाओं में अध्ययनरत बच्चे अपना कोचिंग कहीं जाकर कर लेते हैं किंतु हमारे शासकीय शालाओं में साधन एवं सुविधा हीन बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं वह अपना कोचिंग नहीं कर पाते हैं ऐसे बच्चों की सहायता के लिए शिक्षक कला एवं साहित्य अकादमी जिला इकाई बलौदा बाजार एवं पीएलसी नवाचारी बिलाईगढ़ द्वारा विकासखंड के सरसीवा मे निशुल्क नवोदय कोचिंग प्रारंभ किया जा रहा है। जिसमे सरसीवा अंचल के बच्चे निःशुल्क नवोदय कोचिंग प्राप्त करेंगे।शिक्षक महेत्तर लाल देवांगन द्वारा संचालित इस निःशुल्क कोचिंग की सराहना विकास खंड शिक्षा अधिकारी , मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बिलाईगढ़ ,जनपद अध्यक्ष बिलाईगढ़ मति भूमिका कत्थाकार द्वारा इस की गई है। इस कोचिंग क्लास में पीएलसी एवं अकादमी के सदस्य व शिक्षक साथी अपना निशुल्क समय इस कोचिंग क्लास में दे रहे हैं। जिसमें प्रमुख रूप से नंदा साहू,छाया साहू, रुखमणी साहू,सीमा पाण्डे, घनश्याम साहू मुरली धर प्रधान महेत्तर लाल देवांगन द्वारा प्रतिदिन निशुल्क सेवाएं दिया जा रहा है।

# श्रद्धांजलि अर्पित करने उमड़ा जन सैलाब

पायनियर संवाददाता ◄ नगरी
www.dailypioneer.com

ब्लाक मुख्यालय से लगे ग्राम छिपली मे छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद खिलावन सिंह बिसेन को श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजली अर्पित करने ग्राम छिपली मे जन सैलाब उमड़ पड़ा । विदित हो कि ग्राम छिपली नगरी के जवान खिलावन सिंह पिता स्व श्री डोमार सिह बिसेन नारायणपुर थाना मे पदस्थ थे 18 दिसम्बर 2000 को ग्राम छिपली के गुरू घासीदास जयंती मे शामिल हुए थे तथा 19 तारीख को पुनः अपनी ड्यूटी मे चले गए।

18 जनवरी 2001 को सर्चिंग पर निकले थे कि नारायणपुर थानांतर्गत ईसरभट्ठी के पास नक्सलियो से मुड़भेठ हो गया जहां दोनो ओर से गोली बारी मे जबांज सिफाई खिलावन सिंह बिसेन शहादत हो गए जिनके याद मे ग्राम के युवा साथियो के ग्रामीण जन प्रति वर्ष भब्य मशाल जलूस निकालकर देश पर मर मिटने वाले माटी पुत्र को पुष्पांजलि अर्पित करते है। सर्व प्रथम शहीद की धर्मपत्नी श्रीमति सरीता बिसेन पुत्र खितेन्द्र बिसेन जितेंद्र बिसेन भाई खुश बिसेन बहन पुर्णिमा बिसेन ने परिवार सहित शहीद स्मारक पर पूजा-अर्चना कर पुष्पांजलि अर्पित किये तत्पश्चात ग्रामवासियो ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रध्दांजलि दिऐ इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी नगरी के अध्यक्ष भूषण साहू भाजपा महामंत्री हृदय साहू सरपंच संत नेताम ग्राम पटेल मनहरण साहू टिकेश साहू गुरूप्रसाद साहू लक्ष्मीकांत साहू तोमल साहू नेपाल साहू अजय साहू वासुदेव साहू विष्णु सोम भोजराज नवरंग दुलेश्वर नवरंग टिकेश नवरंग हेमंत ध्रुव रोशन सार्वा लाभेन्द्र साहू कुलेश्वर साहू चन्द्रकांत गोलू कश्यप नीलकमल मोन्टू विक्की टिकेन्द्र देवयानी शर्मा सातोबाई शशि साहू जानकी रामबती खुश्बू अंजू सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## विकास कार्यों के लिए 97 लाख की सैद्धांतिक मंजूरी दी गई

# मंत्री लखमा की अध्यक्षता में शासी परिषद् की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिला खनिज संस्थान न्यास निधि के तहत शासी परिषद् की बैठक लेते हुए प्रदेश के वाणिज्यिक कर (आबकारी), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा ने जिला खनिज संस्थान न्यास मद अंतर्गत एजेंसीवार एवं वर्षवार स्वीकृत कार्यों की आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक लेकर समीक्षा की। इस मौके पर शासन की महत्ती योजना स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में अधोसंरचना विकास के लिए राजीव गांधी शिक्षा मिशन से प्राप्त प्रस्ताव अनुसार डीएमएफ वर्ष 2020-21 से लगभग 97 लाख 59 हजार रूपए के कार्यों की सैद्धांतिक स्वीकृति शासी परिषद् द्वारा दी गई। बैठक में डी.एम.एफ. से स्वीकृत कार्यों की प्रगति की विभागवार जानकारी देते हुए बताया गया कि मछलीपालन विभाग द्वारा गंगरेल जलाशय में कार्यरत छः मछुआ सहकारी समितियों को 21 लाख रूपए के महाजाल वितरण किया गया। दरअसल पूर्व में विभाग के सहयोग से इन छः समितियों को जाल प्रदाय किया गया था, किन्तु लगातार उपयोग किए जाने से जाल खराब होने की वजह से इन छः समितियों को मत्स्याखेट में सहायता प्रदान करने के लिए 21 लाख रूपए का अंशदान सहायता राशि डी.एम.एफ. से वित्तीय वर्ष 2020-21 में स्वीकृत की गई। इसी तरह जलाशय में मत्स्य उत्पादकता में वृद्धि के लिए नौ लाख 50 हजार मत्स्य बीज ग्रास कार्प का संचयन 19 लाख रूपए में किया गया। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में राज्य अंशदान प्राप्त ना होने की स्थिति में डी.एम.एफ. से यह सहायता प्रदाय की गई है। बैठक में सहायक संचालक, उद्यान ने बताया कि उद्यानिकी विभाग द्वारा 65 लाख रूपए डीएमएफ से स्वीकृत कर एन.जी.जी.बी. के तहत चिन्हित 68 गोठान गांव में व्यक्तिगत पोषण बाड़ी एवं 19 सामुहिक बाड़ियों में कार्यरत स्व सहायता समूहों के 227 महिलाओं को आदान सामग्री के रूप में सहायता प्रदान किया गया। जैसे सब्जी क्षेत्र विस्तार, पुष्प क्षेत्र विस्तार, पुष्प प्रदर्शन इत्यादि। इसके साथ ही एफ.आर.ए. क्लस्टर नगरी के छः पंचायतों में 117 एकड़ एवं मगरलोड शासकीय भूमि के 178 एकड़, कुल 295 एकड़ में ड्रिप स्प्रिंकलर हितग्राहियों, विभागीय अनुदान/डीएमएफ मद से 85 प्रतिशत एवं कृषकों से 10 से 15 प्रतिशत राशि अंशदान के रूप में लेकर 135 किसानों को लाभान्वित किया गया। इस प्रकार जिले में 2193 हितग्राहियों को डीएमएफ मद से आदान सामग्री के रूप में लाभान्वित किया गया। शासी परिषद् की बैठक में उप संचालक कृषि ने बताया कि वर्ष 2020-21 में लघु सीमांत, अनुसूचित जनजाति एवं विशेष पिछड़ी जनजातियों के 3526 किसानों को कृषक अंशदान की राशि विभागीय (50 प्रतिशत) तथा डीएमएफ के अभिसरण से (50 प्रतिशत) प्रदाय की गई। साथ ही पौध संरक्षण संयंत्र, माइक्रो न्यूट्रिंट्स बॉयो फर्टिलाईजर डीएमएफ से निःशुल्क प्रदाय किया गया।

# जुआ खेलते 8 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

पायनियर संवाददाता ◄ सरसींवा
www.dailypioneer.com



तास पत्ती से काट पत्ती नामक जुआ खेलने वाले 08 आरोपियों को सरसीवा पुलिस ने पकड़ने में सफलता पाई है जिनके पास नगदी रकम 5440/ रुपए एवं तासपती जप्त किया गया है । थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार आई.के. एलिसेला द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब, जुआ, सट्टा के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु कड़े निर्देश दिए गए है जिस पर अमल करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार श्रीमती निवेदिता पाल एवं संजय तिवारी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बिलाईगढ़ के निर्देशन पर थाना सरसीवा पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर ग्राम गगोरी के भदरी तालाब पार में कुछ जुआड़ियान रुपए पैसे की दाव लगाकर तासपत्ती से जुआ खेल रहे है की सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहन के तत्काल ग्राम गगोरी के भदरी तालाब पार के पास पहुंचकर रेड कार्यवाही कर आरोपियान (1) खगेश्वर साहू पिता रमेश चंद्रा साहू उम्र 30 वर्ष, (2) मोतीलाल साहू पिता घसिया साहू उम्र 53 वर्ष, (3) माधव साहू पिता सुखीराम साहू उम्र 30 वर्ष , (4) चंद्रशेखर साहू पिता मूलचंद साहू उम्र 24 वर्ष, (5) अवध पटेल पिता उद्धव पटेल उम्र 46 वर्ष सभी साकिनान गोरी थाना सरसीवा,(6) दरस राम टंडन पिता भरतराम टंडन उम्र 45 वर्ष साकिन रामभाटा थाना सरसीवा,(7) पुरन जायसी पिता महेत्तर जायसी उम्र 42 वर्ष साकिन गाड़ापाली थाना सरसीवा,(8) विजय साहू पिता छेड्डु साहू उम्र 29 वर्ष साकिन रोहिना थाना भटगांव को मौके पर तासपत्ती से काट पत्ती नामक जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़कर आरोपियों के कब्जे से नगदी रकम 5440/रुपए एवं तासपत्ती को समक्ष गवाहन के विधिवत जप्त किया।

## 32 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2021 का शुभारंभ

# नियमों का हमेशा पालन करें, सभी को हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



आम नागरिकों में यातायात एवं सड़क सुरक्षा संबंधित जागरूकता लाने हेतु जिला बेमेतरा में 18.जन से 17.फर तक एक माह का 32 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पुराना बस स्टैण्ड सिग्नल चौक बेमेतरा में बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा, बेमेतरा नगरपालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल एवं अपर कलेक्टर संजय दीवान, अति. पुलिस अधीक्षक विमल कुमार बैस के द्वारा, समाजसेवी व अधिकारी/कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में मां सरस्वती की पूजा अर्चना व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने अपने उदबोधन में यातायात के नियमो व यातायात के सांकेतिक चिन्हों सड़क दुर्घटनाओं से बचने के तरीके बताये गये एवं बिना लायसेंस वाहन न चलाने, दोपहिया वाहन में तीन सवारी ना बैठने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहन कर वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग ना करने, साथ ही यातायात के नियमों का हमेशा पालन किये जाने एवं सभी को हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

बेमेतरा नगरपालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू ने अपने उदबोधन में नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने दे, तेज रफ्तार से वाहन न चलाने, वाहन गति सीमा में ही चलाने, पुराना बस स्टैण्ड बेमेतरा में लगे इलेक्ट्रानिक ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने के साथ ही यातायात के नियमों का हमेशा पालन किये जाने एवं सभी को हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने अपने उदबोधन में 32 वॉं राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2021 के इस अवसर में यातायात के नियमों का हमेशा पालन करने एवं अधिक से अधिक हेलमेट धारण संबंधी प्रोत्साहन देने हेतु पुलिस का सहयोग करें, जिससे सड़क हादसों के दौरान संभावित हेलमेट नहीं पहनने के कारण हो रही मौतो को रोका जा सके। आपका जीवन अमूल्य है। विभिन्न पारिवारिक कार्यक्रमों में हम खर्च करते है, परंतु एक कम कीमत के हेलमेट को लेने एवं धारण करने हेतु काफी सोच-विचार करते है एवं नहीं लेते है, जो उचित नहीं है। किसी प्रकार के वाद विवाद से बचकर हेलमेट खरीदें एवं उसे धारण करें। आपका परिवार आपके आने की राह देखता है, उसका ध्यान रखे। मानव जीवन अनमोल है इसे व्यर्थ न गवायें, यातायात नियमों का पालन कर जीवन सुरक्षित करें।

अपर कलेक्टर संजय दीवान, अति. पुलिस अधीक्षक विमल कुमार बैस, बेमेतरा आरटीओ प्रभारी ववेक सिन्हा जी, मेडिकल आफिसर डां. ज्योति जेसाठी, समाज सेवी ताराचंद महेश्वरी के द्वारा यातायात के नियमो की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि शराब पीकर वाहन न चलाने, यातायात सड़क संकेत तथा वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने की आवश्यकता को बताया गया व किसी भी वाहन को चलाने के लिए उस वाहन का रजिस्ट्रेशन कार्ड, इन्श्योरेंस एवं स्वयं का ड्राइविंग लाइसेंस होना कितना आवश्यक है, तथा इन सब में से एक के भी अभाव में कितना ज्यादा नुकसान हो सकता है इस संबंध में जानकारी दी गई। बेमेतरा विधायक आशीष छाबडा , बेमेतरा नगरपालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल एवं अपर कलेक्टर संजय दीवान, अति. पुलिस अधीक्षक विमल कुमार बैस के द्वारा, सिग्नल चौक में आने जाने वाले बिना हेलमेट के वाहन चालको को हेलमेट वितरण किया गया तथा हमेशा हेलमेट लगाकर वाहन चलाने समझाईश दी गई। साथ ही साथ नगर निरीक्षक राजेश मिश्रा, यातायात प्रभारी निरीक्षक सुंदर लाल बांधे एवं रक्षित निरीक्षक वैभव मिश्रा के नेतृत्व में अधिकारी कर्मचारी का मोटर सायकल हेलमेट रैली को हरी झंडी दिखाकर नगर भ्रमण के लिए रवाना किया गया।

उक्त कार्यक्रम में डीएसपी बेमेतरा रामकुमार बर्मन, एसडीएम बेमेतरा दुर्गेश वर्मा, कार्यपालन अभियंता नर्मल सिंह ठाकुर, सचिन शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग से विकाश मिश्रा, नगरपालिक श्रीनिवास दुबेदी, तथा समाजसेवी जगजीत सिंह, लायनेस क्लब के अध्यक्ष ललीता साहू, वर्षा गौतम, पार्षद मनोज शर्मा तथा यातायात /पुलिस लाइन/ थाना बेमेतरा के स्टाफ एवं बेमेतरा शहर के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहे।

# साहित्य व कला मंच के गठन के बाद आयोजित की कवि गोष्ठी

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़/कोरिया
www.dailypioneer.com



साहित्य व कला मंच के नवीन कार्यकारिणी के गठन के बाद आयोजित कवि गोष्ठी में संस्था के संस्थापक सदस्य और नवीन कार्यकारिणी के कोषाध्यक्ष मृत्युन्जय सोनी ने अपनी कविता प्रस्तुत की इसी कड़ी में नगर के विजय गुप्ता ने हास्य रचना सुनाई। वे,गाली देंगे/और आप चुप रहेंगे/तब वे गाली देंगे/आप तब भी चुप रहेंगे/तब वे समझ जाएंगे/आप उनके काम के आदमी हैं।

जवानी की दहलीज पर कदम रखा था कि, माता पिता ने मेरी शादी कर दी संस्था की नई सदस्य ज्योतिमाला श्रीवास्तव ने नववर्ष का स्वागत करते हुए कहा -स्वागत करते हैं नववर्ष तुम्हारा, बीते वर्ष की व्यथा किसी से छिपी नहीं- संस्था की सबसे छोटी सदस्य शान्वी श्रीवास्तव ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया वहीं संगीत से जुड़ीं नई सदस्य रविन्दर कौर ने भी फिल्मी गीत प्रस्तुत किए इसके बाद नगर की सुख्यात कवयित्री अनामिका चक्रवर्ती स्त्री मन की बात करते हुए कहा मैंने कई त्यागपत्र लिखे/अपनों की भूख से डर/धान की तरह कूटा खुद को संस्था के नए सदस्य एस.एस.निगम ने कवित्त प्रस्तुत किया। कठ पुतली मैं बन गया बीबी बनी रिमोट।

नाच नचाती है मुझे मार मार के चोट, इसी तारतम्य में नगर के समाजसेवी शैलेश जैन ने भी फिल्मी गीतों का गायन किया इसके बाद सुजीत चौधरी ने अपनी क्षणिकाएं प्रस्तुत कीं कौन है भारतीय नारी वरिष्ठ साहित्यकार और संस्था के संरक्षक जगदीश पाठक ने अपनी व्यंग्य रचना नंदलाल जी की छोटी दुकान से सबको गुदगुदाया कई किताबों के लेखक विचारक संस्था के सलाहकार गंगा प्रसाद मिश्रा ने अपना गीत प्रस्तुत किया। आज महफिल सजी है, चले आइए/हम पलकें बिछाए खड़े द्वार पर, चले आइए, देश के कई मंचों पर अपनी सशक्त प्रस्तुति देने वाले ओजकवि गौरव अग्रवाल ने ये धरती वेद की धरती, जहां कण-कण में ईश्वर है- वहीं नगर के सुपरिचित कवि नारायण प्रसाद तिवारी ने बदले हुए भारत का चित्र खींचते हुए कहा 'आओगे कन्हाई आज भारत में तुम/बदला हुआ पाओगे' कार्यक्रम को रोचकता प्रदान करते हुए नए सदस्य और पर्यावरण संरक्षण में लगी संस्था ग्रीनवैली के अध्यक्ष नरोत्तम शर्मा ने फिल्मी गीतों से समां बांधा संस्था के नए सदस्य संतोष जैन ने भी अपनी कविताएं प्रस्तुत कीं वहीं वरिष्ठ कवि राजेन्द्र गुप्ता( दादू भाई )ने देशभक्ति से ओतप्रोत कजरी का गायन किया जिए और मरे जिसकी शान के लिए/हमको जान से प्यारा हिंदुस्तान चाहिए।

# बैकुंठपुर में आया तीन तलाक का पहला मामला

पायनियर संवाददाता ◄ कोरिया
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार द्वारा तीन तलाक का कानून लाने के बाद कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में पहला तीन तलाक का मामला सिटी कोतवाली में दर्ज हुआ है। इसके पहले बीते साल मनेंद्रगढ़ थाने में जिले का पहला तीन तलाक का मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में मिली जानकारी के मुताबिक पीड़िता रेहाना कुरैशी निवासी डबरीपारा बैकुंठपुर अपने मायके डबरीपारा बैकुठपुर मे अपने बच्चो के साथ रहती है। पीड़िता ने सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई की मेर पति एजाज कुरैसी पिता गुलाम रसुल निवासी पेंड्रा का दिनांक 17/1/21 को मेरे मायके घर डबरीपारा आकर तुझे तलाक देता हूं कहकर तीन बार तलाक बोलकर तलाक दे दिया है। पीड़िता के अनुसार उसका विवाह 16/6/2003 को एजाज कुरैसी निवासी पेड्रा मस्जिद मोहल्ला के साथ मुस्लिम रिति रिवाज के साथ संपंन्न हुआ था। हम लोग दोनो पति पत्नी के रूप मे 10-12 वर्षो तक साथ मे रहे है। हम दोनो के दाम्पत्य से 04 संतान साहीम आयु 16 वर्ष ,अबदुल रहमान आयु 12 वर्ष ,मन्तसा आयु 10 वर्ष ,नमीरा आयु 07 वर्ष है। हम सभी साथ मे अच्छे से रहते थे। मेरे पति एजाज कुरैसी मुझे वर्ष 2013 से प्रताड़ित करना चालू किये, उनके प्रताड़ना से तंग आकर मै अपने मायके वालों को बताई। तब मुझे मेरे मायके वाले बैकुन्ठपुर लेकर चले आये। जब उनकी प्रताड़ना ज्यादा हो गई तब मै वर्ष 2018 मे बैकुन्ठपुर थाने मे उनके खिलाफ 498 का रिपोर्ट लिखाई थी। जो न्यायालय मे विचाराधिन है। 17.जन को फिर मेरे पति मेरे मायके बैकुन्ठपुर आये और मुझे धमकी देते हुये बोलने लगे कि तुम मुझे तलाक देती हो की नही मुझे तुम से तलाक चाहिए। तब मै बोली मै तलाक नही दूंगी। मेरे चार बच्चे है। मैं इन बच्चों का भरण पोषण कैसे करूगी। इनका खर्च कैसे वहन करूगी। मुझे अपने साथ ले चलो। मैं आप के साथ रहना चाहती हूं तब मेरे पति बोले कि अब दूसरा शादी जहां आरा नाम की लड़की से कर लिया हूं। मैं तुमको अपने साथ नहीं ले जाऊगा। तुम अगर तलाक नहीं दोगी तो मैं एक तरफा तुझे तलाक देता हूं। कहकर तीन बार तलाक तलाक तलाक बोलकर धमकी देते हुये बोले मैं तुझे तलाक दे दिया।

# रामभक्तों की कलशयात्रा-प्रभातफेरी से बेरला खण्ड हुआ श्रीराममय

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम मंदिर निर्माण जन जागरण एवं श्रीराम मंदिर निधि समर्पण समिति हेतु समूचे बेरला खण्ड में जोरदार आगाज से साथ प्रभात फेरी एवं कलश यात्रा धूमधाम के साथ निकाली जा रही है।जिससे स्थानीय रामभक्तों की टोली रोजाना अपने अपने क्षेत्र में धर्मधाम अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण हेतु अपनी अपनी सहभागिता व योगदान दे रहे है। जिसे स्थानीय स्तर पर काफी सफलता भी मिल रही है।बेरला खण्ड के रामभक्त गांव-गांव, गली-गली में टोली बनाकर ढोल, मंजीरे एवं वाद्ययंत्रों के माध्यम से उत्साहपूर्वक बड़े ही भक्तिभाव से श्री राम के नाम की प्रभातफेरी निकालकर लोगों को हिंदुओं के पवित्र एवं श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में मन्दिर निर्माण हेतु समर्पण निधि देने की अपील कर रहे है। वही



कही कही झांकियों के माध्यम से लोगो को जागरूक कर इस अनूठे अभियान से जुड़ने व भागीदारी निभाने का भी सन्देश दे रहे है।जिसका ताजा नजारा विगत बेरला खण्ड के ग्राम टकसीवा में दिखाई पड़ा।जहां पर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल के आतिथ्य में स्थानीय रामभक्तों की अगुवाई में श्रीराम जी की भव्य पूजा अर्चना कर कलश यात्रा निकाली गई।वही बेरला के ही लेंजवारा में दिखाई पड़ा, जहां पर कलश यात्रा के प्रभारी एवं जिला पंचायत सभापति पुष्पा टन्केश साहू जी के नेतृत्व में काफी संख्या में स्थानीय महिलाओं की कलशयात्रा निकली।इसी प्रकार बेरला के देवादा में महिला सरपंच द्रौपदी साहू जी के नेतृत्व में स्थानीय रामभक्तों की रैली निकली।इसी प्रकार परपोड़ा, देवरबीजा, सलधा, डंगनिया (ख), डिसोरा, कुम्हिगुड़ा सहित समूचे बेरला खण्ड में इन दिनों प्रभात फेरी व कलश यात्रा स्थानीय स्तर पर गांव में निकाला जा रहा है।जिसका श्रीरामभक्तों द्वारा विशेष समर्थन व सहयोग राम मंदिर निर्माण के समर्पण निधी अभियान मिल रहा है।फलस्वरूप आलम यह है कि पूरा बेरला खण्ड श्रीराममय धुन में सुसज्जित हो चुका है।आगामी दिनों कई गांवो में इस विशेष अभियान को लेकर रामभक्तों में होड़ व ललक देखने को मिलेगी।गौरतलब हो कि आगामी 24 व 25 जनवरी को बेरला खण्ड के प्रत्येक ग्राम में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन होगा।

# राममंदिर निर्माण में सहयोग की अपील

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



राम हमारे आराध्य हैं, हमारे प्रेरणास्रोत हैं जिनके आदर्शों पर हम चलने का प्रयास करते हैं और राममंदिर हमारी सांस्कृतिक पहचान है इसलिए हम सभी भारतीयों से आह्वान करते हैं कि राममंदिर निर्माण हेतु सभी सहयोग करें। राममंदिर निर्माण धन संग्रह समिति के विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के संयोजक विनोद शुक्ला ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि राममंदिर निर्माण में आप सभी सहयोग दें क्योंकि राम सभी के हैं वे भारतीय संस्कृति की पहचान हैं। श्री शुक्ला ने बताया कि इस हेतु नगर में लगभग प्रतिदिन कलशयात्रा, रैली, भजन, बैठक आदि आयोजित हो रही हैं ताकि आप श्री राम से जुड़ाव महसूस करें।

## 5 जुआरियों से 53,700रू. 4 मोबाइल, 4 बाइक जब्त किया

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा दिव्यांग पटेल के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा विमल कुमार बैस, एसडीओपी बेरला ममता देवांगन के मार्गदर्शन में प्रतिदिन समस्त थाना / चौकी प्रभारियों के द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 17जन को चौकी देवकर पुलिस को जरिये मुखबीर के सुचना मिली कि ग्राम सहसपुर बांध के उपर में कुछ लोग आम जगह पर रूपया-पैसो का हार-जीत का दाव लगाकर तास पत्ती से जुआ खेल रहे है।


**OFFICE OF THE NAGAR PANCHAYAT BILAIGARH**
**DIST-BALODABAZAR-BHATAPARA (C.G.)**

**E-Procurement Tender Notice (1st call)**
**Portal : http://eproc.cgstate.gov.in**
**SYSTEM TENDER NO./70895 NIT NO.: 1613 BILAIGARH Date - 18.01.2021**
Online bids are invited for the the following work (last date & time of bid preparation) date 08.02.2021 AT 17.30 Hours.

| SL. No. | Description | EM/Cost of Tender From /Bid submission Frees. |
|---|---|---|
| 01. | CONSTRUCTION OF COST 107.66 LACS (CGPWD BUILDING/ROAD/ELECTRICAL SOR 01.01.2015) | (1) Rs. 80.000/- (2) Rs. 3000/- |

The Detail can be Downloaded online directly from the Govenrent of chattigarh.
E-Procurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in from 18.01.2021 at 17:30 Hours (1st) on ward For more Detail on the tender and bidding process please visit the above mentioned portal.
**Chief Municipal Officer**
**Nagar Panchayat Bilaigarh**
**Dist-Balodabazar-Bhatapara (C.G.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम**
(जोन -4) रायपुर छ.ग.
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक
**-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**
नामांतरण प्र.क्र. 325, 2020-2021
वार्ड का नाम - ब्राम्हणपारा वार्ड-44
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ब्राम्हणपारा वार्ड-44, वार्ड स्थित भवन / भूमि **44/25/64** जो कि निगम अभिलेख में **तारणी शुक्ला पति स्व. हरिशंकर शुक्ला** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती मेघा शुक्ला पति स्व. रजनीश शुक्ला** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/हिब्बानामा/रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा /बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।
मुहर
**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -04**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम**
(जोन -4) रायपुर छ.ग.
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक
**-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**
नामांतरण प्र.क्र. 326, 2020-2021
वार्ड का नाम - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार-45
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वामी विवेकानंद सदर बाजार-45, वार्ड स्थित भवन / भूमि **45/385, 389, 395, 399 गोल बाजार** जो कि निगम अभिलेख में **श्री मो. युसुफ पिता हाजी मो. सिद्दिकी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती मदीना बाई पति स्व. हाजी मो. युसुफ मोहम्मद आसिफ, अब्दुल कादर दोनों पिता स्व. हाजी मोहम्मद युसुफ** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/ हिब्बानामा/रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा /बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।
मुहर
**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -04**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
वार्ड का नाम -ठाकुर देव वार्ड
वार्ड क्र. 18, वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **17.02.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 789/18.01.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज सं.क्र.** - 263/18, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - सीता राम साहू S/o पुसऊ राम साहू, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**-परमानंद साहू S/o स्व. सीताराम साहू.
मुहर
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
वार्ड का नाम -माँ बंजारी घास
वार्ड क्र. 10, वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **17.02.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 790/18.01.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज सं.क्र.** - 830/10, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - दुर्देशी साहू पिता बिसेसर साहू, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**-गीता देवी W/o सुधीर सिंह.
मुहर
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
वार्ड का नाम -पं. रविशंकर शुक्ल
वार्ड क्र. 13, वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **17.02.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 791/18.01.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज सं.क्र.** - 387/23, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - भुवनेश्वर साहू S/o डेरहा राम साहू, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**-गंगा बाई साहू W/o बिसेश्वर साहू.
मुहर
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
वार्ड का नाम -पं. रविशंकर शुक्ल
वार्ड क्र. 13, वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **17.02.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 792/18.01.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज सं.क्र.** - 343/18, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - बुधारू निषाद S/o नाथू राम निषाद, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- मंजु निषाद पिता स्व. बुधारू निषाद.
मुहर
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
वार्ड का नाम -गोवर्धन वार्ड
वार्ड क्र. 19, वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **17.02.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 793/18.01.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज सं.क्र.** - 175/24, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - मेवाराम साहू S/o मंगलू राम साहू, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- राजू साहू S/o मंगलू साहू.
मुहर
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
वार्ड का नाम -पं. रविशंकर शुक्ल
वार्ड क्र. 13 वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **17.02.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 794/18.01.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज सं.क्र.** - 912/13, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - फिरोज आलम S/o मरहुम अब्दुल रज्जाक, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- गुलाम अहिर S/o अब्दुल सलाम.
मुहर
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**

**कार्यालय नगर पालिक निगम**
(जोन -4) रायपुर छ.ग.
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक
**-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**
नामांतरण प्र.क्र. 323, 2020-2021
वार्ड का नाम - ब्राम्हणपारा वार्ड 44
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ब्राम्हणपारा वार्ड-44, वार्ड स्थित भवन / भूमि **44/25/63** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती तारणी शुक्ला पति स्व. हरिशंकर शुक्ला** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री नवीन कुमार शुक्ला पिता स्व. हरिशंकर शुक्ला** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/हिब्बानामा/रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा /बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह
मुहर
**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -04**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम**
(जोन -4) रायपुर छ.ग.
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक
**-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**
नामांतरण प्र.क्र. 324, 2020-2021
वार्ड का नाम - ब्राम्हणपारा वार्ड 44
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ब्राम्हणपारा वार्ड-44, वार्ड स्थित भवन / भूमि **45/286** जो कि निगम अभिलेख में **श्री राकेश मिश्रा पति स्व. परमेश्वर मिश्रा** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती रश्मि मिश्रा पति स्व. राकेश मिश्रा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा /बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।
मुहर
**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -04**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, शिवनाथ मण्डल, दुर्ग (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**e-Procurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in**
**(प्रथम आमंत्रण)**
**सिस्टम निविदा क्र. 70750/निविदा सूचना क्र. 33/वलेलि/2020-21, दुर्ग, दिनांक 15.01.2021**
निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 05.02.2021 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है-
**कार्य का नाम-** दुर्ग जिले के विकासखण्ड पाटन के मटंग जलाशय का जीर्णोद्धार कार्य साथ ही नहर लाईनिंग कार्य, एल.बी.सी. आर.डी. 0 से 570 मी., आर.बी.सी.आर.डी. 0 से 480 मी. साथ ही 04 नग व्ही.आर.बी. 02 नग स्लूस गेट निर्माण कार्य।
**अनुमानित लागत -** रु. 102.44 लाख
अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **22.01.2021** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।
(1) निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
**कार्यपालन अभियंता**
**तान्दुला जल संसाधन संभाग दुर्ग**
**जी-86396/10** **कृते-अधीक्षण अभियंता, शिवनाथ मण्डल दुर्ग (छ.ग.)**

**छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा)**
**पक्षकार-छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण, रायपुर**
**पता-शास्त्री चौक, रायपुर (छ.ग.) .... आवेदक**
**बनाम**
**ए.आई.एम. इन्फ्रास्ट्रक्चर्स द्वारा श्री विनोद आहूजा**
**पता-सेन्ट्रल प्लाजा, सिविल लाईन, रायपुर (छ.ग.) ... अनावेदक**
**सूचना तामिली पक्षकार-छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण, शास्त्री चौक, रायपुर (छ.ग.)**
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रियल 'एस्टेट प्रोजेक्ट' ''औरा द रेसीडेन्ट्स (फेस-1)'' छत्तीसगढ़ रेरा में पंजीयन नंबर **PCGRERA160718000566** के रूप में दिनाँक 16.07.2018 से पंजीकृत है। भू-संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम 2016 की धारा 11 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार सभी प्रमोटर्स को उनके प्रत्येक रियल एस्टेट को त्रैमासिक प्रगति के वेबपोर्टल पर अद्यतन करना अनिवार्य है। इस संबंध में प्रोजेक्ट के उत्तरवादी ए.आई.एम. इन्फ्रास्ट्रक्चर्स द्वारा श्री विनोद आहूजा पता-सेन्ट्रल प्लाजा, इलाहाबाद बैंक के पहले, सिविल लाईन, रायपुर (छ.ग.) के विरूद्ध प्रकरण **M-COM-2019-00511** पंजीबद्ध है। प्रकरण में सुनवाई हेतु अनावेदक को दस्तावेज में उल्लेखित पते पर सूचना पत्र (नोटिस) प्रेषित किया गया था जो कि अदम तामिल प्राप्त हुए हैं।
अतः अनावेदक को उक्त परिवाद के संबंध में अपना लिखित जवाब व दस्तावेज सहित दिनाँक **22.02.2021** को प्रातः 11.00 बजे स्थान-छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) शास्त्री चौक, रायपुर (छ.ग.) 492001 में, स्वयं अथवा अपने किसी वैध प्रतिनिधि के माध्यम से विडियो काँफ्रेंसिंग (ऑनलाईन) में सुनवाई के दौरान उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। विडियो काँफ्रेंसिंग (ऑनलाईन) में सुनवाई के दौरान उपस्थिति हेतु संबंधित का मोबाईल नंबर एवं ई-मेल आई.डी. प्राधिकरण की ई-मेल **office.rera.cg@gov.in** पर भिजवाना सुनिश्चित करें, ताकि लिंक भेजा जा सके। अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में भू-संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 की धारा-7 के अंतर्गत प्रोजेक्ट के रजिस्ट्रेशन को निरस्त करने, धारा-37 व 38 के तहत् प्रोजेक्ट के संपत्ति के क्रय-विक्रय पर रोक लगाने, तथा धारा-61 के तहत् शास्ति अधिरोपित कार्यवाही की जावेगी, जिसके लिए उत्तरवादी स्वतः जवाबदार होंगे।
आज दिनांक 18.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं प्राधिकरण के पदमुद्रा से जारी किया गया।
**(मान. प्राधिकरण द्वारा आदेशित)**
**(डॉ. अनुप्रिया मिश्रा)**
**रजिस्ट्रार,**
**छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण, रायपुर**
**संवाद-27555/3**

संपादकीय

## कोरोना से मुकाबला, सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान

**शनिवार** को सुबह लगभग 11 बजे से राष्ट्रव्यापी कोविड-रोधी टीकाकरण अभियान की शुरुआत दिल्ली के अखिल भारतीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान-एम्स में एक सफाईकर्मी को टीका लगाने से हुई जो देश में टीका लगवाने वाला पहला व्यक्ति था। मनीष कुमार ने कहा, 'मैं पहले टीका लगवाने से थोड़ा हिचक रहा था। लोगों को डरना नहीं चाहिए।' इस प्रकार कोरोनावायरस का पहला मामला आने के लगभग एक साल बाद भारत ने कोविड-19 के खिलाफदुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग में बटन दबा कर इसकी शुरुआत की। महामारी पर नियंत्रण की इस योजना के अनुसार दो स्वदेशी वैक्सीनों-कोवीशील्ड व कोवैक्सिन से सरकार लाखों स्वास्थ्यकर्मियों व फ्रंटलाइन कर्मियों, जैसे सफाईकर्मियों व सुरक्षाकर्मियों का टीकाकरण कराएगी जो सामूहिक रूप से राहत की सांस लेंगे। यह अंततः कोविड-19 महामारी के खिलाफ विजय की शुरुआत होगी। इसके बाद 50 साल से अधिक आयु के वे भारतीय होंगे जिनको पूर्व निर्धारित चिकित्सा स्थितियों के कारण उच्च जोखिम वाला माना जाता है। पहले दिन भारत में 3,006 केन्द्रों पर लगभग 100 लोगों ने टीके लगवाए। जैसी कि आशंका थी, कुछ समस्यायें सामने आईं, पर ये पूरे देश की विशालता को देखते हुए कुछ नहीं थीं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्ष वर्धन दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल व एम्स के टीकाकरण स्थलों पर गए। उन्होंने कोविड-19 वैक्सीन को घातक वायरस के खिलाफ'संजीवनी' बताते हुए कहा कि लोगों को अफ्वाहों में आए बिना विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों पर विश्वास प्रकट करना चाहिए। उन्होंने कहा, 'यह ऐतिहासिक दिन है। हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री ने कोविड-19 के खिलाफ संघर्ष में नेतृत्व किया है। यह दुनिया का सबसे बड़ा कोरोनावायरस टीकाकरण कार्यक्रम है। हम पिछले साल इस बीमारी के खिलाफवीरतापूर्ण संघर्ष करने में सफल हुए। पूर्वानुमान व सक्रिय रणनीति का नतीजा बेहतर प्रदर्शन रहा है। दुनिया में हमारी मृत्यु दर संभवतः सबसे कम है।' देश की जनता को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि किसी को वैक्सीन की प्रभावशीलता के बारे में अफवाहें नहीं फैलानी चाहिए, न इन पर विश्वास करना चाहिए। राष्ट्रीय राजधानी में टीकाकरण 11 जिलों के 81 स्थलों पर हुआ। इस अभियान के लिए 6 केन्द्रीय अस्पतालों-एम्स, सफदरजंग, आरएमएल, कलावती सरन बाल अस्पताल व दो ईएसआई अस्पतालों को चुना गया था। इनके अलावा लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, दिल्ली सरकार द्वारा संचालित जीटीबी अस्पताल, राजीव गांधी सुपरस्पेशिलिटी अस्पताल, डीडीयू अस्पताल, बीएसए अस्पताल, दिल्ली राज्य कैंसर इंस्टीट्यूट तथा आईएलबीएस अस्पताल को भी टीकाकरण केन्द्रों में शामिल किया गया था। इसके साथ ही निजी अस्पतालों-मैक्स अस्पताल, फोर्टिस अस्पताल, अपोलो अस्पताल व सर गंगाराम अस्पताल की सुविधाओं को इस कार्यक्रम के लिए चुना गया था। हालांकि, आरएमएल अस्पताल में बहुत से लोगों को आशंका थी और कुछ टीकाकरण के इच्छुक नहीं थे, जबकि कुछ लोगों को थोड़ा भ्रम था। कोविड विभाग में काम कर रही इस अस्पताल की एक महिला डाक्टर ने बताया, 'मुझे आशंका थी कि इस वैक्सीन की प्रभावशीलता अभी स्थापित नहीं हुई है।

# अर्थव्यवस्था बहाली में बाधक चीन

वर्ष 2021 में विश्व अर्थव्यवस्था की बहाली में चीन सबसे बड़ी बाधा बना रहेगा। हालांकि, नए दशक की आशाजनक शुरुआत नई वैक्सीनों से हो रही है।



**बिंदू डाल्मिया**
(लेखिका नीति आयोग से संबद्ध हैं)




वर्ष 2021 की शुरुआत एक सतर्क व उम्मीदों से भरे आशावाद से हो रही है। लेनिन ने कहा था, 'ऐसे दशक होते हैं जब कुछ नहीं होता है और इसके बाद ऐसे सप्ताह आते हैं जब दशकों जितना काम हो जाता है।' वर्ष 2020 ऐसा ही एक साल था, जब चिकित्सा विज्ञान ने गति पकड़ी तथा तकनीक ने एक दशक का विकास एक साल में कर दिखाया। कोविड-2 के नए स्ट्रेन आने के कारण निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता है कि वैक्सीन 2020 का आर्थिक संकट दूर करेगी। संक्रमण का दूसरा चक्र आर्थिक बहाली को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। ऐसी स्थिति में अनेक चुनौतियों का सामना कर रही विकसित दुनिया में बहाली 2021 में भी नहीं शुरू होगी, हालांकि सरकारें सभी तीन मोर्चों-राजकोषीय, मौद्रिक व कर्ज, पर संघर्ष कर रही हैं। इसका कारण कोविड से पैदा गतिरोध है जिसने वृद्धि दरों को अत्यधिक प्रभावित किया है, जैसा कि 2008 की मंदी में हुआ था।

संकट के कारण रोजगार और आमदनी पर मंडराते संकट के साथ ही असमानता बढ़ी है जिसका कारण 2020 के लाकडाउन हैं। इस स्थिति में केवल चीन और बड़ी अमेरिकन कंपनियों को लाभ हुआ है। एपल, अमेजन, गूगल, फेसबुक, माइक्रोसाफ्ट, नेटफ्लिक्स व ट्विटर का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 8 ट्रिलियन डालर है जो भारत की राष्ट्रीय जीडीपी का दूना है। इसका कारण इन कंपनियों की आनलाइन सोशल मीडिया व ई-कामर्स क्षेत्र में उपस्थिति है जिसकी संपदा में 30 प्रतिशत वृद्धि हुई है और वह 4 ट्रिलियन डालर पहुंच गई है। चीन की निर्यातोन्मुख अर्थव्यवस्था में सबसे तेज बहाली हुई है और वह विश्व सप्लाई श्रृंखला में आई बाधायें दूर करने में सफल हुई है। इसका कारण यह है कि जब सारी दुनिया में लाकडाउन था, उस समय चीन में तेजी से विनिर्माण जारी था। मोटेतौर से 2022 के वैश्विक परिवर्तनों का अनुमान संप्रभु कर्ज जीडीपी अनुपात में भारी वृद्धि, वैश्वीकरण की आंशिक बहाली, जो बाइडेन के कारण बहुपक्षीयता की वापसी तथा विनिर्माण गतिविधियों के स्तर में वृद्धि है। लेकिन इसके बावजूद डिजिटलीकरण, एआई-स्वचालीकरण तथा उपभोक्ताओं के व्यवहार में स्थाई परिवर्तनों के कारण रोजगार सृजन में कमी आएगी। वर्ष शुरू होने पर एक और प्रमुख चिन्ता केन्द्रीय बैंकों द्वारा अतिरिक्त तरलता पैदा करने के कारण शेयर बाजारों की स्थिति है। इससे एक बुलबुला बन सकता है जो 2008 जैसी परिघटना को जन्म दे सकता है क्योंकि वर्ष के अंत तक स्टीमुलस पैकेज वापस ले लिए जाएंगे। इसके साथ ही अर्थव्यवस्था में ग्राहकों और कार्पोरेट के व्यवहार से 2021 में परिवर्तन आएंगे। आशंका हे कि वायरस छोड़ने वाला देश वैश्विक बहाली में बाधा बन सकता है क्योंकि वह गोपनीय रूप से अन्य देशों की आर्थिक प्रगति रोकने के लिए एक और खतरनाक स्ट्रेन छोड़ सकता है। दुःख की बात है कि विस्तारवादी चीन के खिलाफ समान सोच वाले गठबंधन सहयोगियों द्वारा एकजुट कार्रवाई या कार्ययोजना का अभाव है। चीन को नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था में तोड़फोड़ के लिए जवाबदेह ठहराने के साथ बहुपक्षीय दंडात्मक प्रतिक्रिया होनी चाहिए। उसके द्वारा समुद्री व क्षेत्रीय घुसपैठों के खिलाफ, उइगुरों के मानवाधिकारों के घोर उल्लंघन तथा चीनी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा हांगकांग व तिब्बत में आक्रामक गतिविधियों के खिलाफअंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया होनी चाहिए।

चीन द्वारा बड़े बिजनेसमैन जैक मा के खिलाफ 'हिरासती निगरानी' की कार्रवाई से वैश्विक निवेशक समुदाय में खतरे की घंटियां बजनी चाहिए। लेकिन इसके विपरीत पश्चिम अनचाहे ही सही, चीन के साथ जुड़ रहा है। हालांकि, बाइडेन प्रशासन ट्रंप युग में चीन के खिलाफ लगाए टैरिफ व टेक्नोलोजी नियं.ण जारी रखेगा, पर चीनी बाजार का आकर्षण अमेरिकी व यूरोपीय संघ निवेशकों में बहुत है जिसके चलते केवल भू-राजनीतिक आधार पर आर्थिक गतिविधियों में कमी नहीं आएगी।

सबसे बड़े व्यापारिक समूह यूरोपीय संघ ने हाल ही में एक समग्र निवेश समझौते को अनुमति दी है, जबकि अमेरिकन फंड हाउस चीनी बचतकर्ताओं के रिटायरमेंट फंड पर नजरें गड़ाए हैं। जहां दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रों में विरोध व अराजकता का माहौल है, वहीं इससे तानाशाहों की हिम्मत बढ़ रही है। ट्रंप के 'आक्रामक' समर्थकों द्वारा कैपिटाल हिल पर की गई मूर्खतापूर्ण गतिविधि के बाद स्थिति और खराब हुई जिसेस विधि निर्माताओं को वर्तमान राष्ट्रपति को पद से हटाने के लिए 25वें संशोधन के प्रयोग पर भी विचार करना पड़ा। आक्रामक चीन के मुकाबले कमजोर अमेरिका एक शुभ संकेत नहीं है और यह मुक्त बाजार अर्थव्यवस्थाओं के लिए भी ठीक नहीं है। कैपिटाल हिल पर अराजकता के साथ ही दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की राजधानी की सीमाओं पर ऐसा ही अराजकता का खेल जारी है जहां पिछले दो महीने से जिद पर अड़े किसान जमे हैं। लोकतंत्रों में अराजकता की स्थिति एक गहरी बीमारी का लक्षण है। यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा विरोध के अधिकार व अराजकता, गुंडागर्दी व गैरकानूनी गतिविधियों के बीच एक पतली विभाजक रेखा की तरह है। भारतीय अर्थव्यवस्था में बेहतरी के मजबूत संकेत हैं। विश्व बैंक के अनुसार भारत में वित्त वर्ष 22 में वृद्धि 5.5 प्रतिशत पर लौट सकती है। टीकाकरण अभियान की गति और प्रभावशीलता से आर्थिक गतिविधि बढ़ेगी जिसका कारण आवागमन में सुधार है। इससे गैर-कृषि क्षेत्रों की बहाली में भी सुधार होगा। मैक्किन्से की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'भारतीय बिजनेसमैनों में 2030 तक 635 बिलियन डालर का आर्थिक मूल्य सृजित करने की क्षमता है। इस प्रकार वे उच्चस्तरीय जीवनशैली की इच्छा रखने वाले भारतीयों को संतुष्ट कर सकते हैं।' बिजनेस की तेजी से वृद्धि वाले क्षेत्रों की पहचान की गई है जिनमें गुणवत्तापूर्ण शहरी स्पेस प्रदान करना, स्वच्छ हवा व पानी और ज्यादा सुविधाजनक सेवायें तथा नई विचार-आधारित अर्थव्यवस्था शामिल है। इससे करोड़ों रोजगार सृजित हो सकते हैं। इसके साथ ही 'निजी स्वामित्व वाली, गैर-निर्वाचित, गैर-जवाबदेह अमेरिकन टेक कंपनियों' के खिलाफगुस्सा बढ़ता जा रहा है जो 'एकपक्षीय रूप से इस धरती पर किसी को इंटरनेट से बाहर कर सकती हैं।' अन्य देशों को एकाधिकारी इंटरनेट कंपनियों के खिलाफ एकजुट होना चाहिए जो अतिथेय देशों में टैक्सों से बचती हैं, दूसरी कंपनियों को निशाना बनाती हैं तथा स्टार्टअप के खिलाफ रणनीति बनाती हैं क्योंकि वे उनकी प्रतियोगिता के लिए खतरा पैदा करते हैं। इन कंपनियों ने जैसे अब अपनी इच्छा से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बाधित करने का अधिकार भी प्राप्त कर लिया है।

# प्रो. जयनारायण की पुण्यतिथि: पराधीन देश में 15 की उम्र में लहराया तिरंगा



**गिरीश पंकज**

इस महादेश में अनेक महापुरुष ऐसे भी हुए हैं,जिन पर समय-समय पर उतनी चर्चा नहीं होती, जितनी होनी चाहिए। ऐसे ही एक महान समाजवादी व्यक्तित्व का नाम है प्रो. जयनारायण पांडेय, जिनके नाम से आज रायपुर एक बड़े उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का नामकरण भी हो चुका है। यह वही विद्यालय है, जहां भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति हिदायतुल्लाह ने भी अध्ययन किया था। आज से तीन दशक पहले तक मैं पांडेय जी के साहित्यिक, वैचारिक चिंतन और पत्रकारीय अवदान से परिचित नहीं था। लेकिन जब मैंने उनके इतिहास को देखा, तो अभिभूत हो गया। राजनीति विज्ञान, हिंदी,अंग्रेजी, संस्कृत और समाजशास्त्र के गहन अध्येता प्रखर समाजवादी सोच वाले जयनारायण जी का जन्म 30 दिसंबर 1925 को रामापुर (इलाहाबाद) में हुआ, और 20 जनवरी 1965 को बनारस में निधन। मगर उनकी कर्मभूमि रायपुर रही। पिता संस्कृत के प्रकांड पंडित विश्वनाथ पांडेय रायपुर आकर यहाँ बस गए और नयापारा नामक मोहल्ले में संस्कृत विद्यालय संचालित करते थे। बनारस के ही शिक्षा शास्त्री पंडित रामनरेश मिश्र युवा जयनारायण के समाजवादी चिंतन से बड़े प्रभावित थे इसलिए उन्होंने अपनी पुत्री श्यामाकुमारी का विवाह जयनारायण पांडेय जी के साथ कर दिया। इस विवाह की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि पारंपरिक कर्मकांड से दूर यह विवाह वैदिक रीति से ही संपन्न हुआ। और यह सब जयनारायण जी के कहने पर हुआ।

**पन्द्रह वर्ष की उम्र में तिरंगा फहराया-** जयनारायण पांडेय जब स्कूली शिक्षा ग्रहण कर रहे थे, तभी पराधीन देश में रहते हुए उनके मन में देशप्रेम हिलोरे मारने लगा था। तब उनकी उम्र मात्र पन्द्रह वर्ष थी। एक दिन उनसे रहा न गया, तो उन्होंने शाला की प्राचीर पर चढ़ कर देश का तिरंगा ध्वज ही लहरा दिया। सनसनी मच गई कि यह काम किसने किया। जब पता चला कि तिरंगा फहराने वाले छात्र का नाम जयनारायण है। एक बालक की इतनी हिम्मत कि वह शाला भवन की प्राचीर पर तिरंगा फहरा दे। शाला प्रबंधन ने उन्हें सजा देते हुए स्कूल से निकाल दिया और उनके ट्रांसफर सर्टिफिकेट पर लिखा गया ही टुक ए लीडिंग पार्ट इन अनडिजायरेबल पॉलीटिकल एक्टिविटीज। जयनारायण हर परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होते रहे। शाला के बेस्ट ऑलराउंडर मेधावी छात्र के रूप में भी पहचाने जाते थे। गणित और विज्ञान संकाय में तो उन्होंने विशेष योग्यता हासिल की थी। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में भी वे पूरी तरह सक्रिय रहे। साम्राज्यवादी शक्ति के विरुद्ध लड़ाई लड़ने की भावना के कारण जयनारायण पाण्डेय ने मित्र गंगेले के साथ मिलकर रायपुर के केंद्रीय जेल की दीवार को डायनामाइट से उड़ाने की योजना भी बनाई, लेकिन बाद में वे पकड़े गए और 6 जून 1943 को उन्हें गिरफ्तार किया गया। उस समय उनकी उम्र मात्र 17 वर्ष की थी, इसलिए उन्हें लगभग छह महीने बाद जेल से रिहा कर दिया गया।

स्कूली शिक्षा पूर्ण करने के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त करने जयनारायण जी नागपुर चले गए। वहां से उन्होंने बीए,एम ए, एल एल बी किया। वहाँ के मॉरिस कॉलेज में पढ़ते हुए उन्होंने जनमत जैसे वैचारिक अखबार का संपादन किया और समय-समय पर अपनी धारदार लेखनी के माध्यम से व्यवस्था का प्रखर विरोध करते रहे। जनमत सोशलिस्ट पार्टी का महत्वपूर्ण अखबार था। पांडेयजी अखबार में अलग-अलग नामों से समसामयिक मुद्दों पर लिखा करते थे। उनकी भाषा, उनके तेवर को देखकर लोग उन्हें समाजवादी कामरेड भी कहने लगे थे। देश की आजादी के बाद आजाद भारत में भी महंगाई चोरबाजारी, भ्रष्टाचार और पूंजीवाद का एक नया दौर शुरू हो गया था। तब उन्होंने जनमत में जो लेख लिखा था, उसे पढ़ कर के सरकार विचलित हो गई थी। लेख का शीर्षक ही था, नया जंग है शुरू हुआ मजदूरों का, मजलूमो का। इसी तरह के तेवर वाले लेख जन्नत में छपते रहे, जिस कारण वे कुछ लोगों की आंखों की किरकिरी भी बन गए। प्रो पांडेय राजनीति शास्त्र के प्रोफेसर थे। उनके लेखन चिंतन के कारण उन्हें परेशान करने के लिए इधर से उधर तबादले भी होते रहे। महाकौशल विद्यालय जबलपुर से संस्कृत कॉलेज रायपुर, फिर उसके बाद जगदलपुर, फिर उन्हें भेज दिया नीमच। कहाँ नीमच और कहाँ से अंबिकापुर। इस तरह उनका स्थानांतरण होता रहा। लेकिन प्रोफेसर पांडेय मनोयोग से अपना दायित्व निर्वहन करते रहे और समय-समय पर लेखन कार्य में भी संलग्न रहे। ( यहां एक महत्वपूर्ण बात का उल्लेख करना चाहता हूं कि रायपुर के संस्कृत कॉलेज में जब प्रो पांडेय अध्यापन कर रहे थे। तभी ओशो के नाम से बाद में मशहूर हुए आचार्य रजनीश भी वहां अध्यापन के लिए आए तब प्रोफेसर पांडेय और आचार्य रजनीश के बीच समय-समय पर होने वाली बौद्धिक बहसें चर्चा में रहती थीं। और यह उल्लेखनीय तथ्य है कि प्रोफेसर पांडेय रजनीश पर भारी पड़ते थे।) लगातार स्थानांतरण के चक्कर में अंततः प्रो पांडेय बीमार पड़ गए । उच्च रक्तचाप के शिकार हो गए। बनारस में उपचार के दौरान उनका दुखद निधन हो गया। उनके निधन से लोगों को गहरा आघात पहुँचा। यही कारण था कि विभिन्न अखबारों में सरकार की आलोचना वाले समाचार छपे। एक अँग्रेजी अखबार का शीर्षक ही यही था, मर्डर ऑफ ए फाइन मैन। इसी शीर्षक से प्रोफेसर जय जयनारायण पांडेय के समग्र कृतित्व व्यक्तित्व को समझा जा सकता है। उनके निधन के बाद जब महासमुंद में समाजवादियों का सम्मेलन हुआ, जिसमें डॉ राममनोहर लोहिया का आगमन हुआ था। तब सम्मेलन का द्वार का नाम प्रोफेसर जयनारायण पांडेय द्वार रखा गया था।



**मध्यभारत के लोहिया..-** समाजवाद को समर्पित प्रोफेसर पांडेय जब रायपुर में थे, तब उनका नयापारा स्थित निवास समाजवादी चबूतरे के रूप में मशहूर था, जहां अनेक समाजवादी आते और समय-समय पर गोष्ठी किया किया करते। देश की आजादी के बाद जब रियासतों के विलीनीकरण का दौर चला, तो प्रोफेसर पांडेय ने भी इस अभियान में अपनी महती भूमिका निभाई। रायगढ़, सक्ती, छुईखदान, कवर्धा, छुरा, बस्तर तथा खैरागढ़ की रियासतों के विलीनीकरण में प्रोफ़ेसर पांडेय ने जो महत्वपूर्ण भूमिका अदा की, उससे डॉक्टर राममनोहर लोहिया ने भी पसंद किया।

प्रोफ़ेसर पांडेय सोशलिस्ट दल के प्रांतीय महासचिव थे। उनके समय मध्यप्रदेश में समाजवादी आंदोलन काफी सक्रिय रहा। यही कारण है कि उन्हें 'मध्यभारत का लोहिया' कहकर भी उनके प्रिय जन संबोधित किया करते थे। कुछ लोग उन्हें 'मुक्तिसंग्राम के डायनामाइट' के रूप में भी संबोधित किया करते थे। समाजवादी होने के कारण ही मध्यप्रदेश प्रदेश के तत्कालीन कांग्रेस सरकार में बैठे कुछ लोग उन से चिढते थे, इसीलिए उन्हें परेशान करने की नीयत से उनके तबादले होते रहे। आखिरकार प्रोफेसर पांडेय रक्तचाप से पीड़ित हुए और अंततः 20 जनवरी 1965 को समाजवाद का यह दैदीप्यमान सितारा अस्त हो गया। बीस वर्ष की उम्र में उन्होंने 'अंत' नामक एक महत्वपूर्ण कविता लिखी थी। उसे देखिए, तो उनके व्यक्तित्व को और आसानी से समझा जा सकता है। वे लिखते हैं।

सब देख रहे कौतूहल से यह राग राशि कैसे आई

अपने दामन में छिपा छिपा कितनी स्नेहांजलि लाई

सहसा झंझा के झोंकों से दारुण दोपहरी में तप कर

सह सकी न विषमय विषाद रह गई मौन कुछ तड़प सिहर। कोमल कलिका नतमस्तक हो गिर पड़ी

जिसे देख कांप उठी धरती माई।

प्रोफेसर जयनारायण पांडेय मात्र 39 वर्ष की आयु में इस असार-संसार से चले गए। छात्र जीवन से ही लेखन में रुचि होने के कारण उन्होंने कुछ कहानियां भी लिखी। कुछ कविताएं भी लिखी। उनकी लिखी एक चर्चित पुस्तक 'प्रमुख राजनीतिक विचारकों के चिंतनधारा' तो मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के पाठ्यक्रम में शामिल हुई और उत्तरप्रदेश साहित्य अकादमी द्वारा पुरस्कृत भी हुई। इस पुस्तक में विश्व के कुछ मशहूर सामाजिक चिंतक के बारे में विस्तार के साथ लिखे गए उनके लेख संग्रहित हैं। उन्होंने बस्तर के अबूझड़ियो के सामाजिक संबंध और उनकी समस्याओं को लेकर शोध कार्य शुरू किया था। लेकिन वह पूर्ण नहीं हो सका। आज भी उनका लिखा हुआ बहुत कुछ अप्रकाशित ही है। जिसमें उनकी कुछ कहानियां और कविताएं भी शामिल है। उनके परिवार के प्रयासों से कुछ चीजें जरूर प्रकाशित हुई। लेकिन कुछ साहित्य अभी भी प्रकाशन के इंतजार में है। यह सन्तोष की बात रही कि प्रो पांडेय के सम्मान में रायपुर के एक बड़े विद्यालय का नामकरण हुआ। जहां उनका निवास स्थान था, उस सड़क का नामकरण प्रो जयनारायण पांडेय मार्ग किया गया। इसी मकान में आज भी उनका परिवार रहता है। उनके व्यक्तित्व को रेखांकित वाली एक पुस्तिका भी पिछली भाजपा सरकार के समय प्रकाशित हुई। जिस विद्यालय का नाम प्रोफेसर जयनारायण पांडेय रखा गया है, उस विद्यालय परिसर में अगर उनकी एक मूर्ति भी स्थापित हो तो यह छात्रों के लिए और प्रेरणास्पद बात होगी। डॉ. राममनोहर लोहिया के चिंतन मनन को जीवन में आत्मसात करके उनकी वैचारिक परंपरा को आगे बढ़ाने वाले व्यक्तित्व को शत-शत नमन।

## फरमाया



**टीका** लगने के बाद मामूली सा संक्रमण होना अच्छा संकेत है क्योंकि यह दर्शाता है कि शरीर की प्रतिरोधक प्रणाली काम कर रही है।

**- डॉ. रणदीप गुलेरिया**
एम्स के निदेशक



**मनीष** तिवारी और कांग्रेस पर कोविड-19 वैक्सीन को लेकर अविश्वास एवं अफवाहें फैलाने का जूनून सवार है।

**- डॉ. हर्षवर्धन**
केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री



**यह** भय फैलाना नहीं है। देखिए नार्वे में क्या हुआ। यह अलग किस्म की घटना हो सकती है मगर टीका राष्ट्रवाद के पीछे इसे छिपाएं नहीं।

**- मनीष तिवारी**
कांग्रेस नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## संस्कारों से विमुख युवा पीढ़ी

**भारत** भूमि संस्कृति सभ्यताओं और आदर, सत्कार और ऋषियों की पावन धरा है। यंहा पर संस्कृति सभ्यताओं का समय समय से और संस्कारों का जन्म हुआ है। परन्तु विगत वर्षों से हमारी यह संस्कृति सभ्यता आधुनिकरण , और पाश्चात्य फैशन की अंधी दौड़ में लुप्तप्राय हो गई। आज समाज मे होने वाली अकल्पनीय घटनाओ में पाश्चात्य संस्कृति अपनाने का ही प्रतिफल हम सभी के समक्ष है। टुटते बिखरते परिवार, बच्चों का माता पिता के प्रति सम्मान भाव की कमी अनदेखी और अप्रत्याशित घटनाक्रम , रिश्तों-नातों ,में निभाने की औपचारिक पहलू , आत्मीयता और अन्तर्मन की अभिव्यक्ति का लुप्त स्वरूप , आदि शामिल है। एक दौर यह था कि परिवार में सहर्ष , सादगी, सम्मान भाव बने रहते थे। अब देखने सुनने को नही मिलते। कुछ लोग आज भी संस्कृति सभ्यता को जीवित रखने के लिये प्राचीन परम्परागत रूप से जीवन यापन कर रहे है। अब इन पहलुओं में हमे आत्मचिंतन , मनन की आवश्यकता है कि हम भावी पीढ़ी को केसी ओर क्या दिशा प्रदान करे। हमे बच्चों को व्याहारिक ज्ञान का बोध कराना होगा। हमारे रीति रिवाज , परम्परायें ,धर्म कर्म के पहलुओं से अवगत कराना होगा।

**- योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

## क्या होगा लकीर पीटने से?

**दुनिया** को कोरोना महामारी की जद में धकेल कर लाखों लोगों को मौत की नींद सुलाने वाले वुहान के जिन्न की जांच के लिए अब जाकर डब्ल्यूएचओ की टीम वास्तविकता खंगालेगी? लगातार आनाकानी के साल भर बाद चीन का टीम को वहां जाने की अनुमति देना सांप निकलने के बाद लकीर पीटने जैसा ही है। इस बात को भी कम ही उम्मीद है कि वुहान का सच लंबे समय के बाद पकड़ में आ सकेगा। पर अगर यह प्रयास संक्रमण फैलते ही किए जाते तो शायद वास्तविकता सामने आ सकती थी। कोरोना के शुरुआती दौर में इस बात ने काफी तूल पकड़ा था कि वुहान शहर से ही कोरोनावायरस पैदा होकर दुनिया में फैल गया। करोड़ों लोगों को संक्रमित कर लाखों को मौत की नींद सुलाने वाले इस वायरस की उत्पत्ति को लेकर चीन शुरू से ही आनाकानी करता आया है। अमेरिका द्वारा स्पष्ट दावा करने के बाद भी चीन टस से मस नहीं हुआ। इस मामले में डब्ल्यूएचओ शुरू से ही चीन के दबाव में रहा है। चीन की ना-नुकुर में हां मिलाते हुए डब्ल्यूएचओ की उदासीनता मामले को पूरे साल सालती रही। लगातार बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबाव के बाद अब जाकर चीन जांच को राजी हुआ है और डब्ल्यूएचओ की टीम वहां की वास्तविकता को खंगालेगी।

**- अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

## कृषि कानून रद्द होंगे या नहीं?

**कृषि** सुधार कानून को लेकर किसान आंदोलित है। वह अपनी बात बड़ी शिद्दत से रख रहे हैं कि सरकार द्वारा थोपे जा रहे काले कानून को वापस ले क्योंकि यह कानून किसानों को कंगाल व कारपोरेट जगत के धन्ना सेठ अदानी,अंबानी को मालामाल करने वाले हैं। लेकिन सरकार अपनी जिद पर अड़ी हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने समाधान निकालने का प्रयास किया। कोर्ट द्वारा समाधान निकालने हेतु जिन चार सदस्यों की समिति गठित की उसके सदस्य पूर्व से ही कानून के समर्थन में लेख लिखने व पक्ष मे अपना मत दे चुके हैं। दिनभर चले, अढ़ाई कोस वाली स्थिति पैदा हो गई है। क्योंकि जो सदस्य समिति में रखे गए हैं उन पर सरकार की समिति होने का ठप्पा लगाया जा रहा है। कहने का मतलब साफ है कि अगर सरकार उक्त कानून रद्द कर देती है तो सरकार की ही जीत होगी। क्योंकि जब भी देश में कोई भी दल बल चुनाव जीतता है व सरकार बनाते हैं तो कहते है कि यह जनता की जीत है, जनता अब जागरूक हो गई है जो लोकतंत्र का महत्व समझती है।

**- हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

## दर्री तालाब में पकड़ रहे थे अवैध रूप से मछली, निगम की टीम ने की जप्ती की कार्यवाही



**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित दर्री तालाब में कुछ शरारती तत्व अवैध रूप से जाल बिछाकर मछली पकड़ रहे थे, जिन्हें निगम की टीम ने पकड़ा और एकत्रित किए हुए मछली को जप्ती की कार्यवाही की। जोन 04 क्षेत्र के तालाब में अवैध रूप से मछली पकड़ने की शिकायत पर कार्यवाही करने राजस्व विभाग की टीम पहुंची! मछली पकड़ने वालों को दोबारा ऐसा न करने की समझाइश दी गई। जोन 04 शिवाजीनगर अंतर्गत दर्रीतालाब में सुबह कुछ लोगों द्वारा जाल बिछाकर मछली पकड़ने का कार्य किया जा रहा था, जिसकी जानकारी मिलते ही कार्यवाही करने जोन की राजस्व विभाग की टीम पहुंची। स्थानीय पार्षद द्वारा तालाब में मछली पकड़ते हुए देखे जाने पर फोन से जानकारी देने पर तत्काल निगम की टीम मौके पर पहुंची और अज्ञात लोगों के द्वारा पकड़े हुए करीब 20 नग मछली व मछली पकड़ने वाले जाली व अन्य सामग्री को जप्त किया गया।

# नरवा योजना के तहत युध्दस्तर पर जारी है, काम थनौद नाले के जीर्णोद्धार में 100 से ज्यादा महिलाएं जुटी

### पानी के संकट से छुटकारा पाने के लिए महिलाओं ने अपने कंधे पर उठाई जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

भगीरथ की पौराणिक कहानी तो हम सब जानते हैं जिन्होंने गंगा नदी को धरती पर लाने का काम किया था। कुछ ऐसी ही कहानी है थनौद की महिलाओं की जिन्होंने लंबे समय से अपने क्षेत्र में चली आ रही पानी की कमी को दूर करने की ठानी और आशा की किरण के रूप में सामने आया नरवा प्रोजेक्ट। जिसके तहत पहले ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित करवाया गया। खास बात ये है कि नाला जीर्णोद्धार के काम में ज्यादातर श्रमिक महिलाएं ही है।

पानी का संकट दूर करने में योजना बनेगी मददगार-हम सभी जानते हैं पानी से महिलाओं का सीधा जुड़ाव है हम सदियों से देखते आ रहे हैं पीने का पानी भरना महिलाओं की ही जिम्मेदारी है। पानी का स्त्रोत घर के पास हो या मीलों दूर, अपने सर पर गागर लेकर निकल पड़ती हैं महिलाएं तब जाकर घरों में पानी पहुँच पाता है। इसके बाद खाना पकाना, घर की साफ-सफाई, लिपाई पोताई, बर्तनों की सफाई, मवेशियों को पानी



पिलाना से जिम्मेदारी घर की महिलाओं की ही रही है। इसलिए पानी की कमी से सबसे ज्यादा महिलायें ही प्रभावित होती हैं। थनौद में भी यही दिक्कत थी।

गांव की महिलाओं ने देखा कि गांव में वर्षा का जल इकट्ठा करने के लिए पर्याप्त साधन नहीं थे। इसलिए भूजल स्तर भी कम था । बारिश का पूरा पानी व्यर्थ में बह जाता था। एक नाला था वो भी जीर्ण शीर्ण। गर्मी में पानी की समस्या प्रबल हो जाती थी। 25 से 30 हैण्डपम्प तो थे मगर जमीन के अंदर पानी न होने के कारण सब सूख जाते थे। क्षेत्र के तालाब का पानी मार्च के बाद पानी सूख जाता था । जिससे महिलाओं को पीने का पानी भरने एवं निस्तारी के लिए दो किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता था। नरवा, गरूवा ,घुरूवा, बाड़ी योजना के तहत संचालित नरवा परियोजना एक बहुआयामी योजना है जिसका उद्देश्य जल संरक्षण तो है ही लेकिन इस योजना में सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि इसके तहत हो रहे जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार के द्वारा अब वर्षा के जल को रोककर पानी की कमी से छुटकारा पाने की दिशा में बढ़िया काम हो रहा है। जब थनौद की महिलाओं को पता चला कि नरवा योजना के तहत बहुत से जल संरक्षण के कार्य हो रहे हैं, साथ ही इस काम के लिए महात्मा गांधी नरेगा से मजदूरी भी मिलेगी। इस तरह एक पंथ और दो काज वाली बात महिलाओं को समझ आ गई। अपने गांव से पानी का संकट दूर करने के लिए महिलाओं ने थनौद नाले के जीर्णोद्धार का प्रस्ताव ग्राम सभा में दिया। प्रस्ताव को मंजूरी मिली और काम शुरू हुआ। तकनीकी सहायक श्रीमती दीप्ती सिंह ने बताया कि महिलाओं की कर्मठता को देखते हुए इस काम के लिए मनरेगा के तहत 9.65 लाख के काम मंजूरी मिली। महिलाओं ने उठाई है नाला निर्माण की जिम्मेदारी-जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक बताते हैं कि थनौद मार्ग से पुल तक नाला निर्माण के इस कार्य की खास बात ये है कि ये पूरा काम महिलाएं कर रही हैं। उन्होंने बताया कि 100 से अधिक महिलाएं नाला निर्माण में लगी हुई हैं। उन्होंने बताया कि महात्मा गाधी नरेगा के तहत 746 पंजीकृत परिवार है, जिनमें मजदूरों की 991 संख्या है। वर्तमान में 596 परिवार एक्टिव हैं, जिनमें से लगभग जिसमें 95 प्रतिशत महिलाएं हैं। आलोक ने बताया कि नाले के बीच-बीच में डबरी निर्माण का कार्य किया जा रहा है। ताकि वर्षा रूपी वरदान से मिले ज्यादा से ज्यादा पानी को एकत्रित किया जा सके। कार्य पूर्ण होने पर 300 एकड़ में मिलेगी सिंचाई सुविधा, भूजल स्तर में बढ़ोतरी के साथ मिलेगी निस्तारी की भी सुविधा- सीईओ एस. आलोक ने बताया कि हमारा आंकलन है कि कार्य पूर्ण होने पर लगभग 300 एकड़ के लिए सिंचाई सुविधा निर्मित होगी। इसके अलावा डबरी निर्माण से भूजल स्तर में बढ़ोतरी के साथ निस्तारी की भी सुविधा निर्मित होगी। जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के मुताबिक राजनांदगांव के टेड़ेसरा से देवादा होते हुए अंजोरा(ख) व थनौद में यह करीब 1500 मीटर तक इसका बहाव है।

## सरल स्वभाव के मुख्यमंत्री हैं भूपेश बघेल, जनता के बीच बेहद आसानी से हो जाते हैं उपलब्ध : अनिला भेड़िया



पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com

डौंडीलोहारा विधानसभा की विधायिका व महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़िया ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बेहद ही सरल स्वभाव के हैं। जनता के बीच बेहद आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। तभी समाज के एक कहने पर उन्होंने आमंत्रण स्वीकार किया। भेड़िया ने आगे बताया कि 20 जनवरी को हमारे हल्बा समाज के प्रथम शहीद गैंदसिंह जी का शहादत दिवस हैं।

जिसमें हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री का आगमन यहां ठेमाबुजुर्ग में होने जा रहा हैं, जहां सीएम शहीद गैंदसिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। समाज व क्षेत्र के लोग बड़े ही उत्साह के साथ सीएम का स्वागत करेंगे। मैंने रविवार को कार्यक्रम स्थल और हैलीपेड का निरीक्षण कर यहाँ की व्यवस्था देखी हैं। समाज एवं क्षेत्र के लोग अपने मुख्यमंत्री के स्वागत के जोरो शोरो से तैयारियों में जुटे हुए हैं। भेड़िया ने आगे कहा कि भूपेश बघेल ऐसे मुख्यमंत्री हैं। जो हर वर्ग के लोगों से मिलते हैं और जब भी उनको समय मिलता हैं, जहां भी कोई भी समाज उन्हें आमंत्रित करते है उन्हें वे नहीं, नही बोलते हैं। हमारे मुख्यमंत्री हर समाज के आमंत्रण पर पहुच जाते हैं। मंत्री अनिला भेड़िया ने आगे कहा कि सरल स्वभाव के मुख्यमंत्री है भूपेश बघेल जी। जो हमारे जनता के बीच बेहद आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं।

ये हमारे मुख्यमंत्री की विशेषता हैं। नहीं तो पिछली सरकार में तो हम लोग हफ्ते दिन से लाइन लगाए रहते थे, पिछली सरकार में हम विधायको को मिलने समय नही मिल पाता था, तो न जाने आमजन के क्या हाल हुआ होगा।

# कलेक्टर महोबे एक्शन मोड पर, बिना अनुमति मुख्यालय न छोड़ने अधिकारियों को दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com



जिले के संवेदनशील कलेक्टर जनमेजय महोबे इन दिनों एक्शन मोड पर हैं। महोबे शासन की महत्त्वकांक्षी योजनाओ के जमीनी स्तर के क्रियान्वयन के लिए ताबड़तोड़ दौरा तो कर ही रहे है साथ ही समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिशा निर्देशित भी कर रहे हैं। अपने मुख्यालय में नही रहने वाले अधिकारियों को दो टूक में कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय न छोड़े। आवश्यक कार्य होने पर ही अनुमति पश्चात् मुख्यालय से बाहर जाए। इस संबंध में कोई भी लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। महोबे सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में गरम भोजन प्रदाय की प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित दिव्यांग शिविरों में प्राप्त प्रकरणों के निराकरण की जानकारी ली और लंबित प्रकरणों के शतप्रतिशत निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने हाथियों के विचरण से प्रभावित ग्रामों में मुआवजा राशि वितरण की जानकारी ली। उन्होंने जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्य और कार्यरत मजदूरों की जानकारी ली। कलेक्टर ने शासन की सुराजी गॉव योजना नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय चयनित उत्पादों के विपणन को बढ़ावा देने अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने समय सीमा के लंबित प्रकरणों का अभियान चलाकर निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री जनचौपाल, मुख्यमंत्री निवास, राज्य सचिवालय, पीजीएन, कमिश्नर कार्यालय आदि से प्राप्त प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा विभागवार की और लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर एके बाजपेयी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकेश कुमार चन्द्राकर, एसडीएम बालोद आरएस ठाकुर, एसडीएम गुण्डरदेही बीएल अग्रवाल, एसडीएम गुरूर अमित श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर सिल्ली थामस, प्रेमलता चंदेल, अभिषेक दीवान, सुब्रत प्रधान सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## 49 बुजुर्गों ने कराया शिविर में जांच, आज पोलसायपारा, बोरसी के शिव मंदिर के पास लगेगा शिविर



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा कल गयात्री मंदिर वार्ड में ग्रीन चौक के पास, बोरसी वार्ड 52, वार्ड 59 कातुलबोर्ड, उरला संगम चौक के पास मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य शिविर में 229 हितग्राहियों ने दर्ज कराकर 193 हितग्राहियों ने जांच कराकर निःशुल्क दवाई लिये। वहीं 39 हितग्राहियों ने ब्लडप्रेशर और शूगर की जांच कराये। दिनांक 19 जनवरी को पोलसाय पारा में डॉ0 वैध गली गौरा चौरा नमक फैक्ट्री, बोरसी के शिव मंदिर आंगनबाड़ी के पास, कातुलबोर्ड पश्चिम में मंदिर उद्यान के पास, तथा उरला पूर्व के आईएचएसडीपी आवास एवं बीडी कालोनी में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। सभी वार्ड निवासियों से अपील है कि वे शिविर स्थल पर पहुँचकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराकर निःशुल्क दवाई प्राप्त करें।

# खुर्सीपार के तीन वार्डों में होंगे एक करोड़ 39 लाख से विभिन्न विकास कार्य

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई के खुर्सीपार क्षेत्र के तीन वार्डों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए विभिन्न विकास कार्य किए जाएंगे। गलियों के दोनों किनारे नाली निर्माण, सीसी रोड, सौंदर्यीकरण के लिए पेवर ब्लॉक, उद्यान का संधारण एवं ओपन जिम लगाने सहित कई कार्यों की शुरूआत करने महापौर एवं विधायक भिलाईनगर देवेन्द्र यादव ने वार्डवासियों के साथ मिलकर भूमिपूजन किया। जोन 04 अंतर्गत वार्ड 32, वार्ड 33 एवं वार्ड 34 में विकास कार्यों की सौगात मिलने से वार्ड के नागरिकों ने महापौर का आत्मीय स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किए। शाम 7 बजे सेक्टर 01 में बने डोमशेड का लोकापर्ण भी महापौर यादव के द्वारा किया गया। अब वहां सार्वजनिक आयोजनों के लिए धूप एवं बारिश की बाधा नहीं आएगी। भिलाई निगम क्षेत्र के जोन 04 शिवाजी नगर अंतर्गत वार्ड 32 न्यू खुर्सीपार के जागीर चौक पं. दिनदयाल उपाध्याय, वार्ड 33 के शाहिद पान ठेला, उड़िया बस्ती क्रांति मार्केट एवं वार्ड 34 नेताजी सुभाष नगर में फ्रेन्डस क्लब, गणेश मंदिर एवं काली मंदिर सहित 6 अलग-अलग स्थानों पर भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ जहां वार्ड के नागरिक शामिल हुए। इस दौरान महापौर यादव ने निगम प्रशासन द्वारा जनहित के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि मूलभूत आवश्यकताओं के विस्तार के लिए निगम प्रशासन हर संभव कार्य कर रहा है। शहर के सभी क्षेत्रों में विकास कार्य किया जा रहा है! सुगम आवागमन के लिए सड़कों का सीमेंटीकरण, जल निकासी के लिए नालियों का निर्माण व सड़कों के किनारे पेवर ब्लॉक सहित लोगों की मांग अनुरूप लगातार विकास कार्य किए जा रहे है।

## मास्टर गेम एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के चुनाव 14 खेलों के लिए पदाधिकारियों का हुआ चयन

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ मास्टर गेम्स एसोसिएशन का चुनाव दुर्ग में होटल वाणी में संपन्न हुए। जिसमें प्रदेश के सभी जिलों के खिलाड़ी ने 14 खेलों के लिए अपने पदाधिकारियों का चयन किया। अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से अनुराग राठी रायपुर, सचिव पद के लिए ताजुद्दीन दुर्ग और कोषाध्यक्ष पद के लिए पीआर साहू भिलाई का चुनाव किया गया। साथ ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए सरदूल सिंह कोरबा, बृजेश सिंह भिलाई, तेजा सिंह रायपुर व ख्वाजा अहमद भिलाई चुने गए।

इसके अलावा उपाध्यक्ष पद के लिए प्रवीण चड्ढा बिलासपुर, अश्विनी कुमार चंद्राकर कवर्धा, बालमुकुंद सिंह कोरबा, अजीज खान मुंगेली, रामेश्वर कुमार भिलाई, मनीषी सिंह कोरबा, मार्तंड सिंह रायपुर, धनेश्वरी साहू रायपुर, सचिव रामेश्वर साहू भिलाई, मोहम्मद तारीख बिलासपुर, जितेंद्र सिंह रायपुर, मधुसूदन के वर्क गौरेला पेंड्रा चुने गए।

कार्यकारिणी सदस्यों में अभय कुमार रायपुर, प्रदीप सिंह धमतरी, ओपी सिंह भिलाई, आरिफ मेमन गरियाबंद, नाहिद अख्तर राजनांदगांव, मालती रायकवार रायपुर, लक्ष्मी निषाद बालोद का चुनाव किया गया। चुनाव प्रक्रिया में दुर्ग नगर निगम के सभापति राजेंद्र यादव की अध्यक्षता में संपन्न किया गया। शत्रुघ्न सवाई जिमनास्टिक संघ के सचिव, तुलसी सोनी वरिष्ठ पावरलिफ्टर भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## वैक्सीनेशन के पश्चात स्वास्थ्य संबंधी शिकायत होने पर कंट्रोल रूम में संपर्क करें

**दुर्ग।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंभीर सिंह ठाकुर के मार्ग दर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 16 जनवरी से 5 केन्द्रों में कोविशील्ड वैक्सीनेशन प्रारंभ किया जा चुका है। आज जिला चिकित्सालय दुर्ग, शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज जुनवानी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाटन, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धमधा इन संस्थाओं में 30 जनवरी तक वैक्सीनेशन किया जाएगा। राज्य स्तर से स्वीकृति उपरांत केन्दों की संख्या में वृद्धि की जा सकेगी। सभी संस्थाओं से किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयारी की जा चुकी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में कंट्रोल रूम में टीम का गठन किया गया है। यदि किसी को वैक्सीनेशन होने के पश्चात स्वास्थ्य संबंधी शिकायत होने पर, कंट्रोल रूम 0788- 2210773, 2210772, 2210774 , 2210778 में संपर्क कर सकते है।

# आदर्श कतिया समाज भिलाई-दुर्ग का जुबली पार्क में हुआ चुनाव

### युधिष्ठिर नागवंशी सरंक्षक तो रमेश शिववंशी बने संयोजक

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग-भिलाई
www.dailypioneer.com




भिलाई आदर्श कतिया समाज भिलाई-दुर्ग का सामाजिक चुनावी समर सेक्टर 06 जुबली पार्क में आयोजित किया गया। जिसमें समाज के सभी सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सामाजिक सदस्यों के चेहरों में चुनाव को लेकर बहुत उत्साह दिखाई दिया।

चुनाव को सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी चुनाव प्रभारी - युधिष्ठिर नागवंशी एवं प्रफुल्ल भानु को सौंपी गई। जिनके नेतृत्व व मार्गदर्शन में दुर्ग जिला कार्यकारिणी का चुनाव सादगी एवं शांति पूर्ण रूप से सफलता पूर्वक सम्पन्न किया गया जिसमें समाज की नारी शक्तियों को भी बिना किसी विरोध के स्थान दिया गया। इनको मिली जिम्मेदारी संरक्षक - युधिष्ठिर नागवंशी, संयोजक - रमेश शिववंशी, सह संयोजक - रमेश ब्रम्हे, अध्यक्ष - विद्या प्रसाद कार्तिकेय , उपाध्यक्ष - मनोज कुमार शिव, श्रीमती नीता आरसे, सचिव - मूलचंद श्रीनाग , सह सचिव - श्रीमती ममता भानु, कोषाध्यक्ष - दीपक डोंगरवार, प्रवक्ता - प्रफुल्ल भानू ,मीडिया प्रभारी - शेखर आरसे , कार्यक्रम प्रभारी - संजू शिव, कौशल कुमार नाग, राधे श्याम नाग, बसंत खुरवंशी , जुगल किशोर चक्रवान, सलाहकार मंडल- पी.के.सूर्यवंशी,श्रीमती सुशीला सूर्यवंशी, कार्यकारणी सदस्य - उत्तम नायक ,रमेश भजेकर, श्रीधर ढकारिया, किशोर पगारे, देवी प्रसाद नाग, महेंद्र नागेश एवं दल्ली राजहरा के राधेश्यामं जैतवार नव गठित जिला, बालोद का प्रभारी नियुक्त किया गया। नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को आदर्श कतिया समाज भिलाई दुर्ग की ओर बधाई प्रेषित की गई।

### दो साल में सरकार जनता का विश्वास खो बैठी है-सुरेश निर्मलकर

# भूपेश बघेल को किसानों से झूठ के लिए माफी मांगनी चाहिए : राकेश यादव

पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय से कलेक्टोरेट तक भाजपा शहर मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ता बैलगाड़ी से पहुंचकर कलेक्टोरेट का घेराव करेंगे। जिसके लिए मंगलवार को बालोद शहर मंडल की बैठक संपन्न हुई। छतीसगढ़ सरकार के गलत कृषि नीतियों व केंद्रीय कृषि कानून के समर्थन हेतु ग्राम झलमला में शहर मंडल के नेता कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में बैलगाड़ी से जाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। जिसके लिए भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल की बैठक संपन्न हुई। जिसमें होने वाले 22 तारीख के धरने के सबंध में पूरी रूप रेखा बनाई गई। राम मन्दिर के संकलन में एक-एक कार्यकर्ता अपने सामर्थ्य के हिसाब से तन, मन, धन से सहयोग करें व भूमिका निभाए ये भी मंडल बैठक में तय किया गया। इस बैठक में प्रदेश, जिला भाजपा व मोर्चा प्रकोष्ठ में स्थान मिलने वाले शहर मंडल के कार्यकर्ताओ का सम्मान किया गया। उक्त बैठक में शहर मंडल ने नरेंद्र मोदी व केंद्र सरकार के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। क्योंकि देश जिस कोरोना की विपत्ति से जूझ रहा और भारत में वैक्सीन का निर्माण व उसका प्रयोग जारी हो गया हैं। ततपश्चात बालोद नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती लीला शर्मा के ससुर व पूर्व एल्डरमैन विनोद जैन के माता जी के निधन पर श्रद्धांजलि प्रकट की गई। बैठक का संचालन अमित चोपडा व आभार दीपक देवांगन जी ने किया। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से राकेश यादव प्रदेशमंत्री भाजपा, शहिद खान महामंत्री प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, सुरेश निर्मलकर अध्यक्ष भाजपा शहर मंडल, कमलेश सोनी पूर्व अध्यक्ष, अमित चोपड़ा जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा, शरद ठाकुर, तोमन साहू जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा, राकेश जोशी प्रदेश कार्यकारणी सदस्य लोकेश श्रीवास्तव, शकुन गौतम, अम्बिका यादव, नीतू सोनवानी, रमेश मलेकर, दीपक देवांगन, प्राची लालवानी, सुनीता मनहर, गणेश साव, डोमेन्द्र साहू, प्रीतम यादव, राजेन्द्र कनेकर, कांति रात्रे, शिवप्रसाद सोनकर, दयाल बघेल, सुरेंद्र सारथी, राम स्वरूप यादव, शशि साहू, विक्रम लालवानी, ओमप्रकाश साहू, उमेश सोनवानी, हितेश्वरी कौशिक, यकेश्वरी देशमुख, आदि उपस्थित रहे।

# सफाई कर्मियों एवं वेस्ट पीकर्स की ड्यूटी महत्वपूर्ण : महापौर

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



महापौर धीरज बाकलीवाल ने 10 दिवसीय सफाई कर्मी एवं वेस्ट पीकर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम में 120 वेस्ट पीकर्स को सुरक्षा किट एप्रान, मास्क, ग्लोबस, सेनेटाईजर, एवं अन्य सुरक्षा किट प्रदान किया गया। नगर पालिक निगम दुर्ग के सफाई कर्मियों एवं वेस्ट पीकर्स को कुशल कचरा प्रबंधन के तहत् शहर की बेहतर स्वच्छता के लिए 10 दिनों का प्रशिक्षण झाडूराम देवांगन हाई स्कूल में दिया जा रहा है। 8 जनवरी से प्रारंभ प्रशिक्षण कार्यक्रम नेशनल सफाई कर्मचारी फाइनेंस एण्ड डवलपमेंट कॉर्पोरेशन नई दिल्ली के अंतर्गत एमपीकॉन लिमिटेड भोपाल द्वारा दिया जा रहा है। इस अवसर पर महापौर बाकलीवाल ने कहा शहर की बेहतर सफाई के साथ कचरों का प्रबंधन संग्रहण करना सफाई कर्मियों के कार्य में शामिल है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य प्रभारी हमीद खोखर, राजस्व प्रभारी ऋषभ जैन, पीयूआई शेखर वर्मा, इलियास चैहान, प्रशिक्षक पूनमचंद गुप्ता, राहुल एवं अन्य उपस्थित थे।

इस अवसर पर महापौर ने सफाई कर्मियों एवं वेस्ट पीकर्स से कहा कि सभी अपने कार्य को निष्पादित करने की प्रक्रिया में कई प्रकार के हानिकारक रसायनों, उपकरणों, औजारों आदि के संपर्क में आ जाते हैं। जिससे उन्हें गंभीर हानि भी हो जाती हैं। निःसंदेह उनकी ड्यूटी महत्वपूर्ण है परन्तु उनकी स्वयं की सुरक्षा भी सर्वोपरि है। उन्होनें कहा वे निजी सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य उपयोग कर कार्य करें। वे कोविड-19 से स्वयं को एवं समाज को बचायें। प्रशिक्षण कार्यशाला में पूनमचंद गुप्ता ने कुशल कचरा प्रबंधन के विषय पर बताया कि स्वच्छ भारत अभियान भारत को पूर्णतया स्वच्छ बनाने के लिए एक मुहिम है। उन्होनें स्वच्छता के महत्व का समझाया। उन्होनें सफाई कर्मचारियों की भूमिका एवं जिम्मेदारियों की बात बतायी।

# एटीएम कांड का आठवां आरोपी भी पहुंचा सलाखों के पीछे

■ पुलिस फरार आरोपी कीर्तिध्वज को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com




करीब डेढ़ वर्ष पूर्व 8 अगस्त 2019 की रात्रि थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ अन्तर्गत केन्द्रीय विघालय सर्किट हाऊस के पास स्थित एटीम मशीन को तोड़फोड़ कर एसबीआई एटीएम के कैश फीट बैंक से 26.65 हजार रूपये चोरी कर भाग गए थे ।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी रायगढ़ द्वारा ए.एस.पी. अभिषेक वर्मा एवं सी.एस.पी. अविनाश सिंह के सुपरविजन में 10 सदस्यीय टीम का गठन किया गया। इस विशेष टीम द्वारा थाना तमनार अन्तर्गत ग्राम महलोई के 03 युवक सुरेश गुप्त परमेश्वर भगत और उनके साथी कार्तिक भगत को तीसरे ही दिन धर दबोचा गया, जिन्होने पूछताछ पर अपने 05 अन्य साथी नन्दू साहू निवासी पडिगांव तमनार, जसबीर सरदार निवासी ग्राम कुसमेर थाना तमनार, मयंक यादव निवासी ग्राम लमडांड तमनार, राजेश कुमार निवासी ग्राम हमीरपुर तमनार एवं कीर्तिध्वज कुमार निवासी ग्राम बुडिया के साथ घटना को अंजाम देना और चोरी के रूपयों को आपस में बांट लेना बताया था।

पुलिस की अलग-अलग टीमें फरार आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी कर सभी सातों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे चोरी की रकम से बचे हुए रकम व चोरी के रकम से खरीदी गई सम्पत्ति को बरामद किया गया है। चोरी की वारदात में शामिल आरोपी कीर्तिध्वज सिदार बंटवारे में मिले करीब ढाई लाख रूपये लेकर ओडिसा, झारखंड, उत्तर प्रदेश दिगी, में छिपकर रह रहा था। कोतवाली पुलिस लॉकडाउन के दौरान टीम दिगर प्रान्त आरोपी की पतासाजी के लिए नहीं भेज पाई थी। इसी बीच आरोपी के घर तमनार आने की जानकारी मिलने पर आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिसे रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी कीर्तिध्वज सिदार पिता स्व. राजेन्द्र सिदार उम्र 24 साल निवासी ग्राम बुडिया थाना तमनार द्वारा अपराध स्वीकार कर चोरी में मिले रकम दूसरे राज्यों में रहने के दौरान खर्च हो जाना बताया, विवेचना में आरोपी द्वारा साक्ष्य विलोपन करना पाए जाने से धारा 03 सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम जोड़ी जाकर आरोपी को रिमांड पर भेजा गया है।

यहां यह बताना उगेखनीय है कि आरोपी के सभी साथी जेल में निरूद्ध है, किसी को भी जमानत नहीं मिली है। कोतवाली पुलिस द्वारा विवेचना दौरान इस प्रकरण में 7,76,000 कैश एवं 1,50,000 के सामान (दो मोटरसाइकिल एक मोबाइल) तथा 3,00,000 कीमती का एटीएम मशीन के पार्ट्स जप्त कर प्रकरण में कुल 12,26,000 रुपए का बजाफ्ता शुमार किया गया है।

आरोपियों के विरूद्ध चालान पेश किया जा चुका है। आरोपी कीर्तिध्वज सिदार के विरूद्ध धारा 173(8) के तहत पूरक चालान पेश किया जाएगा। कोतवाली टी.आई. कृष्णकांत के दिशा निर्देशन पर आरोपी की गिरफ्तारी में सहायक उप निरीक्षक जे.पी. निषाद की अहम भूमिका रही है।

## क्विक न्यूज

### पं. मोहनलाल शाला विकास जनभागीदारी समिति की बैठक



**चांपा।** सदर बाजार स्थित पं. मोहनलाल बाजपेई शा.प्रा.शाला में जनभागीदारी समिति की बैठक हुई। समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष सुधीर बाजपेई ने पार्टी के लोगों से विचार विमर्श करके समिति का गठन किया जिसमें धीरेन्द्र बाजपेई, अनिल गुप्ता, किशन सोनी, तथा मयंक तिवारी को सदस्य बनाया गया। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुधीर बाजपेई ने बताया कि बैठक में शाला को सुव्यवस्थित करने संबंधी आवश्यकताओं पर चर्चा की गई तथा शाला में नए स्वीपर नियुक्त करने का निर्णय लिया गया।

### नुक्कड़ सभा कर भव्य राम मंदिर निर्माण का संकल्प दोहरा रहे हैं रामभक्त

**रायगढ़।** अयोध्या में प्रस्तावित भव्य राम मंदिर निर्माण को लेकर रायगढ़ के राम भक्त विभिन्न उपक्रमों का प्रयोग कर रहे हैं इसी कड़ी में रायगढ़ के रामभक्त नुक्कड़ सभाओ का आयोजन पिछले 4 दिनों से कर रहे हैं रायगढ़ के विभिन्न चौक चौराहों में जाकर सबसे पहले जय श्री राम के नारों के साथ राममय माहौल बनाया जाता है। राम भक्तों द्वारा अयोध्या में प्रस्तावित भव्य राम मंदिर निर्माण महाअभियान से प्रत्येक हिन्दू परिवार को जुड़ने का आग्रह किया जाता है राम भक्तों के साथ राम रथ भी रहता है जो रायगढ़ के सभी चौक चौराहों में अभी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं अभी तक शहर के बोइरदादर चौक,पंचवटी नगर,कृष्णा वाटिका, श्री कुंज,अटल विहार कॉलोनी कोतरा रोड, राजीव नगर, संजय मैदान, रामभाठा, भारत माता चौक कोतरा रोड, में यह सभा हो चुकी है इसी कड़ी में आगामी दिनों में रायगढ़ शहर के सभी चौक चौराहों में इस नुक्कड़ सभा को किया जाएगा आगामी 27 जनवरी को इस अभियान के तहत एक विशाल बाइक रैली का भी आयोजन किया गया है।

## चोरी की आधा दर्जन बाइक के साथ दो चोर पकड़ाए




पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक रायगढ़ संतोष सिंह के मार्गदर्शन पर कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णकांत सिंह की टीम द्वारा जिले में सिलसिलेवार रूप से बाइक चोरी उजागर किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को कोतवाली स्टाफ द्वारा रामभांठा किराए के मकान में रहने वाले दो युवकों के पास से चोरी की 6 मोटरसाइकिलों को जप्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी कोतवाली कृष्णकांत सिंह को सूचना मिली कि दरोगापारा-कोतरारोड़ क्षेत्र में दो संदिग्ध युवक मोटरसाइकिल बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहें हैं, जिस पर कोतवाली थाना प्रभारी द्वारा थाने से प्रधान आरक्षक नंदू सारथी, श्यामदेव साहू, आरक्षक हेमन पात्रे, लखेश्वर पुरसेठ को संदिग्धों युवकों की पतासाजी के लिए रवाना किए । स्टाफ द्वारा दोनों संदिग्धों को शाम करीब 16.30 बजे एक पैशन प्रो मोटरसाइकिल को बेचने के लिए ग्राहक तलाश करते समय धर दबोचा। पकड़े गए युवकों ने पूछताछ पर शहर में 06 स्थानों पर बाइक चोरी कर अपने किराये मकान में छिपाकर रखना बताया। आरोपियों द्वारा सभी बाइक के नंबर प्लेट निकाल लिये थे, जिन्हें उनके मेमोरेंडम पर बरामद कर थाना लाया गया है। पकड़े गए दोनों आरोपी सुखदेव चौहान पिता महादेव राम चौहान उम्र 30 वर्ष साकिन दौराला थाना लैलूंगा ,देवनाथ साय पैकरा पिता अर्जुन साय पैकरा उम्र 40 वर्ष ग्राम भेलवा थाना तुमला जिला जशपुर बताया कि पिछले 1 माह से रायगढ़ के रामभांठा में किराए के मकान में रह रहे थे।

## प्रदूषण की भयानक मार झेल रहे रायगढ़ का अब फूटा गुस्सा

■ पर्यावरण अधिकारी के खिलाफ फूटा संगठन का गुस्सा

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में विकासदूतों पर जिम्मेदार अधिकारियों की मेहरबानी का नतीजा पूरा रायगढ़ भुगत रहा है। विकास दूतों से तात्पर्य उद्योगों से है और उन पर पर्यावरण अधिकारी की मेहरबानी इस चरम तक पहुंच गई हैं कि शिकायत होने के महीनों बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती। जो आंखों देखा दिखता है, उस पर भी जांच के नाम पर लंबी चौड़ी लीपापोती की जाती है। घर की छतों पर जमे काले धूल की परत इस बात की गवाह है। मगर अब जनता धीरे-धीरे प्रदूषण प्रति लामबंद हो रही है और रायगढ़ जिले में पर्यावरण कार्यालय के सामने जो प्रदर्शन हुआ वह इस विरोध की बानगी थी। रायगढ़ के समसायिक मुद्दों को उठाने वाला संगठन जन कारवां और जिले के कुछ स्वयंसेवी संगठनों ने यह प्रदर्शन किया और इसका लाइव वीडियो भी फेसबुक पर चलाया। पर्यावरण कार्यालय के सामने पर्यावरण अधिकारी अजय गेदाम का पुतला बनाया गया। जिसमें बिलाई नाले का पानी जो पूरी तरह से प्रदूषित होकर काला हो चुका है। इस पानी को सांकेतिक रूप से पुतले को पिलाया गया और उसके बाद नहलाया भी गया। खाने के लिए फ्लाई एस की डस्ट दी गई और इससे भी पुतले को नहलाया गया।

## बुजुर्ग दंपत्ति को मिलेगा अपना घर वापस

■ जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्यायें, संबंधित अधिकारी को दिये त्वरित कार्रवाई के निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर भीम सिंह ने आज जनचौपाल में लोगों की समस्यायें सुनी। इस दौरान शहर के एक बुजुर्ग दंपत्ति अपनी बहु से प्रताड़ित होकर उन्हें घर से निकाल देने संबंधी शिकायत लेकर पहुंचे थे। जिस पर कलेक्टर श्री सिंह ने रेसिडेंशियल एक्ट के तहत आदेश पारित करने और बुजुर्ग दंपत्ति को उनका घर दिलाने के निर्देश एसडीएम को दिए। जनचौपाल में 3 महिलाएं आयी थी जिनके पास खुद का घर नहीं है और वे किराये के घर पर रहती है जिससे उनका गुजर-बसर करने में उन्हें काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही उनका गरीबी रेखा कार्ड भी अब तक नहीं बन पाया है। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एएचपी मकान आबंटित करने हेतु आयुक्त नगर निगम को निर्देशित किया तथा खाद्य विभाग के अधिकारी को पात्र लोगों के गरीबी रेखा कार्ड बनाने के निर्देश दिए। एक महिला द्वारा अपने मकान मालिक की शिकायत लेकर आयी थी। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि उनका सारा सामान मकान मालिक अपने कब्जे में ले लिया है और उसे घर से बाहर निकाल रहा है। कलेक्टर श्री सिंह ने तहसीलदार को मकान मालिक के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई करने के साथ गरीब महिला को उसका सामान वापस दिलाने के निर्देश दिए। जनचौपाल में आज जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये नागरिकों ने बिजली बिल अधिक आने की शिकायत, शौचालय व अन्य निर्माण में गड़बड़ी, प्राइवेट स्कूल के टीचरों के वेतन नहीं मिलने तथा वृद्धा व विकलांग पेंशन, राशन कार्ड, लोन प्रकरण से जुड़ समस्यायें बतायी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये आवश्यक कार्यवाही कर प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिये।

## गौतम चंद्रा पुन: बने स्वास्थ्य संयोजक अध्यक्ष, अध्यक्ष बनते ही किया आंदोलन का आह्वान

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



स्वास्थ्य संयोजक संघ के अध्यक्ष गौतम चंद्रा को बनाया गया उनके साथ में अनेक पदाधिकारियों का चयन किया गया । स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ जैजैपुर की बैठक रखा गया जिसमें सर्वप्रथम संघ में पदाधिकारीयो की चयन किया गया ,उपस्थित सभी कर्मचारियों द्वारा निर्णय लेते हुए सर्वसहमति से गौतम चन्द्रा को पुनः ब्लाक अध्यक्ष चयन किये व बीरेंद्र सिंह कुर्रे को उपाध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कलेश्वरी नायक ,सचिव भोजराम बर्मन ,सहसचिव, कामेंद्र ध्रुव और विकास, कोषाध्यक्ष ज्योत्प्रकास साहू एवम संरक्षक शत्रुहन कैवर्त व परम जायसवाल को सर्वसहमति से नियुक्त किये। आज की स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ जैजैपुर की बैठक में उमाभारती साहू ,स्मिता नेताम, बहुरमति यादव, प्रमिला आजाद, धनेश्वरी कस्यप, मनोज कुर्रे, अनुज, हेमलाल बंजारे,जगन्नाथ गोस्वामी, विकास, दुर्गेश साहू, लकेस्वर साहू , सुदर्शन आदि सभी कर्मचारी उपस्थित रहे । गौतम चन्द्रा अध्यक्ष बनते ही अपने कर्मचारियों की पुराना वेतन विसंगति को लेकर 23 जनवरी को प्रांतीय आह्वान में एक दिवसीय हड़ताल में जाने की सभी से अपील किया और निर्णय लिया गया जानकारी में बताया कि स्वास्थ्य संयोजक अपने काफी लम्बे समय से अपने वेतन विसंगति को लेकर काफी परेशान है ।

## टैक्स वसूली पर दे ध्यान नहीं तो होगी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



नगर निगम कमिश्नर आशुतोष पाण्डेय ने टैक्स वसूली, यूजर चार्जेस की वसूली पर ध्यान देने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि तय लक्ष्य के अनुरूप टैक्स एवं यूजर चार्ज वसूली नहीं होने पर इसके लिए बनाई गई टीम पर कार्रवाई की जाएगी। वही लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने वाले टीम को पुरस्कृत किया जाएगा।

निगम कमिश्नर आशुतोष पाण्डेय ने सोमवार की शाम कार्यालय में टैक्स वसूली, यूजर चार्जेज, निगम क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों व सफाई व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक ली। इसमें दिसंबर माह में कलेक्टर भीम सिंह के ली गयी समीक्षा बैठक के कारवाही विवरण पर पॉइंट टू पाइंट चर्चा की गई। यूजर चार्ज वसूली को इस माह 42 प्रतिशत से बढ़ा कर 60 प्रतिशत करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि सभी स्वच्छता सुपरवाइजर अपने-अपने वार्डो में कुल घरों की संख्या, कुल वार्ड और कुल यूजर चार्ज वसूली के संबंध में प्रतिदिन जानकारी उपलब्ध कराएं। इस दौरान संपत्ति कर, समेकित कर और यूजर चार्जेस वसूली के लिए टीम बनाने के निर्देश कमिश्नर आशुतोष पाण्डेय ने दिए। उन्होंने कहा कि सुपरवाइजर एवं यूजर चार्ज वसूली टीम को सरल एवं सहज बनाना है। इसके लिए एक मोबाइल नंबर जारी करने के निर्देश राजस्व विभाग को दिया गया। बैठक में कमिश्नर आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि टैक्स वसूली और यूजर चार्ज वसूली पर ध्यान देने की जरूरत है।

## 22 को भाजपा का प्रदर्शन, कलेक्टर कार्यालय का होगा घेराव

■ राज्य सरकार की किसान विरोधी नीतियों को लेकर पार्टी कार्यकर्ता देंगे गिरफ्तारी

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में 13 जनवरी को संपन्न विधानसभा स्तरीय धरना- प्रदर्शन कार्यक्रम के पश्चात अब 22 जनवरी को जिला स्तरीय विशाल धरना- प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, तथा कार्यक्रम के पश्चात पार्टी के कार्यकर्ता जिला कलेक्टर कार्यालय का घेराव करते हुए राज्य सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ गिरफ्तारियां भी देंगे, तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश की राजधानी रायपुर में प्रदेश की प्रभारी डी पुरंदेश्वरी की उपस्थिति में यह धरना कार्यक्रम संपन्न होगा, एवं जांजगीर चांपा जिले में भी पार्टी संगठन द्वारा 22 जनवरी को आयोजित धरना- प्रदर्शन कार्यक्रम को लेकर 19 जनवरी को जिले के सभी 26 मंडलों में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठकें आयोजित कर रणनीति तैयार की गई एवं भाजपा जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा के मार्गदर्शन में 22 जनवरी को होने वाले धरना- प्रदर्शन कार्यक्रम को लेकर लगभग 5000 किसानों एवं कार्यकर्ताओं को एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है, तथा धरना प्रदर्शन को लेकर जहां भाजपा जांजगीर-चांपा जिला द्वारा प्रत्येक मंडलों से पांच पांच सौ किसानों एवम पार्टी कार्यकर्ताओं को ले जाने का भी लक्ष्य रखा गया है, तो वहीं जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में जिले भर के भाजपा समर्थित सभी नगरीय निकाय, ग्रामीण क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों, पूर्व जनप्रतिनिधियों, पूर्व पदाधिकारियों के अलावा किसान बंधु तथा मोर्चा/प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया है, एवं धरना प्रदर्शन कार्यक्रम जांजगीर-चांपा जिला मुख्यालय के कचहरी चौक में होगा। और धरना प्रदर्शन के पश्चात पार्टी कार्यकर्ता जिला कलेक्टर कार्यालय जांजगीर जाकर घेराव करेंगे, एवं राज्य सरकार की किसान विरोधी नीतियों को लेकर गिरफ्तारियां भी देंगे, वहीं भाजपा जांजगीर चांपा जिला द्वारा आयोजित इस 22 जनवरी के कार्यक्रम को लेकर वृहद रूप से मंडल स्तर पर भी तैयारियां चल रही है,।

## राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग देने लोगों ने दिखाई उत्सुकता

■ समाजसेवी लीलाधर सुल्तानिया की उपस्थिति में धन संग्रह का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com




जांजगीर-चांपा जिले की धर्म की नगरी एवं प्रसिद्ध पर्यटन स्थल शिवरीनाराण में श्रीराम जन्म भूमि निधि समर्पण अभियान का शुभारंभ समाजसेवी लीलाधर सुल्तानिया की उपस्थिति में हुआ, इस दौरान योगेश शर्मा, पवन सुल्तानिया , मनोज तिवारी ,संतोष अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे एवं समाजसेवी राजेश अग्रवाल के निवास मे उन्होंने रामभक्तों को तिलक लगाकर 51 हजार रुपए की समर्पण राशि दी, इसके बाद नटवर अग्रवाल द्वारा 1 लाख रुपये की समर्पण राशि दी, इसी क्रम में दीपक अग्रवाल ने 1 लाख के समर्पण राशि ,शशि राजन केडिया द्वारा एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रुपए , श्याम कलेक्शन द्वारा 1 लाख 1 हजार , रानी सती एजेंसी संदीप जी के द्वारा 1 लाख, सीताराम शर्मा (लक्ष्मी वस्त्रालय) के द्वारा 1लाख, हरी सोनी, खिलावन सोनी द्वारा 51 हजार रुपये की समर्पण राशि दिया गया, उल्लेखित हो कि पूरे जांजगीर-चांपा जिले में वर्तमान में श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के कार्य को लेकर जगह-जगह समिति के सदस्यों द्वारा लोगों से संपर्क कर आग्रह किया जा रहा है, एवं जिले वासी भी स्वस्फुरतः सामने आकर समिति को अपनी सहयोग राशि प्रदान कर रहे हैं।

## पेज 1 के शेष...

### सीएम भूपेश कृषि महाविद्यालयों ...

रूपए की लागत से निर्मित बालिका छात्रावास भवन शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल नवीन कृषि महाविद्यालयों और कृषि विज्ञान केन्द्रों में 63.10 करोड़ रूपए की लागत के कार्यों का भूमिपूजन और शिलान्यास भी करेंगे। इनमें कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र मर्रा-पाटन, साजा, महासमुन्द, कुरूद, कोरबा और छुईखदान में 7.53-7.53 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले महाविद्यालय भवन, बालक एवं बालिका छात्रावास भवन इसी तरह कृषि महाविद्यालय रायपुर में 2.28 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले बालिका छात्रावास और कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र भाटापारा में 2.28 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले बालक छात्रावास इसके अलावा सुकमा, कोण्डागांव, बालोद, बेमेतरा, मुंगेली और मैनपाट के कृषि विज्ञान केन्द्रों में 2.11-2.11 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले प्रशासनिक भवन एवं कृषक छात्रावास तथा 70 लाख रूपए की लागत से कृषि विज्ञान केन्द्र रायपुर में बनने वाले कृषक छात्रावास का शिलान्यास शामिल है।

IndusInd Bank
IndusInd Bank LTD. 3rd Floor, Ravi Bhawan, Jai Stambh Chowk, Raipur (C.G.)

**AUCTION NOTICE**

Bids are invited to Sale below mentioned vehicle as on where is basis, for inspection interested person may contact to respective person on given contact no as below. Through the present notice we hereby once again call upon the borrower & Co-borrower concerned for clear their dues on or before **25.01.2021**, else we shall be constrained to sell off the vehicle and loss if any shall be recovered from them.

| Sl. No. | Branch | Deal No. | Borrower Name | Vehicle Details | Yard Name & Address | Contact Person |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | AMBIKAPUR | FRC01568D | SAURABH AGRAWAL | MAHINDRA BLAZO 37PUSHER 10X2 6CCR3 BS IV, REGD NO-CG15DH9046, MODEL-2018 | MAHAMAYA PARKING AMBIKAPUR, (C.G.) | UTKARSH SINGH - 7773009467 |
| 2. | AMBIKAPUR | FRC01550D | RAJENDRA GUPTA | MAHINDRA BLAZO 37PUSHER 10X2 6CCR3 BS IV, Regd No- CG15DH7502 , MODEL-2018 | PASHUPATI STOCK YARD, ROURKELA, ODDISSA | UTKARSH SINGH - 7773009467 |
| 3. | AMBIKAPUR | FRC00989D | YOGENDER THAKUR | MAHINDRA BLAZO 37, Regd No-CG15 DB8988, Model-2017 | MAHAMAYA PARKING AMBIKAPUR, (C.G.) | UTKARSH SINGH - 7773009467 |
| 4. | AMBIKAPUR | FRC01523D | UMA SHANKAR GUPTA | MAHINDRA BLEZO 49, Regd No- CG301124, Model-2018 | MAHAMAYA PARKING AMBIKAPUR, (C.G.) | UTKARSH SINGH - 7773009467 |
| 5. | RAJNANDGAON | FRG00418D | SURJEET SINGH | AL 3718 IL 260 WB BS3, Regd No-CG08 AA9977, Model-2016 | GAGAN ENGINEERING WORK, RAJNANDGAON (C.G.) | JAGESWAR SINGH- 7773009457 |
| 6. | SARAIPALI | FRS00311D | NRUPARAJ NAYAK | TATA LPT 2518 / LPT 2515 LOAD BODY, Regd No-OD17H7105, Model-2016 | KRISHNA PARKING, SARAIPALI, (C.G.) | BIKASH HOTA- 9926499429 |
| 7. | RAIPUR | FRR00612L | SHUBHAM SINGH | ASHOL LEYLAND DOST STRONG, Regd No- CG04MW7841, Model-2019 | KOMAL CHHATRI YARD, RAIPUR (C.G.) | AKBAR ALI- 7448808979 |

**न्यायालय नजूल अधिकारी मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

// उदघोषणा//

प्रकरण क्र. /अ-6/20-21

पक्षकार- श्री राहुल महोबिया पिता स्व. राममनोहर महोबिया साकिन सोनारपारा, मुंगेली तह. व जिला मुंगेली छ.ग. .... आवेदक

विरूद्ध

छ.ग. शासन ... अनावेदक

एतद द्वारा सर्व साधारण/ अनावेदक ग्राम/ मोहल्ला दाऊपारा मुंगेली, जिला मुंगेली को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राहुल महोबिया पिता राममनोहर, निवासी सोनारपारा मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली स्वतः उपस्थित होकर आवेदन पेश कर दाऊपारा मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नं. 38 डी, प्लाट नं. 28, 30 क्षेत्रफल 618 वर्गमीटर पर फौती दर्ज कर अपना नाम दर्ज किए जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः एवं मोहल्ला सोनारपारा मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली स्थित उपरोक्त नजूल भूमि के संबंध में नजूल नामांतरण प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 29.01.2021 को न्यायलीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति /दावा प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/ आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

ईश्तहार आज दिनांक 18.1.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

(सुश्री रजनी भगत)
नजूल अधिकारी, मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार 01 रायपुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202101113700140/202101113700140 मामले की श्रेणी- राजस्व**

विषय- अ-6 सन- 2020-21
टिकरापारा प.ह.नं. 00070[556/57(0.0110हे.)]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- रामदयाल साहू, अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन

// ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 01, पुनीत राम साहू, 02. राम दयाल साहू , 03.जीतेन्द्र कुमार साहू पिसरान पुनीतराम साहू निवासी टिकरापारा रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदकगण की पत्नि/माता श्रीमती पद्मा बाई पति पुनीत राम साहू के नाम पर ग्राम टिकरापारा, प.ह.नं. 70, तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नं. 556/57 रकबा 0.011 हे. याने 1200 वर्गफीट भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदकगण की पत्नि /माता श्रीमती पद्मा बाई पति पुनीत राम साहू की मृत्यु दिनांक 26.04.2020 को हो चुकी है। मृतक खातेदार स्व. श्रीमती पद्मा बाई पति पुनीतराम साहू के विधिक वारिसान आवेदकगण है, अन्य कोई नही। उक्त भूमि पर से मृतक खातेदार स्व. श्रीमति पद्मा बाई पति पुनीतराम साहू का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसान अर्थात आवेदकगण अपने नाम पर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत सुनवाई दिनांक 09/02/2021 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/01/2021 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
रायपुर छ.ग.

**न्यायालय नायब तहसीलदार 01 रायपुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202101113700139/202101113700139 मामले की श्रेणी- राजस्व**

विषय- अ-6 सन- 2020-21
टिकरापारा प.ह.नं. 00070[40/2(वार्ड:01शीट-3)(409हे.)]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- विजय यादव, अनावेदक पक्षकार- राम प्रसाद दुबे,

// ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय यादव पिता स्व. सेवक राम यादव निवासी शिवमंदिर चौक टिकरापारा रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम टिकरापारा, प.ह.नं. 70, तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि शीट नं. 03 भूखण्ड क्रमांक 40/2, खसरा नं. 137/2का भाग, रकबा 409 वर्गफीट भूमि को आवेदक के पिता सेवकराम यादव वल्द लतेल यादव द्वारा विक्रेता रामप्रसाद दुबे पिता गौरीशंकर दुबे निवासी कोटा रायपुर से पंजीकृत बैनामा दिनांक 06.12.1960 को क्रय किया था। आवेदक के पिता सेवकराम यादव वल्द लतेल यादव की मृत्यु दिनांक 30.01.2019 को तथा आवेदक की माता सोनकुंवर यादव पति स्व. सेवकराम यादव की मृत्यु दिनांक 21.11.2019 को हो चुकी है। आवेदक के पिता स्व. सेवकराम यादव वल्द लतेल यादव के विधिक वारिसान में आवेदक ही एकमात्र विधिक वारिस है. अन्य कोई नही। वर्तमान में उक्त भूमि विक्रेता के नाम पर दर्ज चला आ रहा है । उक्त क्रय की गयी भूमि को पंजीकृत बैनामा के आधार पर विक्रेता का नाम विलोपित कर मृतक के विधिक वारिसान अर्थात आवेदक अपने नाम पर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत सुनवाई दिनांक 09/02/2021 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/01/2021 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
रायपुर छ.ग.

**कार्यालय संपदा अधिकारी,**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-04
सेजबहार, रायपुर (छ.ग.) फोन नंबर-0771-2971574
Email Id : eocghbzone04@gmail.com

**-: आम सूचना :-**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कॉलोनी, खिलौरा, रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत भवन क्र. **एल.आई.जी-195, श्री साइमन मिंज पिता श्री बोधा राम मिंज,** के नाम पर इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्र. 10273 दि. 20.09.2011 के माध्यम से भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित है। उक्त भवन का दि. 14.05.2015 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-फोल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को आबंटी **श्री साइमन मिंज पिता श्री बोधा राम मिंज,** पता-एल.आई.जी-195, खिलौरा, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा क्रेता **श्री सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव पिता श्री राजकिशोर लाल श्रीवास्तव,** पता-म.नं. जी-2/11, जी.ए.डी. हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, कचना, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 25.11.2020 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता **श्री सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव पिता श्री राजकिशोर लाल श्रीवास्तव,** द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड पश्चात् अपने नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के फ्री-होल्ड पश्चात् नामांतरण किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

मुहर

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-04, सेजबहार रायपुर (छ.ग.)

# 'भूमिका नकारात्मक हो या सकारात्मक, प्रयास समान ही करने होते हैं'

## टॉक टाइम

अभिनेता ज़ाकिर हुसैन को उनके द्वारा सरकार, सिंघम रिटर्न्स तथा फूल एंड फाइनल जैसी फिल्मों में नकारात्मक भूमिकाओं के लिए जाना जाता है। पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना के साथ एक विशेष बातचीत में उन्होंने अपनी आने वाली फिल्मों, कमल हसन के साथ काम करने के अनुभव तथा संगीतकार होने के बाद भी उन्होंने उस क्षेत्र में कुछ क्यों नहीं किया, जैसे प्रश्नों के विस्तार से उत्तर दिये। प्रस्तुत हैं बातचीत के अंश-



**■ सत्यमेव जयते2 में आपका चरित्र किस प्रकार का है?**

मैं एक ऐसा व्यक्ति हूं जो अत्यंत भ्रष्ट है और कई लोगों की असामयिक मृत्यु तथा विनाश के लिए प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार होता है। वो इतना भ्रष्ट होता है कि उसे लोगों के जीने-मरने के बारे में जरा भी चिंता या दर्द नहीं होता, उसे तो बस अपना खजाना भरना होता है। अब जब खलनायक इतना बुरा होता है तो फिल्म के हीरो जॉन अब्राहम प्रकट होकर उसे दंड देते हैं और इस प्रकार समाज की ओर से बदला लेते हैं।

**■ कमल हसन के साथ आप एक फिल्म भी कर रहे हैं, कैसे आपको उनके साथ काम करने का अवसर मिला?**

फिल्म के निर्देशक एस शंकर हैं जिन्होंने 1996 में इंडियन बनाई थी। ये फिल्म भी समाज पर कलंक जैसे कुछ लोगों को उनकी सही जगह दिखाने की कहानी पर ही आधारित है। इसकी कहानी भी पिछले संस्करण जैसी ही है। बस कथानक में कुछ परिवर्तन किया गया है। इस बार भी मैं इसमें खलनायक की भूमिका कर रहा हूं। शंकर सर की टीम से मुझे कॉल आई और मुझसे कहा गया कि शंकर सर चाहते हैं कि ये रोल मैं ही करूं। मैंने सहमति दे दी।

**■ आप कई फिल्मों-ठुल्ले, चाचा हमारे विधायक हैं2 तथा सैंडविच फॉरएवर2, में काम कर रहे हैं। इतनी फिल्मों में कैसे काम कर पाते हैं?**

बात ऐसी है कि मुझे एक के बाद दूसरे काम मिलते रहते हैं। ऐसा नहीं है कि इतने प्रोजेक्ट होने के पीछे मेरे प्रयास हों, बस मेरे काम से प्रभावित होकर ही मुझे काम मिलते रहते हैं। अच्छी बात ये है कि मुझे काम करना प्रिय है। कौन ऐसे ही खाली बैठे रहना चाहता होगा। इतने सारे काम हाथ हमें होने के कारण आपको कई स्थानों का भ्रमण करने तथा नए नए स्थान देखने का भी अवसर मिलता है।

**■ आप अभिनय के क्षेत्र में कैसे आए? क्या आप सदा से ही इस क्षेत्र में आने के लिए प्रयासरत थे?**

अभिनय तो मैं सदा से ही करना चाहता था। धीरे धीरे मैंने स्कूल और फिर कॉलेज में अभिनय करना प्रारंभ किया। इसके बाद मैं मुंबई आ गया और बॉलिवुड में काम मिल गया। अब पिछले 20 सालों से अधिक समय से मैं फिल्मों में काम कर रहा हूं।

**■ अभी तक की आपकी यात्रा कैसी रही है?**

देखिये उतार-चढ़ाव तो किसी के भी जीवन में आते रहते हैं। हां, एक समय ऐसा था जब मेरे पास कोई काम नहीं था और ऐसे ही खाली रहना पड़ता था। प्रारंभ में काम की कुछ कमी थी लेकिन जैसे जैसे काम मिलता गया और मैं व्यस्त होता गया और आज तो मुझे काम की कोई कमी नहीं है। नियमित रूप से मिलता रहता है। अपने जीवन से मुझे किसी प्रकार की शिकायत नहीं है।

**■ आपको नकारात्मक या कॉमिक भूमिकाओं में ही देखा जाता रहा है। क्या इसका कोई विशेष कारण है कि आप ऐसी भूमिकाओं वाली फिल्में करते हैं?**

नहीं, मैंने ऐसे रोल या फिल्में चुनी नहीं हैं। ये तो निर्माता लोग मेरे पास ऐसी भूमिकाओं के प्रस्ताव लेकर आते हैं जिन्हें मैं करता आ रहा हूं। उन्हें लगता है कि मैं ऐसी भूमिकाओं को अच्छे ढंग से निभाता हूं। ऐसा तो बिलकुल नहीं है कि मैं केवल नकारात्मक भूमिकाएं ही करता रहूंगा। यदि मुझे कोई सकारात्मक भूमिका भी दी जाती है तो ये मैं सहर्ष स्वीकार करूंगा। कॉमेडी मिलने पर मैं कॉमिक रोल भी करता हूं। मेरा सदैव ये प्रयास रहता है कि मैं हर वो रोल जो मुझे दिया जाता है, सर्वश्रेष्ठ ढंग से करूं।

**■ ऐसी भूमिकाएं करना आपके लिए कितना कठिन होता है?**

ये तो मैं सोचता ही नहीं कि सकारात्मक या नकारात्मक रोल करने में किसी प्रकार कठिनाई होती है या इन्हें करने में किसी प्रकार का अंतर होता है। हर नकारात्मक भूमिका करने में उतना ही प्रयास और समर्पण की आवश्यकता होती है जितनी किसी सकारात्मक भूमिका को करने में। यदि रोल सकारात्मक हो तो इसका ये अर्थ कदापि नहीं होता कि इसे करना आसान होगा। जब हम किसी रोल करते हैं तो उसे निभाने की पद्धति समान होती है। किसी भी भूमिका-सकारात्मक, नकारात्मक या कॉमिक, को निभाने में किये जाने वाले प्रयास सदैव समान होते हैं।

**■ आपने थियेटर भी किया है, क्या भूमिकाओं में विविधीकरण से आपका काम कुछ सीमा तक आसान हो जाता है?**

कुछ हद तक। थियेटर में काम करने से हम इस प्रकार ढल जाते हैं कि फिर हर जॉनर में काम करना आसान लगने लगता है। इसके बाद आपको किसी भी चरित्र में आने में उतनी कठिनाई नहीं होती, साथ ही चरित्र से बाहर आने में भी उतना समय नहीं लगता। यदि किसी ने थियेटर न किया हो तो उसे ऐसा करने की स्थिति में आने में काफी समय लग सकता है। थियेटर से हमें इस बात का अच्छा प्रशिक्षण तथा अनुभव मिल जाता है जो हमारे बड़ा काम आता है। इसके बाद हम जैसे ही सेट से हटते हैं, काम पीछे छूट जाता है।

**■ आप एक संगीतकार भी रहे हैं। आपने उस क्षेत्र में जमने के क्या कोई प्रयास नहीं किये?**

नहीं, व्यावसायिक स्तर पर देखें तो मैंने ऐसा कोई प्रयास नहीं किये। ये तो विकी पेज पर किसी ने लिख दिया कि मैं गा सकता हूं और तबला भी बजा सकता हूं। सच तो ये है कि जब आप थियेटर में होते हैं तो आपको गाना पड़ जाता है और यदि आपमें कुछ प्रतिभा होती है तो इसे आगे लाया जा सकता है।

> उतार-चढ़ाव तो किसी के भी जीवन में आते रहते हैं। हां, एक समय ऐसा था जब मेरे पास कोई काम नहीं था और ऐसे ही खाली रहना पड़ता था। प्रारंभ में काम की कुछ कमी थी लेकिन जैसे जैसे काम मिलता गया और मैं व्यस्त होता गया और आज तो मुझे काम की कोई कमी नहीं है।

## ट्रेंड बाजार

### अहाना कुमरा का पॉडकास्ट पर अवतरण



**हिन्दी** फिल्मों की अभिनेत्री अहाना कुमरा शीघ्र ही पॉडकास्ट पर पदार्पण करने जा रही हैं। वो एमएनएम टॉकीज़ पर एक ऑडियो वेब सीरीज़ में कहानी सुनाने जा रही हैं। अहाना ने बताया, 'मैंने हाल ही में इस पॉडकास्ट पर काम करना प्रारंभ किया है। इसे मंत्रा ने निर्मित और निर्देशित किया है।' अहाना ने इस ऑडियो स्टोरी के बारे में बताया जिसका नाम है 'आई हेयर यू, इसमें प्रियंवता परमार नाम के एक जासूस की कहानी है।' अहाना कुमरा ने आगे बताया, 'मैं अब स्वर की दुनिया में पदार्पण कर रही हूं। इस पूरे काम में मंत्रा मेरे साथ हैं और ये मेरे लिए भरोसे का प्रतीक हैं। जीवन के नए क्षेत्र में प्रवेश करने से मैं बहुत उत्साहित हूं। ये मेरे लिए एक नए अध्याय जैसा है और मैं 2021 में इसमें प्रवेश करके अ त्य धि क उत्साहित अनुभव कर रही हूं।'

### रसिका दुग्गल के पास दूसरे सीज़न वाले काम अधिक



**अभिनेत्री** रसिका दुग्गल का कहना है कि 'इस साल मुझे कई चीजों के दूसरे सीज़न मिल चुके हैं। उनमें दुबारा काम करने आ अवसर मिलना रोचक रहा है। इन दो सीज़न के बीच आए परिवर्तन को जानना और उसका हिस्सा बनना पुराने मित्र से दुबारा मिलने जैसा अनुभव देता है क्योंकि आपको उनके बारे में काफी कुछ पता होता है लेकिन ये भी सच है कि आप जैसा उन्हें छोड़कर गए थे वे वैसे नहीं भी हो सकते हैं।'

### प्रीति जिंटा ने जगाई प्रशंसकों में जिज्ञासा



**हिंदी** फिल्मों की अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने अपने प्रशंसकों को छेड़ते हुए उनसे पूछा है कि क्या वे अनुमान लगा सकते हैं कि ऐसी कौन सी उत्साहजनक जानकारी हो सकती है जो इस साल उन्हें मिल सकती है। लॉसएंजेल्स आधारित इस अभिनेत्री ने अपने एक फेटो को भी पोस्ट में साझा किया है जिसमें वो बैट लिये दिखाई दे रही हैं। 'ये निश्चित रूप से नए प्रारंभ का वर्ष होने वाला है। आपके लिए कई नई उत्साहजनक और रोचक जानकारियां आपकी प्रतीक्षा कर रही हैं। क्या आप अनुमान लगा सकते हैं? अधिक जानकारी के लिए यहां देखते रहिये। तब तक कयास लगाते रहिये और बोलो क्या? शीर्षक में उन्होंने लिखा।' उनके इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए नेटिजन्स ने विभिन्न प्रकार के कयास लगाने प्रारंभ कर दिये कि प्रीति किस प्रकार की नई जानकारी देने वाली हैं।

### शकीरा ने बेचे अपने गानों के प्रकाशन अधिकार



हॉलिवुड गायिका शकीरा अपने सभी गानों के प्रकाशन के अधिकार बेचने वाली दूसरी कलाकार बन गई हैं। ग्रैमी विजेता के कैटलॉग में 145 गाने शामिल हैं। शकीरा के कैटलॉग में हिप्स डोंट लाइ, वेनेवर वेयरेवर, शी वुल्फ तथा वाका वाका (दिस टाइम फॉर अमेरिका) जैसे हिट गाने शामिल हैं। इसके अलावा बोर्ड ऑफ हिप्नोसिस सॉन्ग्स फंड लिमिटेड, जो इंग्लैंड आधारित निवेश कंपनी है, ने उनके संगीत के प्रकाशन के शतप्रतिशत अधिकार क्रय कर लिये हैं।

# नलिन सिंह की इन्द्रधनुष देगी सैफअली के तांडव को टक्कर




इंद्रधनुष द ग्रे शेड्स ऑफलव दिल्ली में बनी एक सस्पेंस थ्रिलर कहानी है जो की सच्ची घटनाओं पर आधारित है। इस मूवी की पूरी शूटिंग दिल्ली में हुई है और इसके सभी कलाकार भी दिल्ली के है। यह फिल्म नलिन सिंह के निर्देशन में पूरी हुई और वह दिल्ली को फिल्म निर्माण का दूसरा हब बनाने की और अग्रसर है। फिल्म की कहानी और स्क्रिप्ट राजेश अहूजा द्वारा लिखी गई है और सोमांश सानवी तालिया बेनस्टन, आयुष, अभय, निकेत, शिवानीए अगस्त्या इस फिल्म में मुख्य किरदार के रूप में नज़र आएँगे।

इंद्रधनुष 15 जनवरी को लगभग सभी ओण्टीण्टी प्लैटफॉर्म्स पर रिलीज़ हो गई है। यह फ़िल्म सैफअली खान की तांडव को कड़ी टक्कर देगी। इस फिल्म में लॉस एंजेलेस बेस्ड अभिनेत्री तालिया बेनस्टन मुख्य अभिनेत्री के रूप में नज़र आएंगी जिन्होंने सैफअली खान की फिल्म गो गोवा गॉन में स्लोली स्लोली गाना गाया था। निर्देशक नलिन सिंह दिल्ली के एक मशहूर लेखकए अभिनेता और निर्देशक हैं। वह एक प्रख्यात फिल्म निर्माता हैं और 15 वर्षों से संचार उद्योग में काम कर हैं। दिल्ली के प्रमुख फिल्म निर्माता नलिन सिंह ने गांधी टू हिटलर नाम की एक फिल्म बनाई है, जिसे बर्लिंस फिल्म फेस्टिवल और कान्स फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित किया गया था और दुनिया भर में विभिन्न भाषाओं में रिलीज़ किया गया था। उनकी फिल्म माय वर्जिन डायरी भी एक शानदार हिट रही थी जिसने भारतीय ओण्टीण्टी प्लैटफार्म्स में डिस्ट्रीब्यूशन के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। वह अच्छा कंटेंट प्रदान करने के लिए जाने जाते है और उसके अपने प्रशंसक हैं। उन्होंने एक हॉलीवुड फिल्म में भी काम किया है। नलिन सिंह ने कहा, मेरी फिल्म में भले ही बॉलीवुड सितारे नहीं हैं, लेकिन यह निश्चित रूप से कम बजट के साथ बहुत अच्छी फिल्में बनाते है। मैं तांडव और इसके सभी कलाकारों को शुभकामनाएं देता हूँ और यह उम्मीद करता हूँ कि दर्शकों को दोनों फिल्में पसंद आएँगी।

## इंडियन आइडल 2020 के सेट पर बप्पी लहरी ने पवनदीप को दी सोने की चेन



साल 2020 में शुरू हुआ इंडियन आइडल 12 अब 2021 की शुरुआत में और बेहतर हो गया है! इस वीकेंड यह म्यूज़िकल शो और सुरीला हो जाएगा, जब इस शो मेंसुमित कुमार और उनके बाद बप्पीलहरी आएंगे। इस एपिसोड के दौरान बप्पीलहरी न`इस शाम के बेस्ट परफॉर्मर को चुनने के लिए एक प्रतियोगिता भी रखी, जिसमें जीतन`वाले को म्यूज़िक इंडस्ट्री के यह लीजेंडरी गोल्डनमैन एक सोने की चेन भेंट करेंगे।

जहां य`सारे प्रतिभागी इस स्पेशल एपिसोड म बप्पीलहरी को समर्पित कुछ जोरदार परफॉर्मेंस देंगे, वहींपवनदीपने किसी नजर को तेरा इंतजार आज भीहै, `गाने पर अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी को चौंका दिया।खासतौर पर बप्पीलहर, पवनदीप की परफॉर्मेंस देखकर बेहद उत्साहित हो गए, जिन्होंने न सिर्फशानदार गाना गाया, बल्कि हारमोनियम भी बजाया। उनकी परफॉर्मेंस देखने के बाद पवनदीप से कहा मैं आपकी परफॉर्मेंस देखकर बेहद उत्साहित हूं, जो आपने इतनी कम उम्र में दी है।यह बहुत शानदार परफॉर्मेंस है और मुझे लगता है कि एक सिंगर को कुछ इंस्ट्रूमेंट्स बजाने आने चाहिए। मैंने भी 3 साल की उम्र में तबला बजाना शुरू कर दिया था। उन्होंने आगे कहा, मैं आपको अपने म्यूज़िक रूम ;में जरूर बुलाऊंगा। इतना ही नहीं परफॉर्मेंस ऑफद वीक काई नाम पवन दीप को दिया गया और उन्हें बप्पीदा से एक सोने की चेन भी मिली। इसके बाद पवनदीप की खुशी का ठिकाना ना रहा क्योंकि उन्हें इंडस्ट्री के लीजेंड से यह सम्मान प्राप्त हुआ था। हिमेशरेशमियानेकहा, आपकी परफॉर्मेंस देखने के बाद मैं आपका फैन हो गया हूं और मैं यह घोषणा करना चाहूंगा कि मैं आपको 10 ऐसे गाने दूंगा जो यकी न है ब्लॉकबस्टर साबित होंगे।

## वरुण धवन और नताशा दलाल 24 जनवरी को करेंगे शादी: सूत्र



**मुंबई।** अभिनेता वरुण धवन अपनी दोस्त और फैशन डिजाइनर नताशा दलाल के साथ जल्दी ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। धवन के पारिवार के करीबी सूत्र ने यह जानकारी दी। धवन और दलाल स्कूल में साथ पढ़ते थे और लंबे समय से दोस्त हैं। सूत्र ने पीटीआई-भाषा से कहा, अलीबाग में परिवार और दोस्तों की उपस्थिति में 24 जनवरी को हिंदू रीति रिवाज से शादी होगी। शादी से पूर्व के समारोह 22 जनवरी से शुरू हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि शादी मई 2020 में होने वाली थी लेकिन कोविड-19 के कारण इसे 2021 तक के लिए टाल दिया गया।

## क्यूं उत्थे दिल छोड़ आए के लिए ग्रेसी बितिन गोस्वामी ने दिए 18 लुक टेस्ट

**कलाकारों** के लिए अपने किरदार में ढलना बहुत जरूरी होता है और इसके लिए उन्हें कई वर्कशॉप्स करनी पड़ती हैं और ऐसे आउटफिट्स पहनने पड़ते हैं जो वे आमतौर पर नहीं पहनते। अपने रोल में परफेक्ट नजर आने के लिए कलाकारों को अपने कम्फर्ट ज़ोन से बाहर आना ही पड़ता है।

ग्रेसी बितिन गोस्वामी ने भी ऐसा ही किया जो कि सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के आगामी शो श्क्यूं उत्थे दिल छोड़ आएश् में लीड किरदार निभाने जा रही हैं। चर्चा है कि ग्रेसी जो इस शो में अमृत के किरदार में नजर आएंगी ने इस शो में अपने फाइनल लुक से पहले 18 लुक टेस्ट दिए थे। शो के मेकर्स ने 18 अलग अलग लुक टेस्ट लेने के बाद ग्रेसी के किरदार अमृत के लिए एक परफेक्ट लुक तय किया। 1947 में विभाजन से पहले के भारत स्थित लाहौर की पृष्ठभूमि पर आधारित क्यूं उत्थे दिल छोड़ आए तीन जवान लड़कियों - अमृत वश्मा और राधा की कहानी है। इस कहानी में देश की आजादी की कगार पर खड़ी इन तीन लड़कियों के सपनों उम्मीदों अरमानों और नए-नए प्यार की दास्तान है। अपने लुक के बारे में बताते हुए ग्रेसी ने कहाकि लाहौर की पृष्ठभूमि पर आधारित क्यूं उत्थे दिल छोड़ आए अमृत, राधा और वश्मा की कहानी है, जो सपने देखने का साहस करती हैं और उन सपनों को पूरा करने की हिम्मत भी रखती हैं। अमृत का लुक बड़ा अनोखा है जो 1947 के बंटवारे के पहले के भारत की लड़की है। हमने अमृत के किरदार का लुक तय करने से पहले 18 लुक टेस्ट लिए। हालांकि मैं गुजरात के वडोदरा से हूंए लेकिन मुझे पंजाब की संस्कृति बहुत पसंद है।

मैं खुद को लकी मानती हूं कि मुझे पंजाबी लड़की का किरदार निभाने का मौका मिला। पंजाब के हैंड मेड फुलकारी दुपट्टे पहनकर मुझे ऐसा लगा जैसे मैं रंग-बिरंगे कपड़े पहने कोई राजकुमारी हूं। मैं चाहती हूं कि हर बार अपने सीन्स के लिए अलग-अलग फुलकारी दुपट्टे पहनूं।ष्क्या ये तीनों लड़कियां कुछ असाधारण करने में सफल होंगीष देखिए सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का नया शो क्यूं उत्थे दिल छोड़ आए 25 जनवरी रात 9 बजे से।

## एक्शन थ्रिलर फिल्म धाकड़ एक अक्टूबर को रिलीज होगी




**मुंबई।** एक्शन थ्रिलर फिल्म धाकड़ एक अक्टूबर को रिलीज होगी। फिल्म के आधिकारिक ट्विटर पेज पर सोमवार को नया पोस्टर जारी करते हुए रिलीज की तारीख की जानकारी दी गई। इस फिल्म में कंगना रनौत, अर्जुन रामपाल और दिव्या दत्ता भूमिका निभा रही है।

ट्वीट में कहा गया, सोहम रॉकस्टार इंटरटेनमेंट की फिल्म धाकड़ , भारत की पहली महिला नीत मेगा एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसमें कंगना रनौत काम कर रही है और यह एक अक्टूबर 2021 को रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन रजनीश राजी घई कर रहे हैं और इसके निर्माता सोहैल मकलाई हैं।

## करण जौहर ने विजय देवरकोंडा अभिनीत लाइगर का पहला पोस्टर किया जारी



**मुंबई।** फिल्मकार करण जौहर ने सोमवार को विजय देवरकोंडा और अनन्या पांडे अभिनीत फिल्म लाइगर का पहला पोस्टर सोमवार को जारी किया। फिल्म का निर्देशन पुरी जगंनाध ने किया है। वहीं इसका निर्माण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन और अपूर्व मेहता ने मिलकर किया है। फिल्म को हिंदी, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम पांच भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। करण जौहर ने फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए लिखा, विजय देवरकोंडा और अनन्या पांडे अभिनती लाइगर के पोस्टर को पेश कर रहा हूं। बेहतरीन निर्देशक पुरी जगंनाध ने इसका निर्देशन किया है। इसे पांच भाषाओं हिंदी, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज किया जाएगा। इस पोस्टर में विजय एक बॉक्सर की भूमिका में नजर आ रहे हैं। दक्षिण भारतीय फिल्मों के अभिनेता देवरकोंडा ने पिछले साल पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा था कि वह हिंदी के संवाद भी खुद ही डब करेंगे।

## सुभाष घई 36 फार्म हाउस फिल्म के निर्माण से जुड़े



**मुंबई।** फिल्म निर्माता सुभाष घई ने सोमवार को अपने नए प्रोजेक्ट 36 फार्म हाउस फिल्म से बतौर निर्माता के रूप में जुड़ने की घोषणा की। इस फिल्म का निर्देशन गुजराती फिल्म निर्माता विपुल मेहता करेंगे। घई कर्ज , राम लखन और ताल जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। वह अपने मुक्ता आर्ट्स बैनर के तहत इस फिल्म का निर्माण करेंगे। उन्होंने ट्विटर पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि इस फिल्म का निर्माण मुक्ता आर्ट्स लिमिटेड, जी स्टूडियोज के साथ मिलकर करेगा और इसके निर्देशक विपुल मेहता होंगे। मेहता चाल जीवी लाइए , कैरी ऑन केसर , बेस्ट ऑफ लक लालू के लिए जाने जाते हैं।

# लो वोल्टेज की समस्या को दूर करने व नए सब-स्टेशन की स्थापना की मांग

## लगातार लो वोल्टेज से सिंचाई व्यवस्था हो रही बाधित

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत सभापति एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी राहुल योगराज टिकरिहा ने आज छ.ग.स्टेट पा.वि.क.लि. बेमेतरा के कार्यपालन अभियंता श्रीहरि मुरारी को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न क्षेत्रों में नए सब स्टेशन का स्थापन कर लो वोल्टेज समस्या दूर करने एवं नवीन बोर खनन अनुरुप ट्रांसफार्मर की व्यवस्था करने की मांग किया।



सभापति टिकरिहा ने ज्ञापन में लिखा है कि बेमेतरा जिला में लगातार लो वोल्टेज की समस्या चल रही है जिससे भलीभांति परिचित भी है। वर्तमान समय में गर्मी फसल की बुआई प्रारंभ हो गई है। गर्मी में किसान भाइयों को सिंचाई के लिए अधिक मात्रा में पानी की आवश्यकता होती है। वोल्टेज होने एवं बिजली कटौती व बार-बार वोल्टेज कम ज्यादा होने के कारण मोटर खराब हो जाता है। जिससे किसान भाइयों को सिंचाई के लिए बहुत समस्या होती है। किसान भाई-बहनें बेहतर सिंचाई व्यवस्था कर अधिक उत्पादन लेने के लिए बोर खनन करवा रहे है। बोर हो जाने के बाद किसान भाईयों को मोटर चलाने के लिए बिजली की आवश्यकता होती है। अतः महोदय जी बोर खनन के अनुरुप नजदीकी ट्रांसफार्मर के वॉट के हिसाब से ही कनेक्शन दिया जाय या बोर के अनुरुप नया ट्रांसफार्मर लगाकर कनेक्शन दिया जाय। जिससे बिजली व्यवस्था बाधित न हो। बिजली व्यवस्था को सुदृढ बनाएं रखने के लिए सब स्टेशनों का विस्तार करना बहुत जरूरी है। अतः किसान एवं ग्रामीण हित को देखते हुए उपरोक्त मांगो को पूर्ण करें।

### लो वोल्टेज की समस्या से किसान हो रहे है परेशान

लो वोल्टेज की समस्या और एक ट्रांसफार्मर में अधिक कनेक्शन हो जाने से बिजली आपूर्ति बाधित हो रहे है जिससे जिला के किसान परेशान हो रहे है। बिजली बाधित होने से सिंचाई व्यवस्था में रुकावट हो जाती है।

### नए बोर के अस्थायी कनेक्शन से ट्रांसफार्मर में लोड

नए बोर खनन से उस बोर का अस्थायी कनेक्शन भी नजदीकी ट्रांसफार्मर में दे दिया जा रहा है। जबकि अधिकतर ट्रांसफार्मर में पहले से ही लोड ज्यादा है और नए कनेक्शन दे देने से लगातार वोल्टेज की समस्या बढ़ जाती है।

### वोल्टेज के अप डाउन होने से मोटर जलने की शिकायत

वोल्टेज के अप डाउन होने से मोटर को एकरूप में वोल्टेज नहीं मिल पाता है। अप डाउन के कारण व लगातार ऑटोमेटिक बंद चालू होने के कारण मोटर जलने की समस्या हो रही है। मोटर का जलना किसान भाई-बहनों के लिए बहुत ही चिंतनीय विषय है।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज रायपुर, बालोद और राजनांदगांव जिले के कार्यक्रमों में होंगे शामिल

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 20 जनवरी को राजधानी रायपुर, बालोद और राजनांदगांव जिले में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री बघेल पूर्वान्ह 11.30 बजे अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय रायपुर सहित 05 उद्यानिकी महाविद्यालयों साजा (बेमेतरा जिला), अर्जुन्दा (बालोद जिला), धमतरी, जशपुर और लोरमी (मुंगेली जिला) और नवीन कृषि विज्ञान केन्द्र कोण्डागांव का शुभारंभ करेंगे।

बघेल इस अवसर पर प्रदेश के कृषि महाविद्यालयों, कृषि विज्ञान केन्द्रों और नवीन कृषि महाविद्यालयों में 109 करोड़ 77 लाख रूपए की लागत के अधोसंरचना विकास कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री इनमें से 46 करोड़ 67 लाख रूपए की लागत के कार्यो का लोकार्पण और 63 करोड़ 10 लाख रूपए की लागत के कार्यों का भूमिपूजन और शिलान्यास करेंगे। इन कार्यों में कृषि महाविद्यालयों के भवन, बालक-बालिका छात्रावास, अनुसंधान केन्द्र, हाइटेक नर्सरी, सीड प्रोसेसिंग भवन, हैचरी, कृषि विज्ञान केन्द्रों में प्रशासनिक भवन और कृषक छात्रावास निर्माण के कार्य शामिल हैं। बघेल इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किए गए डिजिटल कृषि पंचांग और कृषि दर्शिका-2021 का विमोचन भी करेंगे। बघेल रायपुर से दोपहर 1.15 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 1.40 बजे बालोद जिले के डौंडी विकासखण्ड स्थित ग्राम ठेमाबुजुर्ग पहुंचेंगे और वहां गैंदसिंह शहादत दिवस तथा अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज महासभा के कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री 3.25 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा राजनांदगांव जिले के छुरिया विकासखण्ड के ग्राम गोडलवाही पहुंचेंगे और वहां अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज महासभा के कार्यक्रम में शामिल होंगे। बघेल शाम 5.15 बजे रायपुर लौटेंगे।

## मुख्यमंत्री ने गुरू गोविंद सिंह जयंती की दी बधाई

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सिक्खों के 10वें गुरु और खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविन्द सिंह जी की जयंती के अवसर पर सिक्ख समाज सहित प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि गुरु गोविंद सिंह ने हमेशा प्रेम, एकता, भाईचारे का संदेश दिया। उनके जीवन का दर्शन था कि धर्म का मार्ग सत्य का मार्ग है और सत्य की सदैव विजय होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख समुदाय गुरु गोविंद सिंह की जयंती को श्रद्धा, उत्साह और उमंग के साथ मनाता है।

## अमर शहीद गैंदसिंह के शहादत दिवस पर उन्हें किया नमन

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीद गैंदसिंह को उनके शहादत दिवस 20 जनवरी पर नमन किया है। छत्तीसगढ़ के इस महान सपूत को 20 जनवरी सन् 1825 को परलकोट के महल के सामने फांसी दी गई थी। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि शहीद गैंदसिंह ने अंग्रेजों के शोषण के विरूद्ध आवाज उठाई और बस्तर के आदिवासियों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। बस्तर के अबूझमाड़ में क्रांति की मशाल जलाने वाले शहीद गैंदसिंह को उनकी पुण्यतिथि पर गर्व और सम्मान के साथ याद किया जाता है। ऐसे वीर सपूत को छत्तीसगढ़ और पूरा देश नमन करता है। उनका बलिदान युगों तक याद किया जाएगा।

# एडीजे हेमंत अग्रवाल ने ग्रीन वैली में पौधरोपण किया



पायनियर संवाददाता मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

शहर को हमें हराभरा करना है और साथ ही पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना है ताकि मनेन्द्रगढ़ में पर्यटन संबंधित आय के अन्य क्षेत्रों का विकास हो। पूर्व ए.डी.जे. वर्तमान हाईकोर्ट लायर हेमंत अग्रवाल ने हसदेव गंगा में ग्रीन वैली के तत्वाधान में शनिमंदिर के सामने गुलाब का पौधरोपण करते हुए कहा। इस अवसर पर ग्रीन वैली के अध्यक्ष नरोत्तम शर्मा ने कहा कि शनि मंदिर के सामने ग्रीन वैली द्वारा गुलाब पार्क विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर आदित्य जायसवाल ने अपने जन्मदिन पर ग्रीनवैली के सहयोग से वृक्षारोपण किया और प्रण लिया कि वह सदैव पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यरत रहेंगे।

इस अवसर पर नगर के समाज सेवी मधु पोद्दार, विद्याधर गर्ग, ग्रीनवैली के उपाध्यक्ष बसंत जायसवाल, अजय गायकवाड़, संजय गायकवाड़, मृत्युंजय सोनी सहित अनेक नागरिक व ग्रीनवैली के सदस्य उपस्थित रहे।

# जिले में सफलतापूर्वक हो रहा कोविशील्ड वैक्सीन से टीकाकरण

**बालोद।** प्रथम चरण कोविड-19 टीकाकरण अन्तर्गत पूर्व पंजीकृत स्वास्थ्य सेवा प्रदाता वर्ग (शासकीय/निजी), मितानिन, आंगनबाडी कार्यकर्ता का सोमवार को जिले के तीन टीकाकरण केन्द्र जिला चिकित्सालय बालोद में 96 के विरूद्ध 79, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवरी में 100 के विरूद्ध 80 एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अर्जुन्दा में 100 के विरूद्ध 73 हितग्राहियों का सफलतापूर्वक कोविशील्ड वैक्सीन से टीकाकरण किया गया।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एस.के.सोनी ने बताया कि आज टीकाकृत हुए हितग्राहियों में किसी को भी टीकाकरण पश्चात् कोई प्रतिकूल लक्षण नहीं पाये गये। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल बालोद में डॉ. बीएल रात्रे, डॉ. आरके श्रीमाली, डॉ. एनसी लांगे, डॉ. पीएल मेरिया, डॉ. एके मिश्रा, डॉ. ज्योति गजभिये, डॉ. पूर्णिमा सिंह सहित जिला अस्पताल बालोद, खण्ड चिकित्सा कार्यालय बालोद, जिला आयुर्वेद कार्यालय बालोद व आईसोलेशन सेंटर पाकुरभाट के अधिकारी-कर्मचारियों को कोविशील्ड वैक्सीन से टीकाकृत किया गया। उन्होंने बताया कि आगामी टीकाकरण 20 जनवरी 2021 दिन बुधवार को प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक पूर्व निर्धारित सत्र स्थल पर आयोजित किये जायेंगे।

# शहीद स्मारक व अनुकंपा नियुक्ति का इंतजार

**डोंगरगांव नगर।** राज्य सरकार सिर्फ जय जवान जय किसान नारा तो लगाती है। पर इस नारे पर फिलहाल अमल करते नजर नहीं आ रही है। इसका ताजा उदाहरण राजनांदगांव जिले का शहीद परिवार है। एक युवा जवान की शहादत को लगभग एक वर्ष पूर्ण बीतने जा रहा है, लेकिन शासन प्रशासन की ओर से शहीद परिवार को कोई मदद नही मिल पाई है। राजनांदगांव जिले में डोंगरगांव के जंगलपुर के निवासी शहीद जवान पूर्णानंद साहू कोबरा बटालियन में सेवा देते हुए 10 फरवरी 2020 को बीजापुर नक्सली हमले मे शहीद हुये थे। देश एवं राज्य की सुरक्षा के लिए अपना जान न्यौछावर कर दिया। बनिस्बत राज्य सरकार को शहीद परिवार से तनिक भी इल्म नही है। शहीद परिवार के आर्थिक स्थिति के मद्देनजर क्षेत्र के जनपद सदस्य मनीष साहू ने अपनी एक छोटी सी पहल करते हुए शहीद परिवार के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। राजनांदगांव के कोमल राजपूत के मार्गदर्शन में जनपद सदस्य मनीष साहू ने गत दिनों शहीद परिजनों को पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह से मुलाकात कराई।



**सांसद और विधायक को नही है इल्म**

जवान की शहादत के बाद राज्य शासन की ओर से अनुकम्पा नियुक्ति एवं शहीद स्मारक का आश्वासन दिया गया था। शहीद परिवार अभी तक प्रशासन के पहल के इंतजार में हैं। वीर शहीद के परिवार की राज्य सरकार को सुध भी नही है। आलम यह है कि जिले में भी कोई सक्षम जनप्रतिनिधि जैसे सांसद या विधायक को शहीद परिवार की मंशा से कोई इल्म नहीं है।

# विस अध्यक्ष महंत ने गुरु गोबिन्द सिंह की जयंती पर प्रदेशवासियों को दी बधाई

पायनियर संवाददाता मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने सिक्खों के दसवें गुरु श्रीगुरु गोबिंद सिंह जी के अवतरण दिवस प्रकाश पर्व पर प्रदेशवासियों को दी बधाई एवं शुभकामनाएं। डॉ महंत ने कहा, गुरुगोविंद सिंह जी सिक्खों के दसवें व अंतिम गुरु माने जाते हैं। वे सिक्खों के सैनिक संगति, खालसा के सृजन के लिए प्रसिद्ध थे। कुछ ज्ञानी कहते हैं कि जब-जब धर्म का ह्रास होता है, तब-तब सत्य एवं न्याय का विघटन भी होता है तथा आतंक के कारण अत्याचार, अन्याय, हिंसा और मानवता खतरे में होती है। उस समय दुष्टों का नाश एवं सत्य, न्याय और धर्म की रक्षा करने के लिए ईश्वर स्वयं इस भूतल पर अवतरित होते हैं। उन्होंने सिक्ख कानून को सूत्रबद्ध किया, काव्य रचना की और सिक्ख ग्रंथ 'दसम ग्रंथ' (दसवां खंड) लिखकर प्रसिद्धि पाई, देश, धर्म और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सिक्खों को संगठित कर सैनिक परिवेश में ढाला। दशम गुरु गोबिन्द सिंह जी स्वयं एक ऐसे ही महापुरुष थे, जो उस युग की आतंकवादी शक्तियों का नाश करने तथा धर्म एवं न्याय की प्रतिष्ठा के लिए गुरु तेगबहादुर सिंह जी के यहां अवतरित हुए। इसी उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा था। मुझे परमेश्वर ने दुष्टों का नाश करने और धर्म की स्थापना करने के लिए भेजा है। गुरु गोबिंद सिंह जी ने बताया खालसा का अर्थ है खालिस अर्थात् विशुद्ध, निर्मल और बिना किसी मिलावट वाला व्यक्ति। इसके अलावा हम यह कह सकते हैं कि खालसा हमारी मर्यादा और भारतीय संस्कृति की एक पहचान है, जो हर हाल में प्रभु का स्मरण रखता है और अपने कर्म को अपना धर्म मान कर जुल्म और ज़ालिम से लोहा भी लेता है। गोबिन्द सिंह जी ने एक नया नारा दिया है - वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह। गुरु जी द्वारा खालसा का पहला धर्म है कि वह देश, धर्म और मानवता की रक्षा के लिए तन-मन-धन सब न्यौछावर कर दे।

ज़फ़रनामा में स्वयं गुरु गोबिन्द सिंह जी ने लिखा है कि जब सारे साधन निष्फल हो जायें, तब तलवार ग्रहण करना न्यायोचित है। गुरु गोबिन्द सिंह ने 1699 ई. में धर्म एवं समाज की रक्षा हेतु ही खालसा पंथ की स्थापना की थी। खालसा यानि खालिस (शुद्ध), जो मन, वचन एवं कर्म से शुद्ध हो और समाज के प्रति समर्पण का भाव रखता हो।

# डोंगरगांव नगर में निकलेंगे चैतन्य बाल हनुमान प्रातः प्रभातफेरी व समर्पण निधि संग्रहण जारी

## श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए धर्म जागरण मुहिम

पायनियर संवाददाता डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर इन दिनों श्रीराममय हो गया है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण अभियान के अंतर्गत प्रातः प्रभातफेरी में श्रीराम संकीर्तन से नगर में धर्म की बयार बहने लगी है। वहीं श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए समर्पण निधि संग्रहण का दौर भी जारी है।

इसी क्रम में आगामी 21 जनवरी को नगर में श्रीराम मंदिर निर्माण अभियान के तहत भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। शोभायात्रा में सैकडों चैतन्य बाल हनुमान आस्था व आकर्षण के केंद्र होंगे। इस सन्दर्भ में श्रीराम मंदिर निर्माण अभियान के नगर व अंचल के मार्गदर्शक दिनेश गांधी ने चर्चा में बताया कि नगर के विभिन्न वार्डो व अंचल के गांवों में श्रीराम मंदिर निर्माण को लेकर भक्तिमय माहौल व उत्साह है।

अभियान में सभी वर्ग के भक्तगण सहयोग प्रदान कर रहे हैं। नगर में वार्डवार व गांवों में भी समिति गठित कर सभी वर्ग को अभियान से जोड़ा जा रहा है। प्रातः प्रभातफेरी के अलावा समर्पण निधि के लिए जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में आगामी 21 जनवरी को डोंगरगांव नगर में भव्य शोभायात्रा निकली जा रही है।

**श्रीराम धर्म है राजनिति नहीः गाँधी**

श्रीराम मंदिर निर्माण अभियान के नगर व अंचल के मार्गदर्शक दिनेश गांधी ने दैनिक पायनियर को संक्षिप्त चर्चा में बताया कि श्रीराम मंदिर निर्माण अभियान में राजनीति की कोई जगह नही है। यह सिर्फ धर्म का विषय होना चाहिए। श्रीगांधी ने नगर समस्त राजनैतिक दलों, सामाजिक संगठनों के लोगों सहित युवाओं से रामकाज में सहयोग की अपील की है।

# प्राचीन धरोहर को सहेजने गुलाब कमरो ने किया निरीक्षण



**कोरिया।** सविप्रा उपाध्यक्ष विधायक गुलाब कमरो ने सिद्धबाबा पहाड़ के सौन्दर्यीकरण हेतु व प्राचीन धरोहर को सहेजने एवं विकास की संभावना को तराशने निरीक्षण किया.साथ ही पर्यटन क्षेत्र में सिद्धबाबा पहाड़ की पहचान बनाने समिति सदस्यों के साथ विचार विमर्श भी किया।

इस अवसर पर समिति सदस्यगण व नपाध्यक्ष प्रभा पटेल,उपाध्यक्ष कृष्णमुरारी तिवारी,पूर्व अध्यक्ष राजकुमार केशरवानी,पूर्व नप अध्यक्ष विष्णुदास,ओमप्रकाश विश्वकर्मा, सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति हिन्दुस्तान मे सबसे बेहतर-कवासी लखमा

# बेमेतरा जिले में उद्योग लगाने के इच्छुक उद्यामियों को मिलेगा सब्सिडी का लाभ : रविन्द्र चौबे

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com




प्रदेश के कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी, पशुपालन, मछली पालन, जलसंसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे के मुख्य आतिथ्य एवं वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा की अध्यक्षता में, जिले में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा आज मंगलवार को एक दिवसीय कार्यशाला ''उद्यम समागम'' का आयोजन जिला मुख्यालय बेमेतरा के एक निजी स्कूल मे किया गया। विशिष्ट अतिथि के रुप मे विधायक बेमेतरा श्री आशिष कुमार छाबड़ा एवं विधायक बीजापुर विक्रम मण्डावी उपस्थित थे। कृषि मंत्री चौबे ने कहा कि कृषि प्रधान बेमेतरा जिले में कृषि आधारित उद्योग लगाने की काफी संभावनाएं हैं। प्रदेश सरकार द्वारा फल,फूल सब्जी एवं अन्य खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को अधिकाधिक प्रोत्साहन प्रदान करने हेतु अनेक प्रावधान किये गये है। जिसकी जानकारी आज कार्यशाला के माध्यम से दी जा रही है। केबिनेट मंत्री चौबे ने कहा कि आदिवासी बहुल जिलों की भांति बेमेतरा जिले में यदि कोई उद्यमी अपना उद्योग स्थापित करना चाहते है, उन्हे सरकार द्वारा सबसिडी दी जायेगी। उनके लिए यह सुनहरा अवसर है, अन्यथा सबसिडी का लाभ आने वाले वर्षो मे नही मिल सकेगा। छ.ग. देश का सबसे बड़ा औद्योगिक हॅब बन सकता है। उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ की फिजां शांत है, यहां के लोग एवं जनमानस परिश्रमी है। छ.ग. मे पानी है, खनिज, उर्जा एवं कोयला प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि कोरोना संकट के काल में माह सितम्बर में छ.ग. में 23 प्रतिशत जीएसटी का संग्रहण हुआ, यह अपने आप में एक कीर्तिमान है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखमा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व मे प्रदेश सरकार द्वारा एक नयी औद्योगिक नीति बनाई गई है, जिससे प्रदेश का समावेशी विकास एवं युवा आत्मनिर्भर एवं परिपक्व हो सके। छ.ग. में रोजगार के अवसर कैसे देना है, भूपेश सरकार के नेतृत्व मे एक नयी औद्योगिक नीति का निर्माण किया गया।

हिन्दुस्तान की सबसे अच्छी उद्योग नीति छ.ग. की है। लखमा ने कहा कि हमने देश के अन्य राज्य आन्ध्रप्रदेश कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात की उद्योग नीति देखी है, उनसे बेहतर छ.ग. की उद्योग नीति है। बेमेतरा एक मैदानी जिला है, जो-जो उद्यमी यहां अपना उद्योग स्थापित करना चाहते है उन्हे आदिवासी बहुल बस्तर की भांति सबसिडी का लाभ मिलेगा। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार गौठान को आजीविका के केन्द्र के रुप मे विकसित कर रही है। महिला स्व-सहायता समूहों को गौठान गतिविधियों से जोड़कर उन्हे आत्म निर्भर बनाया जा रहा है। विधायक बीजापुर मण्डावी ने कहा कि उद्यम समागम का लाभ बेमेतरा जिले वासियों को मिलेगा। भविष्य मे उद्योग स्थापित होने से स्थानीय युवाओं को स्व-रोजगार मिलेगा।

एक दिवसीय कार्यशाला के आयोजन के लिए मै उद्योग विभाग को धन्यवाद देता हूं। विधायक आशिष छाबड़ा ने कहा कि बेमेतरा एक नया जिला है, यहां उद्योग धंधे की व्यापक संभावना है। उद्योग के लिए यहां स्थान भी चिन्हीत कर लिया गया है। बेमेतरा जिले मे कृषि आधारित उद्योग लगने की काफी संभावनाएं है। उद्योग विभाग के अपर संचालक प्रवीण शुक्ला ने भी संबोधित किया।

# मनरेगा से जुड़े 18 युवाओं को मोबाईल रिपेयरिंग का निःशुल्क प्रशिक्षण

**महासमुन्द।** ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान बड़ौदा बैंक द्वारा उन्नति कार्यक्रम के तहत् मनरेगा से जुड़े युवाओं को मोबाईल रिपेयरिंग की प्रशिक्षण के साथ-साथ बाजार सर्वेक्षण मोबाईल संबंधी विभिन्न प्रकार की जानकारी दी जा रही है। बैंक अधिकारी ने बताया कि मनरेगा कार्य से जुड़े 18 युवाओं को 02 जनवरी से 31 जनवरी तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# निधन

## उमादेवी मिश्रा



**कुम्हारी।** कुम्हारी के प्रतिष्ठित नागरिक एवं व्यवसायी टी डी मिश्रा की धर्मपत्नी उमादेवी मिश्रा का मंगलवार को प्रातः 3 बजे दुखद निधन हो गया। वे व्यवसायी प्रभात मिश्रा, मनोज मिश्रा, संजीव मिश्रा एवं ओम मिश्रा की माताजी थी। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2021 का आगाज

■ अरपा रिव्हरयू में हेलमेट रैली कार्यक्रम से प्रारंभ किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

सड़क सुरक्षा माह के प्रथम कार्यक्रम व शुभारंभ हेलमेट रैली व यातायात रथ को प्रस्थान अरपा रिवरयू से हुआ। पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल की अगुवाई में कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय ध्रुव(ग्रामीण) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) रोहित बघेल,उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) सत्येंद्र पांडे, यातायात के सभी अधिकारीगण एवं पुलिस विभाग के समस्त नगर निरीक्षक एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा , एनसीसी एवं एनएसएस के अधिकारी, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।




यातायात सुरक्षा रथ व हेलमेट रैली को बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रतनलाल डांगी एवं पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया, जो शहर के चौक चौराहे, सरकंडा परिक्षेत्र आरके नगर, गुरुनानक चौक, रेलवे क्षेत्र, तारबाहर, लिंक रोड , सत्यम चौक होते पुलिस परेड मैदान में समाप्त हुई। इस रैली में आकर्षक पोस्टर बेनर के माध्यम से यातायात के संदेशों से जन मानस में सुरक्षित यातायात व हेलमेट पहनने के लिए जागरूप किया, कार्यक्रम का मंच संचालन मुकुल शर्मा ने किया।

**सड़क सुरक्षा माह 2021 के दूसरे दिवस में 19 जनवरी को पैदल-** जनजागरूपता रैली सुबह 10.30 बजे से पुलिस परेड मैदान से प्रारंभ होकर सत्यम चौक,अग्रसेन चौक, पुराना बस स्टैंड, टैगोर चौक तारबहार से सीएमडी चौक से सत्यम चौक पुनः पुलिस परेड मैदान में समाप्त होगी।

## क्विक न्यूज

### 20 एवं 22 जनवरी को अंबाला-अमृतसर-अंबाला के बीच रद्द रहेगी

**बिलासपुर।** किसान आन्दोलन के फलस्वरूप दिनांक 20 जनवरी, 2021 को कोरबा से रवाना होने वाली 08237 कोरबा-अमृतसर त्रि-साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन अंबाला रेल्वे स्टेशन में ही समाप्त होकर यह गाड़ी अंबाला रेल्वे स्टेशन से बिलासपुर के लिए रवाना होगी एवं 22 जनवरी, 2021 को अमृतसर से छूटने वाली 08238 अमृतसर-बिलासपुर त्रि-साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन अमृतसर के स्थान पर अंबाला रेल्वे स्टेशन से ही रवाना होगी अर्थात यह गाड़ी अंबाला-अमृतसर-अंबाला के बीच रद्द रहेगी।

### कोविड टीकाकरण के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना

**बलौदाबाजार।** कोविड टीकाकरण के लिए जिला मुख्यालय में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। सीएमएचओ डॉ. सोनवानी ने बताया कि नियंत्रण कक्ष का लैण्डलाईन फोन नम्बर 07727-223622 और मोबाईल नम्बर 88151-04861 है। प्रतिदिन सवेरे 10 बजे से रात 8 बजे तक यह कण्ट्रोल रूम काम करेगा।

## शासकीय इंग्लिश मिडियम स्कूल मंगला में तीन दृष्टिबाधित छात्रों को स्मार्टफोन उपलब्ध कराया



■ राज्य माध्यमिक शिक्षा मिशन के जिला परियोजना कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराया

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

प्रभारी कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरीश एस ने आज स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल मंगला में तीन दृष्टिबाधित छात्रों को स्मार्टफोन का वितरण किया। समावेशी शिक्षा के अंतर्गत जिले के चिन्हांकित दृष्टिबाधित छात्रों को ब्रेल पुस्तक उपलब्ध कराने के साथ-साथ नवीन तकनीक के द्वारा स्मार्टफोन के माध्यम से सुगम पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तीन बच्चों को उच्च गुणवत्ता का स्मार्टफोन निःशुल्क राज्य माध्यमिक शिक्षा मिशन के जिला परियोजना कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराया गया। कोविड-19 संक्रमण के चलते जिन बच्चों को स्मार्टफोन का वितरण नहीं किया गया था। उन्हें आज स्मार्टफोन वितरित किया गया। इन बच्चों में कुमारी दिव्या खाण्डे, जागेश्वर कुमार एवं सतीश कुमार शामिल है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अशोक भार्गव, सहायक जिला परियोजना अधिकारी रामदत्त गौरहा, ए.पी.सी. समग्र शिक्षा रामेश्वर जयसवाल, सहायक संचालक संदीप चोपड़े एवं पी. दासरथी सहित शिक्षक मौजूद थे।

## समाज को बुराइयों से बचाना एवं सामाजिक समरसता बनाये रखना ही हम सब की नैतिक जिम्मेदारी : साहू

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

तहसील साहू संघ बलौदाबाजार के संयुक्त तत्वावधान में सामूहिक आर्दश विवाह,राजिम जयंती,परिचय सम्मलेन का कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित साहू छात्रावास के परिसर में आयोजित की गयी।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा समाज को बुराइयों से बचाना एवं सामाजिक समासता बनाये रखना ही हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है।समाज के सभी लोगों को शिक्षित करना एवं सभी को लेके आगें ब?ना ही समाज रूपी गंगा का मूल उद्देश्य है। व्यक्ति जितना सशक्त होगा समाज उतना ही सशक्त होगा। साथ ही हम सब को अपने अपने घर मे एक फोटो हम सब के आराध्य माँ कर्मा माता का अनिवार्य रूप से पूजा स्थल में रखना चाहिए। उन्होंने समाज मे अनावश्यक खर्चे को रोकते हुए सामुहिक आदर्श विवाह को बढ़ावा देने की बात कही गयी। साथ ही समय के साथ समाज के कुछ रूढ़ीवादी परंपराओं में भी परिवर्तन की बात कही। उन्होंने सामुहिक आदर्श विवाह के तहत विवाह में शामिल 18 नव-दंपत्तियों को आशीर्वाद देतें हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं दिए। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थानेश्वर साहू,संसदीय सचिव सुश्री शकुंतला साहू,बलौदाबाजार विधायक प्रमोद शर्मा सहित झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास,छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह,महासमुंद सांसद चुन्नीलाल साहू,एवं साहू समाज प्रदेशाध्यक्ष अर्जुन हिरवानी,कार्यकारी अध्यक्ष मोती लाल साहू समेत समाज के अनेक प्रतिनिधि एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने समाज द्वारा प्रकाशित हमर पहुना पुस्तक का विमोचन किया गया।

## संभागायुक्त की अध्यक्षता में चयन समिति की बैठक

■ राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी किये जायेंगे पुरस्कृत

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस आयोजित किया जाएगा। मतदाता दिवस के दिन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक प्रोग्रामर पुरस्कृत किये जायेंगे। संभागायुक्त डॉ.संजय अलंग की अध्यक्षता में पुरस्कारों के चयन के लिये आज संभागीय चयन समिति की बैठक संभागायुक्त कार्यालय में आयोजित की गई। चयन समिति में अध्यक्ष के अतिरिक्त कलेक्टर, राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नामांकित अधिकारी एवं उपायुक्त कमिश्नर कार्यालय को सदस्य मनोनीत किया गया है। आज आयोजित बैठक में राज्य निर्वाचन आयोग से उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी दुष्यंत राय, कलेक्टर की ओर से प्रतिनिधि के रूप में अपर कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना एवं उपायुक्त अर्चना मिश्रा बैठक में सम्मिलित हुए। जिलों से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर समिति द्वारा पुरस्कार के लिये नामांकित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक प्रोग्रामर के एक-एक प्रतिभागी का प्रस्ताव तैयार कर राज्य निर्वाचन आयोग में प्रेषित किया जाएगा।

## बिजली बिलों में अनियमितता एवं गड़बड़ी से उपभोक्ता परेशान

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



विधानसभा युवा कांग्रेस मुंगेली के द्वारा शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों के बिजली उपभोक्ताओं को वर्तमान में विभाग द्वारा प्रदान किये जा रहे बिजली बिलों में अनियमितता एवं गड़बड़ी की शिकायतें प्राप्त हो रही थी,जहाँ बिजली बिलों को मीटर रीडिंग से अधिक बिल प्रदान किये जाने एवं समय पर बिजली बिल प्राप्त न होना कम रीडिंग जलने पर अधिक रीडिंग भेज शिकायत करने पर मीटर खराब होना कह उपभोक्ताओं को बार बार जांच के लिए कारवाही किया जाना आदि प्रकार की समस्याए बता परेशान किया जा रहा था। जिसको लेकर युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा इस तरह बार-बार संशोधन कराने एवं फिर से वही रवैया विभाग के बिलों में आने से आम जनता परेशान ही नहीं हलाकान हो चुकी है उक्त समस्याओं के लिए स्पॉट बिलिंग का कार्य होने पर भी सही रीडिंग कर अधिक से अधिक बिल फेक कर चले जाना,एवं शिकायत दर्ज करने पर आम जनता को ही दोषित किया जा रहा है समस्या का समाधान तो नहीं वरन मजाक है।

## 326 कर्मचारियों को लगा कोविशिल्ड का टीका

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

आगामी सप्ताह से जिले के 55 कोविड वैक्सिन सेंटरों में वैक्सिनेशन शुरू होगा , 18 जनवरी को 326 कर्मचारियों को कोविशिल्ड का टीका लगाया जा चुका है । केंद्र शासन के गाईड लाइंस के अनुसार बिलासपुर जिले में कुल 55 को-वैक्सिनेशन सेंटर बनाये गये हैं। लेकिन टीके की शुरुआती दौर होने की वजह से वर्तमान में सिम्स , अपोलो , जिला अस्पताल , दर्रीघट , बिल्हा , मस्तूरी में बने को-वैक्सिन सेंटरों में टीका लगाया जा रहा है । इसकी मुख्य वजह यह है कि यदि टीका लगने के बाद किसी व्यक्ति की तबियत बिगड़ती है या उसका गलत प्रभाव होने पर तत्काल औचक उपचार किया जायेगा। टीका लगने के बाद 30 मिटन तक वैक्सिनेशन सेंटर में आराम कराया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. प्रमोद महाजन ने कहा कि टीकाकरण के दूसरे चरण




में जिले में 7 सौ से अधिक लोगों को टीका लगाया जा चुका है , जो अभी भी जारी है। कर्मचारियों की एक सूची बनाकर उन्हें टीका लगवाने जानकारी दी जा रही है । अगर कोई कारणवश टीका नही लगवाता है तो सूची से उसका नाम काट कर अगली चरण में उसका नाम शामिल किया जाएगा। दरअसल विभाग में ऐसे कई अधिकारी-कर्मचारी है जिनके स्वास्थ्य सम्बंधित कोई न कोई परेशानी लगी रहती है। बुखार डायबटीज या गर्भवस्था वाली महिलाओं को टीका लगाने के निर्देश नही हैं।

### कौन से सेंटर में कितने लगे टीके

| | |
|---|---|
| मस्तूरी में - | 42 |
| दर्रीघाट - | 59 |
| बिल्हा - | 55 |
| सिम्स - | 70 |
| अपोलो - | 62 |
| जिला अस्पताल - | 38 |

## श्रीराम जन्मभूमि समर्पण निधि में व्यापारियों ने भी दिया अंशदान



पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

श्रीराम जन्म भूमि समर्पण निधि में शिवरीनारायण के व्यापारियों ने भी दिए अपना अंशदान । अयोध्या में श्रीरामचन्द्र की भव्य मंदिर निर्माण हेतु समर्पण राशि संग्रहण करने राम भक्तों की टोली लिलाधर सुल्तानिया नगर के वरिष्ठ पत्रकार योगेश शर्मा, पवन सुल्तानिया , नगर पंचायत शिवरीनारायण के अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पार्षद मनोज तिवारी , भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता संतोष अग्रवाल ने 18 जनवरी को शिवरीनारायण में श्री राम जन्म भूमि निधि समर्पण अभियान का शुभारंभ राजेश अग्रवाल के घर से किया जहां पर राजेश अग्रवाल एवं उनके परिवार व्दारा राम भक्तों को विधिवत तिलक लगा कर उनका सम्मान किया और 51 हजार रुपए के समर्पण राशि दिया गया इसके बाद नटवर लाल अग्रवाल जी द्वारा 1 लाख रूपए के समर्पण राशि दिया गया इसी क्रम में दीपक अग्रवाल जी 1 लाख रूपए, शशि राजन केडिया द्वारा 111111 एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रुपए, बिरेन्द्र तिवारी श्याम कलेक्शन द्वारा 1 लाख 1 हजार रूपए, राणीसती एजेंसी संदीप द्वारा 1 लाख रूपये सीताराम शर्मा (लक्ष्मी वस्त्रालय) के द्वारा 1लाख रूपये, हरी सोनी खिलावन सोनी द्वारा 51 हजार रूपये के समर्पण राशि दिया गया इस तरह अभियान के पहले ही दिन राम भक्तों ने शिवरीनारायण में सात लाख रूपए से अधिक समर्पण राशि संग्रहण किए।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण समिति की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर पी.एस. एल्मा की अध्यक्षता में आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में जिला बाल संरक्षण समिति ने बैठक संपन्न हुई। बैठक में उन्होने कहा कि बाल श्रमिक अपशिष्ट संग्राहक भिक्षावृति से लिप्त बालकों का सर्वेक्षण एवं पुनर्वास कार्य गंभीरता से करे। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण में देखरेख एवं संरक्षण वाले बच्चों के रेस्क्यु हेतु तत्काल जिला बाल संरक्षण इकाई को सूचित किया जावे। उन्होने बताया कि बच्चों को बालक कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के प्रावधानों के अनुसार पुनर्वास की प्रक्रिया की जाएगी। इसमें बच्चों की स्वास्थ्य देखभाल, उनके शाला प्रवेश तथा उनकी शिक्षा निरंतर रखे जाने, उनको आश्रय प्रदान किए जाने के उपाय शामिल होंगे। नगरीय प्रशासन विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा उक्त कार्ययोजना के क्रियान्वयन, प्रचारदृप्रसार, बच्चों परिवारों के पुनर्वास, उनके आजीविका के विभिन्न उपायों में सहयोग किया जाएगा। चिन्हांकित बालक तथा उनके परिवारों को कौशल उन्नयन, रोजगार तथा अन्य सहायता की आवश्यकता हो, तो उन्हे शासन की विभिन्न विभागों की प्रचलित योजनाओं के तहत लाभान्वित किया जाए।

उन्होंने सर्वेक्षण कार्य हेतु चाइल्ड लाईन से सहयोग करने कहा गया। उन्होंने बाल देखरेख संस्था में निवासरत बच्चों का परिसर में ही पाक्षिक स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने निर्देशित किया। साथ ही एकीकृत बाल संरक्षण योजना द्वारा किये गए कार्यो का समीक्षा की गई।

### कलेक्टर सिंह ने ली खाद्य विभाग, मिलर्स एसोसिएशन, फ्लोर मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक

## खाद्य पदार्थों के पैकेजिंग में उपयोग होने वाले जूट बारदाने की करें आपूर्ति : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

धान उठाव एवं संग्रहण हेतु बारदाने की आपूर्ति बनाए रखने खाद्य पदार्थों के पैकेजिंग में उपयोग होने वाले जुट बारदनों के उपयोग को अनुमति रा%य शासन द्वारा दी गई है। कलेक्टर भीम सिंह ने इस संबंध में मिलर्स एसोसिएशन व फ्लोर मिलर्स एसोसिएशन की बैठक लेकर उन्हें जुट बारदाने उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर भीम सिंह ने आज सृजन सभाकक्ष में खाद्य विभाग के अधिकारियों, मिलर्स एसोसिएशन, फ्लोर मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने तय



समय पर धान संग्रहण और उठाव पर चर्चा की। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि खाद्य पदार्थों के पैकेजिंग में उपयोग होने वाले जुट बारदनों के उपयोग को अनुमति राज्य शासन द्वारा दी गई है, अतः व्यापारी इन जुट बारदानों की आपूर्ति करें। विभाग के अधिकारियों और मिलर्स एसोसिएशन के आपसी सामंजस्य और सहयोग से ही शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। इस दौरान कलेक्टर ने धान खरीदी से संबंधित लक्ष्य की जानकारी खाद्य विभाग के अधिकारियों से ली। उन्होंने कहा कि अभी तक 85 प्रतिशत धान खरीदी हो चुका है। आने वाले दिनों में 15 प्रतिशत की खरीदी पूरी की जायेगी।

इस दौरान कलेक्टर ने मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों को बारदाना के पर्याप्त स्टॉक रखने और डीओ के साथ आबंटित लक्ष्य अनुसार बारदाने अगले तीन दिनों के भीतर समितियों को भेजने के निर्देश दिए। साथ ही माह जनवरी का भण्डारण कर वितरण किया जा रहा है एवं फरवरी के पीडीएस का खाद्यान्न का अग्रिम भण्डारण किया जा रहा है उसे भी तत्काल वितरण कर धान खरीदी हेतु जमा कराये जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में उप संचालक सहकारी संस्थाएं, समिति प्रबंधक मार्कफेड सहित खाद्य विभाग के अधिकारी और मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### धान संग्रहण क्षमता बढ़ाने की गई बात

धान उपार्जन समिति के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जिले में धान संग्रहण केन्द्र की क्षमता को बढ़ाने की मांग की। जिससे धान के उठाए में तेजी आएगी। इस पर कलेक्टर भीम सिंह ने तत्काल मंत्रालय में बात कर संग्रहण क्षमता बढ़ाने का आग्रह किया, जिस पर जल्द ही सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन उच्च अधिकारियों से मिला।

## गोठानों को मल्टीयूटीलिटी सेंटर के रूप में किया जाएगा विकसित

■ मुख्यमंत्री जनदर्शन के लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के दिये निर्देश : कलेक्टर एल्मा

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर पी.एस. एल्मा ने कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होने समय सीमा के प्रकरणों के निराकरण के संबंध में अधिकारियों से वन-टू-वन जानकारी प्राप्त की और संबंधितों को आवष्यक निर्देष दिये। उन्होने कहा कि गोठानों को मल्टीयूटीलिटी सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा। इस हेतु उन्होने मॉडल गोठानों में डबरी निर्माण की बात कहीं। उन्होने डबरी में मछली पालन, बतख पालन



के अलावा डबरी के मेड पर बकरी पालन सहित अन्य रोजगार मूलक कार्य प्रारंभ करने की बात कहीं। जिसके माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा। उन्होने कहा कि जिले के प्रत्येंक विकास खण्ड में पांच-पांच गोठानों को मॉडल गोठान के रूप में स्थापित किया गया है। इन गोठानों में गोवंशीय पशुओं की देखरेख एवं संरक्षण और स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा जैविक खाद का निर्माण किया जा रहा है। बैठक में कलेक्टर श्री एल्मा ने मुख्यमंत्री जनदर्षन के तहत प्राप्त और निराकृत आवेदन पत्रो के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होने मुख्यमंत्री जनदर्षन के प्रकरणों के लंबित होने पर अपनी गहरी नाराजगी व्यक्त की और लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री डेक्स बोर्ड एप्पीकेशन को प्रतिदिन अपडेट करने तथा मुख्यमंत्री भूपेष बघेल की संभावित आगमन को देखते हुए उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की और संबंधित अधिकारियों को निर्देष दिये। बैठक में कहा गया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित होगा।

# चुनौतियों के बीच जारी है धान खरीदी का सफर गढ़ते रहेंगे किसानों के हक में उन्नति के शिखर

बीते दौर में वर्ष 2017-18 में हुई थी **56.88 लाख मीट्रिक टन** धान खरीदी

नए दौर में वर्ष 2020-21 में अब तक हो चुकी है **78.50 लाख मीट्रिक टन** धान खरीदी




## बीते दौर से 38% अधिक धान खरीदी हो चुकी अब तक

## नए दौर में नए कीर्तिमान

















श्री भूपेश बघेल
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## सेवा-जतन-सरोकार, छत्तीसगढ़ सरकार

संवाद- 27560/109


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403